अहंकारविमूढात्मा कर्ताहमिति मन्यते ॥
इत्यहंकारदोषं,
'यततो ह्यपि कौंतेय पुरुषस्य विपश्चितः।
इन्द्रियाणि प्रमाथीनि हरंति प्रसभं मनः ॥'
इतीन्द्रियप्राबल्यं,
'असंशयं महाबाहो मनो दुर्निग्रहं चलम् ॥
इति तादृशप्राबल्यं इन्द्रियांतरेभ्यो मनसः प्राधान्यं च प्रादर्श-

---

में अवतार लेता हूं।'
ऐसा अवतार प्रयुक्त अपने सौलभ्य को,
'संपूर्ण प्राणियों के विषय में मैं समान हूं, मेरे को प्रिय और अप्रिय कोई नहीं।'
इस तरह आप को सब ही आश्रयण कर सकते हैं, इस समता को भी,
'प्रकृति के सत्त्व रज तमोगुणों से किये जानेवाले संपूर्ण कर्मों के प्रति अहंकार से मोहित यह चेतन मैं करता हूं ऐसा मानता है।'
इस प्रकार अहंकार के दोष को,
'यह बुद्धिमान् चेतन इंद्रियों को रोकनेका यत्न करनेपर भी इंद्रियगण मन का मथन कर बलात्कार से अपने वश कर लेते हैं।'
इस प्रकार इंद्रियों के प्रावल्य को,
'हे अर्जुन ? चंचल मन को रोकना अशक्य है इसमें संशय नहीं।'
ऐसा इंद्रियों की अपेक्षा मन की प्रबलता को दिखाये हैं। ऐसा आश्रयण

यदित्याश्रयणविरोधिनः,

'तानि सर्वाणि संयम्य युक्त आसीत मत्परः ।
वशे हि यस्येन्द्रियाणि तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता ॥'

इति च

'यतो यतो निश्चरति मनश्चञ्चलमस्थिरम् ।
ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येव वशं नयेत् ॥'

इत्याश्रयणोपकरणबाह्याभ्यंतराणां करणानां स्वाधीनत्वेन नियमनप्रकारं,

'चतुर्विधा भजंते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन ।
आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ ॥'

इत्याश्रयणाधिकारिणां चातुर्विध्यं,

'द्वौ भूतसर्गौ लोकेऽस्मिन् दैव आसुर एव च ।

विरोधियों को

'उन इंद्रिय और मन को रोक कर हमारे विषय में लगाना चाहिये, जिस के वश में इंद्रिय हैं उसका ज्ञान स्थिर होता है ।'

'चंचल अत एव अस्थिर मन जिस जिस विषय में चरता है उस उस विषय से रोक आत्मा के वश लाना चाहिये ।'

ऐसा आश्रयणोपकरण बाह्य और आंतर इंद्रियों को अपने वश में लानेके प्रकार को ,

'हे अर्जुन ! आर्त (नष्ट धन को चाहने वाला) जिज्ञासु (आत्माको चाहने वाला) अथार्थी (नूतन ऐश्वर्य को चाहने वाला) और ज्ञानी (हमें चाहनेवाले) ये चारों सुकृतिलोग हमारा भजन करते हैं ।'

ऐसा आश्रयण करने वाले अधिकारियों का चार प्रकार को ,

'इस लोक में देवप्रकृति आसुर प्रकृति नाम से दो प्रकार प्राणियों की सृष्टि होती है, देव प्रकृति (दैवी संपत) मोक्ष के लिये होती है आसुर प्रकृति (आसुरी

देवी सम्पद्विमोक्षाय निबंधायासुरी मता ॥'

इति स्वाज्ञानुवर्तनपरा देवास्तदतिवर्तनपरा असुरा इति देवासुरविभागं,

'हंत ते कथयिष्यामि दिव्याह्यात्मविभूतयः ।
प्राधान्यतः कुरुश्रेष्ठ नास्त्यंतो विस्तरस्य मे ॥

इत्यारभ्यास्यां विभूतौ समस्तपदार्थानां वाचकशब्दानां स्वपर्यंतपर्यवसानप्रकारं, एतत्सर्वं स्वप्रकारत्वेन स्वीकृत्य व्याप्य स्थितिप्रकारं,

'दिव्यं ददामि ते चक्षुः पश्य मे योगमैश्वरम्।'

इति दिव्यचक्षुर्दत्वा,

'पश्यामि देवांस्तव देव देहे
सर्वांस्तथा भूतविशेषसंघान्।
ब्रह्माणमीशं कमलासनस्थ-
मृषींश्च सर्वानुरगांश्च दिव्यान् ॥'

संपत्) संसार के लिये होती है ।'

अपनी आज्ञाऽनुवर्तन करने वाले देवता हैं और आज्ञा उल्लंघन करने वाले असुर हैं इस प्रकार देवासुर विभाग को,

'हे कुरुश्रेष्ठ ! हमारी विस्तृत विभूति का अंत नहीं है इस लिये प्रधान और शुभ विभूतियों को मैं कहूंगा ।'

ऐसा आरंभ कर इस विभूति में समस्त पदार्थों का वाचक शब्द हम में पर्यवासन होते हैं, शरीर भूत इन विभूतियों में अपने व्याप्ति प्रकार को,

'तुम को दिव्य चक्षु देता हूं हमारी नियमनशक्ति को देखो' इस तरह दिव्य चक्षु को देकर,

'हे देव ! आप के देह में संपूर्ण देवताओं, समस्त प्राणिसमूह तथा चतुर्मुख ब्रह्मा, ब्रह्मा के गोद में बैठे हुए महादेव को देदीप्यमान सब ऋषियों और

इत्यादिना स्वविश्वरूपं दृष्ट्वा यथा वदेत्तथा कृतत्वात्– स्वानुग्रहविषयाणां दिव्यज्ञानं दत्त्वा स्वप्रकारान् प्रदर्शयतीत्यमुमर्थं,

'मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु।
मामेवैष्यसि युक्त्वैवमात्मानं मत्परायणः ॥'

इत्येवं स्थितपरत्वसौलभ्ययुक्तस्वचरणप्राप्तिरूपपरमपुरुषार्थस्योपायभूतां कर्मज्ञानरूपांगसंहितां भक्तिं,

'मामेव ये प्रपद्यंते मायामेतां तरंति ते।'
'तमेव चाद्यं पुरुषं प्रपद्ये'
'तमेव शरणं गच्छ सर्वभावेन भारत।'

इति तादृशं भक्त्यंगप्रपत्तिं, चरमश्लोकेन तादृशभक्तौ दुष्करत्वादीनि ज्ञात्वा शोचतां सुकरः स्वरूपानुरूपोपायः प्रपत्तिरित्यर्थं च स्वयमेव ज्ञापयामास। एवमज्ञातानामर्थानां सर्वेषां ज्ञापनात् आचार्यकृत्यमारोपितवानित्युच्यते।

देदीप्यमान सर्पों को मैं देखता हूं।'

इत्यादि से अपने विश्वरूप को देखकर कहें जैसा करनेसे अपने भक्तों को दिव्यज्ञान दे अपने प्रकारों को दिखाते हैं, इसबात को,

'हमारे विषय में मन लगाओ हमारे भक्त बनो हमारी आराधना करो और हमारे को नमस्कार करो इस प्रकार आत्मा को हमारे अधीन कर आश्रयण करोगे तो हमारे को ही प्राप्त होओगे।'

इस प्रकार परत्व और सौलभ्य युक्त अपने चरणारविंदों में प्राप्ति रूप परम पुरुषार्थ के उपायभूत कर्म ज्ञान सहित भक्ति को,

'हमारे ही शरण में आने वाले इस माया को तरते हैं।'

'उस आदि पुरुष को ही आश्रयण करता हूं।'

हे अर्जुन! संपूर्ण भावसे उस परमात्मा के ही शरण जाओ, इस रीति से भक्त्यंग प्रपत्ति को, चरम श्लोक से उस भक्तिरूप उपाय करने को अशक्य समझ कर शोचने वालों को सहज और स्वरूपानुरूप उपाय प्रपत्ति ही है इस

अथ पुरुषकारकृत्यं च शरण्यस्य न भवति किंतु लक्ष्म्याः कृत्यं ।

'मत्प्राप्तिं प्रति जंतूनां संसारे पततामधः ।
लक्ष्मीः पुरुषकारत्वे निर्दिष्टा परमर्षिभिः ॥
ममापि च मतं ह्येतन्नान्यथा लक्षणं भवेत् ।'

इत्यादिभिरमुमर्थं भगवच्छास्त्रेषु स्वयमेवावोचत् ।

अस्य तत्वज्ञानादीनामुत्पादनीयत्वादाचार्यकृत्यमारोपितवान् पुरुषकारकृत्यारोपणं किमर्थमंगीकारे को दोष इति चेत्— अंगीकारस्यास्याप्यवश्यापेक्षितत्वात् । तथाहि—अस्योपायस्य पुरुषसापेक्षतेव पुरुषकारसापेक्षताप्यस्ति । एतदुभयसापेक्षता चोपायवरणरूपे पूर्ववाक्ये प्रथमचरमपदयोर्द्रष्टव्या । श्रीशब्देन

बातको भी स्वयं श्रीकृष्णनें अर्जुन को जनाया हैं ।

इस तरह अज्ञात सब अर्थों को जनानेसे आचार्य कृत्य को आप ही भगवानने किया है ।

अनंतर पुरुषकार कृत्य रक्षक भूत सर्वेश्वर का नहीं किंतु लक्ष्मीजी का कृत्य है—

'संसार में अधः पतित प्राणियों को हमारी प्राप्ति के लिये लक्ष्मीजी पुरुषकार हैं ऐसा परमर्षि लोग दिखाये हैं हमारा भी वही मत है और दूसरा इस का लक्षण नहीं है ।'

इत्यादि से लक्ष्मीजी पुरुषकार हैं इस प्रकार पांचरात्र में भगवान ही कहे हैं ।

अर्जुन को तत्वज्ञानोत्पादन करने के लिये आचार्य कृत्य को अपने ऊपर श्रीकृष्णने लिया परंतु पुरुषकार कृत्य को अपने ऊपर लेनेका प्रयोजन क्या ? बिना पुरुषकार अंगीकार क्यों नहीं किया इस शंका में कहते हैं— अंगीकार करने के लिये पुरुषकार की आवश्यकता है इस उपाय को जैसे पुरुषकी अपेक्षा है, वैसे ही पुरुषकार की अपेक्षा भी है, इन दोनों की आवश्यकता तो उपाय

पुरुषकार उत्तमेनाधिकार्युच्यते। तस्माच्चेतने स्वस्योपायत्वेनाश्रयणसमये स्वापराधभयेन लक्ष्मीं पुरुषकारत्वेन पुरस्कुर्वति, तस्यामेतदपराधनिबंधनं स्वहृदये कोपं दूरीकृत्य घटयंत्यां, स्वीकारस्यौचित्ये तथा विनैतदपराधनिबंधनं स्वहृदयकालुष्यं स्वयं विहायास्यांगीकारात्, तस्यापि करणसमयेऽर्थित्वनिरपेक्षं कृतत्वात्पुरुषकारकृत्यं च स्वयमेवारोपितवानित्युच्यते।

अथोपायकृत्यस्य स्वासाधारणत्वेपि स्वस्मिन्नारोपितमित्युक्तिः–'त्वमेवोपायभूतो मे भव' इत्यस्मिन्प्रार्थयति स्वस्य कार्यकरणमुचितम्, एवं च सति अहमेवास्योपायः सन्ननिष्टनिवृत्यादिकं कुर्यामिति स्वयमेव विचार्य 'मामेकं शरणं व्रज' सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि' इत्युक्तत्वात्। अन्यथा उपायोपेयत्वे

स्वीकार रूप द्वयमंत्र के पूर्ववाक्य में प्रथम और चरम पदों से देख सकते हैं

श्रीशब्द से पुरुषकार को प्रपद्ये इस उत्तम पुरुष से अधिकारी को भी कहते हैं इस कारण चेतन ईश्वर को उपायतया आश्रयण करने के समय अपने अपराध के भयसे लक्ष्मीजी को पुरुषकारतया आगे करनेसे वह लक्ष्मी चेतन के अपराध से हुआ ईश्वरके कोप को शांत कर मिलावे तो ईश्वर स्वीकार करते हैं इस क्रम को छोडकर चेतन के अपराधानुसार अपने हृदय के कालुष्य को आप ही क्षमा कर इसको अंगीकार किये हैं ऐसा करने के समय चेतन की प्रार्थना के बिना स्वयं करने से पुरुषकार कृत्य को आप ही अपने ऊपर लिया है।

अनंतर उपाय कृत्य अपना ही होते हुए उस कृत्य को अपने ऊपर लेना माने—'हमारा उपाय आप ही होओ' ऐसा इस चेतन के प्रार्थना करनेपर ईश्वर को कार्य करना उचित है इस प्रकार न कर हम ही इस चेतन का उपाय हो अनिष्ट निवृत्ति आदि को करेंगे ऐसा अपने ऊपर लेना।

'हम ही को उपाय मानो सब पापों से तुम को मुक्त करूंगा' इस उक्ति से जान सकते हैं।

तदिह तव तत्वं नतु गुणौ' इत्युक्तस्योपायकृत्यमागंतुकं न भवति, उभयलिंगाविशिष्टत्वादुपायोपेयत्वमुभयमपि स्वतः सिद्धं खलु वर्तते। केचिदुपेयभूतस्य स्वस्योपायकरणादुपायकृत्यमारोपितमित्युच्यत इत्याहुः,तत्क्षीरस्यौषधवत् अस्योपायभवनस्थले सर्वत्र विद्यत इत्यर्जुनस्येदानीमसाधारण्येन कृतत्वाभावात् उपायमिति वस्तु निर्दिश्य तद्वैभवस्योक्तिप्रकरणत्वाच्चात्रानुचितम्। अतः पूर्वोक्त एवार्थः।

आचार्यकृत्यारोपणविषये—

'कार्पण्यदोषोपहतस्वभावः
पृच्छामि त्वां धर्मसंमूढचेताः।
यच्छ्रेयः स्यान्निश्चितं ब्रूहि तन्मे
शिष्यस्तेहं शाधि मां त्वां प्रपन्नम्॥'

'उपायभाव और उपेयभाव आपके स्वरूप हैं गुण नहीं' इस प्रकारके कहे जानेवाले ईश्वरके उपाय कृत्य आगंतुक नहीं है उभय लिंग विशिष्टता से उपायत्व और उपेयत्व ये दोनों स्वतः सिद्ध हैं।

अ:वा उपेयभूत आप को उपाय करनेसे उपाय कृत्य अपने ऊपर लिये हैं ऐसा भी अर्थ करते हैं। यह अर्थ दूध जैसे औषध होता है तैसे यह परमात्मा सर्वत्र उपायभूत होनेसे, अर्जुन के लिये उस वखत विशेषपूर्वक नहीं किया हुआ होनेसे 'उपाय' ऐसा इस वस्तु को निर्देश कर उस का वैभव कहनेका प्रकरण होनेसे इस स्थल में उचित नहीं। इस कारण पहिले कहा अर्थ ही ठीक है।

आचार्य कृत्य को अपने ऊपर लेनेपर—

'कृपारूप दोष द्वारा मैं मेरे स्वभाव से अलग हो धर्म के विषय में मोहित चित्तवाला हो आप से पूंछता हूं, जो हम को श्रेय हो वह आप निश्चय कर कहिये, मैं आप का शिष्य और प्रपन्न हूं, हमें आप शासन कीजिये' ऐसा अर्जुन की

इत्यस्यार्थित्वेनान्यकृत्यस्य स्वस्मिन्नारोपितत्वमात्रस्य विवक्षितत्वात्, पुरुषकारकृत्यारोपणविषयेऽन्यकृत्यारोपणस्य तत्रार्थित्वनिरपेक्षितत्वस्य च विवक्षितत्वात्, स्वकृत्यारोपणविषयेऽर्थित्वनिरपेक्षत्वमात्रस्य विवक्षितत्वाच्चारोपितेत्यस्य कृत्यत्रये च यथायोगमन्वयः कार्यः ।

आचार्येऽज्ञातज्ञापनं कुर्वति लक्ष्म्यां पुरुषकारे सति स्वमुपायत्वेन स्वीकुर्वतोऽनिष्टनिवृत्त्यादिकरणस्यौचित्ये एतेषां सर्वेषां स्वोपर्यारोपणं वैभवः खलु । 'आरोपितत्वान्महाभारते उपायवैभव उक्त' इति आरोपणस्य प्रतिपादितत्वादुक्त इत्यर्थः ।

उभयसाधारणवैभवः ।

एवं पुरुषकारोपाययोरुभयोरसाधारणवैभवमवादीत् । अथोभयसाधारणवैभवमाह—पुरुषकारस्येत्यादिना ॥

प्रार्थना करनेपर आचार्य कृत्य को अपने ऊपर लिया यही कहनेका अभिप्राय है, पुरुषकार कृत्य को अपने ऊपर लेनेपर अन्य कृत्य को अपने ऊपर लेना, और उसका विना प्रार्थना किये अपने ऊपर लेना भी विवक्षित होनेसे, अपने कृत्य को अपने ऊपर लेनेपर विना प्रार्थना ही लिये हैं यह अर्थ विवक्षित होनेसे, 'आप ही अपने ऊपर लेनेसे' यह तीनों कृत्यों में यथोचित अन्वय होता है ।

आचार्य के अज्ञात ज्ञापन करनेपर, लक्ष्मीजी पुरुषकार करनेपर यह चेतन ईश्वर को उपायतया आश्रयण करता है तो इस चेतन के अनिष्ट को दूर कर और इष्ट प्रदान करना उचित है ऐसा न कर आप ही तीनों कृत्यों को अपने ऊपर लेना वैभव ही है । इस विषय को प्रतिपादन करनेसे महाभारत में उपाय वैभव कहा गया ।

पुरुषकार और उपाय इन दोनों का साधारण वैभव ।

इस प्रकार पुरुषकार और उपाय दोनों के असाधारण वैभव कहा गया । अब दोनों के साधारण वैभव को कहते हैं—

पुरुषकारस्योपायस्य च वैभवो नाम—
दोषं गुणहानिंच दृष्ट्वा अनुपेक्षणमात्रं विनां-
गीकारस्य तयोरेवोपदात्वेन स्वीकारः॥ १८॥

तत्तदसाधारणवैभवस्य कथनात्पुरुषकारस्योपायस्य च पृथगुपादानमकरोत् प्राक्, अस्य वैभवस्योभयसाधारणत्वात्पुरुषकारस्योपायस्य च तंत्रेणोपादानं करोत्यत्र। उभयोरप्यसाधारणवैभवकथनस्थलेषु 'उभावपि वशीकरोति' इत्यादिना शाब्दं पुरुषकारस्वरूपं, 'उपायकृत्यस्य स्वेनैवारोपितत्वात्' इत्यादिना अर्थादुपायस्वरूपं चोक्तम्। अत्रोभयस्वरूपकथनपूर्वकं वैभवमाह—दोषं गुणहानिं च दृष्ट्वाऽनुपेक्षणमात्रं विनांगीकारस्य तयोरेवोपदात्वेन स्वीकार इति। दोषोऽकृत्यकरणा

उत्कर्षः साधनस्यास्य तथा पुरुषकारतः।
यद्दोषं गुणहानिं च दृष्ट्वापि जीवमत्यजन्।
अपि स्वीकारकरणे तत्रोपायनकल्पनम्॥१८॥

पुरुषकार और उपाय का वैभव माने—दोष और गुणहानि को देख उपेक्षा न कर अंगीकार करनेके लिये उन को ही भेंट मनना॥ १८॥

उस उस के साधारण वैभव कहनेसे पुरुषकार और उपाय को पृथक् पृथक् लेकर कहे हैं, अब इस सूत्र में दोनों के साधारण वैभव को कहनेसे 'पुरुषकार' ऐसा इकट्ठा लेते हैं, दोनों के असाधारण वैभव कहनेके स्थल में 'दोनों को वश करना' इत्यादि से शाब्दतया पुरुषकार स्वरूप, और 'उपायकृत्य को आप ही अपने ऊपर लेनेसे' इति आर्थतया उपाय स्वरूप भी कहागया। यहां उभय स्वरूप कथन पूर्वक वैभव को कहते हैं— दोष इत्यादि। दोष माने— अकृत्य करणादि निषिद्धानुष्ठान गुणहानि माने— विहित को न करना इन दोनों को

दिनिषिद्धानुष्ठानं, गुणहानिर्विहिताकरणम् । एतद् द्वयमपि 'मनोवाक्कायैः' इत्यादिचूर्णिकया भाष्यकृदवोचत्॥

इदं कुर्विदं माकार्षीरिति विधिनिषेधात्मकं शास्त्रं भगवदाज्ञारूपं खलु वर्तते-- 'श्रुतिस्मृतिर्ममैवाज्ञा' इति स्वेनैवोक्तम् । एवंभूते शास्त्रे निषिद्धस्यानुष्ठानं विहितस्याननुष्ठानं च हि— अनादिकालं 'क्षिपामि' 'न क्षमामि' इति भगवन्निग्रहविषयतायाः कारणम् । एतद् द्वयमपि दृष्ट्वाऽनुपेक्षणमात्रं विनेति-आश्रयणोन्मुखचेतनगते एतद् दृष्ट्वायं माभूदितीममपरित्यज्यांगीकारमात्रं विनेत्यर्थः ।

अंगीकारस्य तयोरेवोपदात्वेन स्वीकारो नाम—एवंभूतदोषगुणहान्योरेवांगीकारोपयुक्तोपहारत्वेन स्वीकारः ।

अनुपेक्षणस्य हेतुर्दयाक्षांती। उपदात्वेन स्वीकारहेतुर्वात्सल्यम् । गोमूत्रादियुक्तस्थले तृणमनश्नंती गौर्योनिनिष्क्रांतस्य

'मन वचन और काय से' इत्यादि चूर्णिका से श्रीरामानुजस्वामीजी कहे हैं ।

'इस को करो' 'इस को मत करो' ऐसा विधि निषेध स्वरूप शास्त्र भगवान का आज्ञा रूप है । 'श्रुति और स्मृति हमारी ही आज्ञा है' ऐसा प्रभु आप ही कहे हैं । एवं भूतशास्त्र में निषिद्ध को कर विहित को न करना ही अनादि काल 'क्षिपामि' 'न क्षमामि' ऐसा भगवन्निग्रह का विषय होनेका कारण है । 'इन दोनों को देख उपेक्षा न कर' माने— आश्रयणोन्मुख चेतन गत इन दोनों को देख 'यह चेतन हम को नहीं चाहिये' ऐसा कह उसे परित्याग न कर केवल अंगीकार करना मात्र नहीं प्रत्युत उन दोष और गुणहानि को उपहार समझना ।

उपेक्षा न करनेके हेतु दया और क्षमा हैं । भेंट समझनेका हेतु वात्सल्य है । गोमूत्रादि लगा हुआ स्थल में घास न खाने वाली गौ अपने योनिप्रदेश से निकला हुआ वत्स का ऊपरके मलको भोग्यतया जैसे आदर से चाटती है वैसा

वत्सस्य शरीरे हेयद्रव्यविशेषं यथा भोग्यत्वेन स्वीकरोति तथाविधो गुणः। एतद्गुणसदृशो न कश्चिद्गुणः। अत एव 'असदृशो गुण' इति परांकुशैरुक्तम्। भाष्यकृदपि 'अपारकारुण्यसौशील्यवात्सल्य' इति गुणांतरैः सहोक्तैतद्गुणव्याप्तिज्ञापनार्थं पुनः 'आश्रितवात्सल्यैकजलधे' इत्यवोचत्। इदं च वात्सल्यं मातृत्वसंबंधेनेश्वराल्लक्ष्म्यामतिशायितम्। अत एवोभावपि स्वयमंगीकारसमयेऽस्य चेतनस्य दोषगुणहानिमुपदात्वेन स्वीकुर्वत इति भावः।

एवं पुरुषकारोपायौ दोषगुणहानिनिवृत्तेः पूर्वं किमित्यंगीकुरुतः तन्निवृत्त्यनंतरमंगीकर्तव्य इति तिष्ठतश्चेत् किं स्यादित्यत आह- उभयमपीत्यारभ्य।—

आश्रितों के दोष को भगवान भोग्यत्वेन स्वीकार करते हैं। इस गुण के सदृश और कोई गुण नहीं। इस कारण से ही 'सदृश रहित गुणवान्' ऐसा श्रीशठकोपसूरिजी कहे हैं। श्रीरामानुजस्वामीजी भी 'अपार कारुण्य सौशील्य वात्सल्य' ऐसा और गुणों के साथ वात्सल्यगुण को कह 'आश्रितवात्सल्यैकजलधे' ऐसा पृथक् वात्सल्यगुण की प्रसंशा किये हैं। यह वात्सल्य गुण मातृत्व संबंध से ईश्वर की अपेक्षा लक्ष्मी में अधिकतया रहता है। इस कारण दोनों अपने अपने अंगीकार करनेके समय इस चेतन के दोष और गुण हानि को भेंट समझकर अंगीकार करते हैं।

इस प्रकार पुरुषकार और उपाय दोष और गुणहानि के रहते हुए अंगीकार क्यों करते हैं? वह दोनों निवृत्त होनेपर ही अंगीकार करेंगे ऐसा समझकर रहेंगे तो कौन दोष होगा? इस आकांक्षामें कहते हैं—

उभयमप्युभयमपि निवृत्तं स्यादिति तिष्ठति
यदि—उभयोरप्युभयमपि प्रसज्येत् ॥१९॥

उभयमपीति– पुरुषकारोपायौ। उभयमपि निवृत्तं स्यादिति स्थितिर्नाम– एतदंगीकारसमये एतद्दोषगुणहान्योर्निवृत्तावंगीकार्य इति विचार्याश्रयणोन्मुखमेनमनंगीकृत्य स्थितिः। एवं स्थितावुभयोरप्युभयोरपि प्रसंगो नाम– पुरुषकारस्योपायस्य च दोषगुणहान्योरुभयोरपि प्रसंगः। तथा हि– दोषस्य प्रसंगो नाम—

'त्वं माता सर्वलोकानां देवदेवो हरिः पिता।'

'अखिलजगन्मातरं' 'पितासि लोकस्य चराचरस्य' इत्युक्तप्रकारेण सकलचेतनानां च निरुपाधिकमाता।पितृत्वादेतच्चेतनस्य

दोषस्य गुणहानेश्च निवृतिः स्यादिति स्थितौ ॥
उभयत्र प्रसज्येत गुणहानिश्च दूषणम् ॥१९॥

दोनों दोनों निवृत्त हो ऐसा मानने पर दोनों को दोनों होयंगे ॥ १९ ॥

दोनों माने—पुरुषकार और उपाय। दोनों निवृत्त हो ऐसा रहने पर माने—इस चेतन को अंगीकार करनेके समय इस का दोष और गुणहानि ये दोनों निवृत्त होना चाहिये ऐसा समझकर आश्रयण उन्मुख इस चेतन को अंगीकार न करना। ऐसा रहनेपर दोनों को दोनों होयंगे माने—पुरुषकार और उपाय ये दोनों को दोष और गुणहानि दोनों होना। यह कैसे इस आकांक्षा में कहते हैं–

दोष का होना माने–

'आप सबलोगों की माता और देवदेव हरि पिता हैं' 'अखिलजगन्माता को' 'लोक का पिता हो' इस वचनानुसार सकल चेतनों के निरुपा-

गुणदोषौ यथा स्वीयौ स्यातां तादृशसंबंधे सति चेतनदोष-
गुणहानी दृष्ट्वांगीकाराकरणात्तादृशसंबंधस्य हानिप्रसंगः।
गुणहानिप्रसंगो नाम एतद्दुःखं दृष्ट्वा कृपाऽकरणाद् दोषस्य
भोग्यत्वेन स्वीकाराभावाच्च कृपावात्सल्यादीनां हानिप्रसंगः।

अथवोभयमपि प्रसज्येदित्यत्र दोषगुणहानी नाम— अकृत्य-करणं, कृत्याकरणं च। पुरुषकारस्याकृत्यकरणं-- ईश्वरोऽपि यथा-दोषं न पश्येत् तथा कुर्यात्‌ दोषनिवृत्तिं विना नांगीकुर्यामि-ति स्थितिः। कृत्याकरणं नाम-- एतद्दोषादिकमदृष्ट्वैवैनं स्वी-कृत्येश्वरेण घटयितृत्वस्य स्वकृत्यस्याकरणम्। ईश्वरस्याकृत्य-करणम्-- संसारिचेतनानां दोषं दृष्ट्वाऽपरित्यज्य स्वाभावि-कसंबंधहेतुनाऽद्वेषमारभ्योत्पादयितुं परिवार्य संचरतः सर्वभूत-

---

िक माता और पिता होनेसे इस चेतन का सत्कर्म असत्कर्म दोनों अपने ही हों जैसा संबंध रहनेपर इस चेतन के दोषादि को देख अंगीकार न करनेसे तादृश निरुपाधिक संबंध की हानि होगी। गुणहानि होना माने— इस चेतन के दुःख को देख दया न करनेसे, इसके दोष को भोग्यतया स्वीकार न करनेसे कृपा वात्सल्य आदि गुणों की हानि होना।

अथवा दोष और गुणहानि माने—अकृत्य को करना और कृत्य को न करना। पुरुषकार का अकृत्यकरण माने—ईश्वर से भी दोष को छिपानेवाली और दोषादि के निवृत्त न होनेपर अंगीकार न करूंगी ऐसा मानकर रहना। कृत्याकरण माने—इस चेतन के दोषादि को न देख स्वीकार कर ईश्वर के साथ मिलाना इस अपने कृत्य को न करना।

ईश्वर का अकृत्यकरण माने—संसारी चेतनों की नीचता को देख न छोड़ स्वाभाविक संबंध रूप हेतु से अद्वेषादि गुणों को उत्पादन करने को सन्मुख घेरते हुए संचार करने वाले सर्वभूत सुहृद् आप के इस चेतन को अंगीकार

सुहृदोऽस्यैतच्चेतनांगीकारसमय एतद्दोषादिनिवृत्तिं विना नांगीकुर्यामिति स्थितिः। कृत्याकरणं नाम–एतद्दोषादिकमदृष्ट्वांगीकृत्य स्वकृत्यानिष्टनिवृत्त्याद्यकरणम् ।

इदं च चेतनस्योक्ताकृत्यकरणादिवत् शास्त्रमवलंब्य नोच्यते,एतत्स्वभावपर्यालोचनयोक्तम् ।

यद्यपि विमुखानामपि दोषगुणहानी उपदात्वेन स्वीकृत्यांगीकारस्वभाववतोरभिमुखचेतनानामंगीकारसमये दोषादिनिवृत्तिः स्यादिति स्थितेरेव प्रथमतोऽसंभावितत्वादेतत्प्रसंगस्यावकाशो नास्ति,तथाप्येतदर्थतत्त्वानभिज्ञानामाश्रयणोन्मुखचेतनगतदोषगुणहानी निवर्तनीये इति स्थितिं विना ताभ्यां सहांगीकार एतयोरवश्यकरणीय इति ज्ञापनायैवमुक्तम् ।

करनेके समय इस के दोषादि निवृत्त न होनेसे अंगीकार न करूंगा ऐसा समझ रहना ।

ईश्वर का कृत्याकरण माने—इस चेतन के दोषादि को न देख इस को स्वीकार कर स्वकृत्य रूप अनिष्ट निवृत्त्यादि न करना ।

यह चेतन के विषय में कहा हुआ अकृत्य करणादि के सदृश शास्त्र दृष्टि से नहीं कहा जाता है परंतु लक्ष्मीनारायण के स्वभाव को देखकर कहे है। विमुख चेतनों के भी दोष और गुण हानि को भेंट मानकर स्वयं स्वीकार करनेके स्वभाव वाले इन दोनों को, अभिमुख चेतनों के अंगीकार करनेके समय दोषादि निवृत्त हो ऐसा रहना असंभव होनेसे इन दोनों में दोष और गुणहानि आनेका अवकाश नहीं। तथापि ऐसा कहना– इस अर्थ स्वभाव के न जाननेवाले चेतनों को आश्रयणोन्मुख चेतनगत दोष और गुणहानि निवृत्तहोना चाहिये ऐसा न रह उन दोष और गुणहानि के साथ ही अंगीकार करना इन दोनों के अवश्य कर्तव्य है–ऐसा जनानेके लिये ।

उभयमपि निवृत्तमिति स्थिता-
वस्योभयमपि प्रसज्येत् ॥२०॥

एवं दोषादिनिवृत्तिं विना नांगीकुर्यावेति तिष्टतो यदि त-योस्तदुभयप्रसंगः स्यादित्युक्त्वा दोषादिनिवृत्त्यनंतरं खलु मा-मंगीचकारेति स्थितावस्योभयमपि प्रसज्येदित्याह– उभयमपि निवृत्तमित्यादिना ।

उभयमपि निवृत्तमिति स्थितिर्नाम— एतावत्कालपर्यंतं मामनंगीकृत्येदानीमंगीचक्रतुर्दोषादिनिवृत्तेरेव हि तस्मान्मम ते निवृत्ते इत्यनुसंधाय स्थितिः । एवं स्थितावस्योभयोः प्रसंगो नाम—अकृत्यकरणस्य कृत्याकरणस्य च प्रसंगः । तथा हि–

दोषस्य गुणहानेश्च निवृत्तिर्मेऽस्ति चेतने ॥
स्थिते सति प्रसज्येत गुणहानिश्च दूषणम् ॥२०॥

इस प्रकार दोषादि नष्ट न होनेपर अंगीकार न करेंगे ऐसा रहै तो लक्ष्मी और नारायण को दोषादि होवेंगे ऐसा कह अनंतर चेतन दोषादि न होनेसे ही हम को अंगीकार किये हैं ऐसा माने तो इस चेतन को दोष और गुणहानि होवें-गे इस बात को कहते हैं—दोनों निवृत्त इत्यादि ।

दोनों निवृत्त हुए ऐसा मानें तो इस चेतन को दोनों होते हैं ॥२०॥

दोनों निवृत्त हुए ऐसा मानना माने—इतना दिन हमको अंगीकार न करनेवाले आज अंगीकार किए इसका कारण हमारे दोषादि दुर्गुण निवृत होना ही है, इस से मैं दोष रहित हूं ऐसा समझ रहना । ऐसा माननेपर चेतन को दोनों होते हैं माने—अकृत्यकरण और कृत्याकरण इन दोनों का होना । वह कैसे इस

अस्याधिकारिणोऽनादिकालमंगीकारमकृत्वा स्थिताविदानीमंगीचक्रतुरस्मद्दोषगुणहान्योर्निवृत्तत्वादित्यनुसंधानमस्याकृत्यकरणं भवति तत्करणात्, 'नीचः पूर्तिरहितः' 'अमर्यादः' 'बुध्वा च नोच' 'अतिक्रामन्नाज्ञाम्' इत्यादिप्रकारेणास्माकं दोषगुणहान्योः किंचिदपि न निवृत्तामिति, एवं सत्यपि दोषादिकमुपदात्वेन स्वीकृत्यास्मानंगीचकारेति चानुसंधानं कृत्यं, तदकरणादुभयोरपि प्रसंगः स्यात्

एवं पुरुषकार उपायश्च दोषगुणहानी उपदात्वेन स्वीकृत्य कुत्रांगीचक्रतुरित्यपेक्षायां तत्तदंगीकारं प्राप्तानां राक्षसीनामर्जुनस्य च दोषेषु प्रदर्शितेषु तत्सिद्धिरिति विचार्य प्रथमं राक्षसीनां दोषं प्रदर्शयति—राक्षसीनामित्यादिना ।

आकांक्षा में कहते हैं–हमारे दोष और गुणहानि दोनों निवृत्त होनेसे ही अनादिकाल से अंगीकार न करनेवाले आज अंगीकार किये हैं, ऐसा समझना इस अधिकारि को अकृत्य है इस को करने से अकृत्यकरण रूप दोष होता है । 'नीच हूं' 'कोई गुण नहीं है' 'मर्यादारहित हूं' 'जान वा न जान' 'आज्ञाका उल्लंघन करनेवाला' इत्यादि प्रकार से हमारे दोष और गुणहानि आजतक किंचित्भी निवृत्त न हुए ऐसा होनेपर भी दोषादि को भेंट समझकर हमको अंगीकार किये हैं ऐसा अनुसंधान करना कृत्य है, इस को नहीं करनेसे कृत्याकरणरूप दोष आता है ।

इस प्रकार पुरुषकार और उपाय अर्थात् लक्ष्मी और नारायण दोषादियों को भेंट समझकर कहां अंगीकार किये हैं इस आकांक्षा में उन उन के अंगीकार पाये हुए राक्षसियां और अर्जुन इन के दोषों को दिखानेसे ही वह सिद्ध होगा ऐसा समझकर प्रथम राक्षसियों के दोष को दिखाते हैं—राक्षसियों के इत्यादि ।

राक्षसीनां दोषः प्रसिद्धः ॥२१॥

एकाक्ष्येककर्णीप्रभृतयः सप्तशतं राक्षस्यः परहिंसालाभे आहारमपि त्यजंत्यः प्रकृत्या पापशीला दशमासपर्यंतमेकरीत्या तर्जनभर्त्सनादिकमकुर्वन् । आसां दोषः प्रसिद्ध इति—श्रीरामायणप्रचारदेशेऽजानंतो न संतीत्यर्थः । एवंभूतानां 'राजसंश्रयवश्यानां' 'पापानां वा शुभानां वा' इति दोषं गुणत्वेनोपपाद्य हनूमता विवदित्वा रक्षणात् दोषमेवोपदात्वेन स्वीकृत्यांगीकारः कृत इति सिद्धमिति भावः । गुणहान्यनुक्ति-र्दोषस्योपदात्वे गुणहानेस्तथात्वं कैमुत्यसिद्धमित्यभिप्रायेण । आसां गुणहानिः—निरंतरं क्लेशकरणसमये इयं वयमिव स्त्री-जातिः खल्विति वा विस्मृत्याप्यल्पं हृदये दयाया अभावः,

---

लंकायां राक्षसीनां तु दोषराशिः प्रसिध्यति ॥२१॥

राक्षसियों के दोष प्रसिद्ध हैं ॥ २१ ॥

एकाक्षी एक कर्णी प्रभृति सात सौ राक्षसियां पराहिंसा प्राप्त होनेपर अपने खाना तक को छोडने वाले पापस्वभाव वाले दशमहीना एक रीति से सीताजी को तर्जन भर्त्सन कर पीडा दिये हैं । इन का दोष प्रसिद्ध है माने— श्रीरामायण का प्रचार जिस देश में है उस देशवासी सभी जानते हैं । एवंभूत राक्षसियों को देख 'राजा के आश्रित अत एव राजा के वश्य' 'पापी हो या पुण्यवंत हो' ऐसा दोष को ही गुणतया प्रतिपादन कर हनुमानजी से विवाद कर रक्षा की है । इस से दोष ही को भेंट मानकर अंगीकार करना प्रसिद्ध हुआ । गुणहानि को न कहनेका कारण दोष ही को भेंट माननेवाले गुणहानि को भेंट मानेंगे इसमें कहना ही क्या ? । इन राक्षसियों की गुणहानि माने—विच्छेद बिना निरंतर सीताजी को दुःख देनेके समय यह भी हमारे सदृश स्त्री है इनको दुःख देना

जितेंद्रियेषु मस्तकस्यास्तिकाग्रेसरस्य 'केशव
स्यात्मा' इति कृष्णस्य धारकस्यार्जुनस्य दोषः क
इति चेत्—बंधुषु स्नेहः कारुण्यं वधभीतिश्च ॥ २२ ॥

'भवेयं शरणं हि वः' इत्युक्त्यनंतरं क्लेशकरणसमये हंतैव मवदत् खल्विति किंचिदपि हृदये वैक्लव्याभाव इत्यादिकम् ।

एवं दोषप्रसिद्धेरर्जुनेऽभावाद्गुणप्रथाया एव सत्वादस्य दोषः को वेति शंकामनुवदन् तद्दोषान्दर्शयति— जितेंद्रियेष्वित्यादिना ।

जितेंद्रियेषु मस्तकस्येति—

'आभरणस्याभरणं प्रसाधनविधेः प्रसाधनविशेषः ।

जितेंद्रियास्तिकाचार्ये श्रीकृष्णाराधकेऽर्जुने ॥
दोषः क इति चेत्--बन्धुस्नेहभीकरुणादयः ॥ २२ ॥

उचित नहीं ऐसा भूलकर भी कृपा न करना । 'हम तुम लोगों की रक्षा करेंगी' इस बात के अनंतर अहो ऐसा हमलोगों की रक्षा करने की प्रतिज्ञा की है इन को दुःख देना उचित नहीं ऐसा समझकर कृपा करना उचित होनेपर भी दुःख ही देती रहीं ।

इस तरह के दोष अर्जुन में नहीं हैं और गुण भरे हैं तो भी इन में दोष क्या ? इस शंका में उनके दोषों को दिखाते हैं— जितेंद्रियों में प्रधान इत्यादि ।

जितेंद्रियों में प्रधान, आस्तिकाग्रेसर, 'केशव के आत्मा'
ऐसा कृष्ण का धारक अर्जुन को दोष क्या ? ऐसी शंका में—
बंधुओं के ऊपर स्नेह, करुणा और वधभीति ये दोष हैं ॥ २२ ॥

जितेंद्रियों में माने—'उस ऊर्वशी का शरीर आभरण का आभरण और

उपमानस्यापि सखे प्रत्युपमानं वपुस्तस्याः ॥'

इत्युक्तवैलक्षण्यविशिष्टायामुर्वश्यामाग्रहेणाभिलषंत्यां संबंध-मुक्त्वा नमस्कृत्य दूरतः स्थितत्वादिंद्रियजयकृत्सु स्वोत्कृष्टरहितस्येत्यर्थः । आस्तिकाग्रेसरस्येति—धर्माधर्मपरलोकेश्वरचेतनादीनां प्रतिपादकेषु शास्त्रेषु प्रामाण्यबुद्धियुक्तानामग्रेसरस्येत्यर्थः । 'केशवस्यात्मा' इति कृष्णस्य धारकस्य इति—

'अर्जुनः केशवस्यात्मा कृष्णश्चात्मा किरीटिनः' ।

इत्यन्योन्यं प्राणभूतौ वर्तेते इत्युक्तत्वादेतद्विश्लेषे यथा कृष्णस्य धारणमेव न संभवति तथाऽभिमतविषयत्वेन स्थितस्येत्यर्थः । एवं स्थितस्यार्जुनस्य दोषः क इति शंका, चेदिति तदनुवादः ।

दोषा उच्यंते—बंधुष्वित्यादिना ।

अलंकार का अलंकार उपमान का उपमान है ॥'

इस बचनानुसार सौंदर्यवती ऊर्वशी स्वयं आकर ऊपर गिरनेपर भी मातृत्व संबंध को कह प्रणाम कर हट गया है, इस कारण इंद्रियजय करनेवालों में अर्जुन से अधिक और कोई नहीं है । आस्तिकाग्रेसर माने— धर्म अधर्म परलोक चेतन ईश्वर आदिके प्रतिपादक शास्त्रों को प्रमाण मानने वालों में प्रधान होना । केशव के आत्मा माने—

'अर्जुन केशव का आत्मा है कृष्ण अर्जुन का आत्मा है'

ऐसा परस्पर प्राणभूत होने से अर्जुन के विश्लेष को कृष्ण नहीं सहसकते, इस प्रकार अभिमत विषय होनेसे अर्जुन को दोष क्या है ? यही शंका का अभिप्राय है ।

अब अर्जुन के दोषों को कहते हैं,— बंधुओं के ऊपर इत्यादि ।

एतेषु स्नेहकारुण्ययोर्दोषत्वमस्थाने कृतत्वात्, वधभीतेर्दो
षत्वं स्वधर्मे धर्मबुध्या कृतत्वात् ।

'अस्थानस्नेहकारुण्यधर्माधर्मधियाकुलम्' ।

इति यामुनाचार्याः ।

'धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेता युयुत्सवः' ।

इत्युक्तप्रकारेण युद्धेच्छयोभयसैन्य आगत्य स्थिते सति अनंतरं युद्धमेव कर्तव्यं, तद्दशायाम्—

'न कांक्षे विजयं कृष्ण! न च राज्यं सुखानि च ।
किन्नो राज्येन गोविंद! किं भोगैर्जीवितेन वा ॥
येषामर्थे कांक्षितं नो राज्यं भोगाः सुखानि च ।
त इमेऽवस्थिता युद्धे प्राणांस्त्यक्त्वा धनानि च ॥'

इन में स्नेह और करुणा अस्थान में होनेसे दोष हुए हैं । वधभीति स्वधर्मरूप युद्ध में अधर्म बुद्धि करनेसे हुई है, इस लिये यह भी दोष मानीजाती है । यामुनाचार्य स्वामी जी--

"अस्थान में स्नेह करुणा और धर्म में अधर्म बुद्धि से व्याकुल हुआ अर्जुन को ।'

ऐसा कहे हैं

'धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में युद्ध करनेकी इच्छासे मिले हुए ।'

ऐसा युद्ध इच्छा से दोनों तरफ की सेना आ खडे होनेपर युद्ध करना आवश्यक है ऐसा होनेपर भी--

'हे कृष्ण! मैं विजय, राज्य और सुख को नहीं चाहता । हे गोविंद! राज्य भोग और जिवित से हम को क्या प्रयोजन ?॥

जिन के लिये हम राज्य, भोग और सुख को चाहते हैं वे युद्ध में धन और प्राणों को छोड कर खडे हैं'

इत्यादिप्रकारेणैतान् हत्वाऽहं जीवामीति जीवनं कीदृशमिति बंधुषु कृतः स्नेहः स्ववर्णविरुद्धत्वान्निषिद्धः ।

'तान्समीक्ष्य स कौंतेयः सर्वान् बंधूनवस्थितान् ।
कृपया परयाऽऽविष्टो विषीदन्निदमब्रवीत् ॥'

इत्युक्तप्रकारेण तद्दशायां कृतं कारुण्यपशुसंज्ञालंभने कारुण्यवन्निषिद्धं हि ।

'कथं न ज्ञेयमस्माभिः पापादस्मान्निवर्तितुम् ।
कुलक्षयकृतं दोषं प्रपश्यद्भिर्जनार्दन! ॥'

इत्यारभ्य—

'अहो बत महत्पापं कर्तुं व्यवसिता वयम् ।
यद्राज्यसुखलोभेन हंतुं स्वजनमुद्यताः ॥'

इत्थंतं स्ववर्णधर्मे वधेऽधर्मबुध्या कृता भीतिश्च तथैव हि ।

इस तरह इन को संहारकर हम कैसे जी सकते हैं ऐसा बंधुओं के ऊपर स्नेह करना अपने क्षत्रियधर्म के विरुद्ध होनेसे निषिद्ध है ।

'वह अर्जुन युद्ध करनेके लिये उपस्थित समस्त बंधुओं को देख अत्यंत कृपा से युक्त हो शोचते हुए इस बात को कहना भया ।'

ऐसा युद्ध के समय किया हुआ कारुण्य याग में पशुहिंसा करने में करुणा करनेके तरह निषिद्ध है ।

'हे जनार्दन ! कुलक्षय करनेसे होनेवाला दोष को देखते हुए हम लोग इस पाप से हटनेको क्यों नहीं जानते ।'

ऐसा आरंभ कर—

'राज्यसुख के लोभ से अपने बंधुओं को मारनेके लिये उद्यत हुए हमलोग महत्पाप करनेको तयार हुए हैं यह खेद की बात है ।'

इत्यंत स्ववर्णधर्मरूप वध में अधर्म बुद्धि से की हुई भीति भी दोष ही है ।

द्रौपदीपरिभवं दृष्ट्वा स्थितिः
कृष्णाभिप्रायेण प्रधानदोषः ॥२३॥

एतत्सर्वमप्रधानं, अथ प्रधानदोषोऽन्य इत्याह– द्रौपदीत्यादिना ।

पूर्वं द्रौपदीं दुर्योधनादिभिः परिभूयमानां दृष्ट्वापि द्यूतेऽपजयं स्मृत्वा धर्मभीत्या क्षमया स्थितावपि—

'गोविंद! पुण्डरीकाक्ष! रक्ष मां शरणागताम्' ।

इति कृष्णविषयकशरणागत्यनंतरं परिभवकरणसमये भगवदाश्रितानितरेषु परिभवत्सु पश्यन् शक्तश्चेन्निवारयेदशक्तश्चेद् दुःखेनान्यत्रापसर्पेदिति विशेषमर्यादां दृष्ट्वा वा स्वास्मिन् कृष्णस्य विद्यमानस्नेहपक्षपातौ विचार्य तच्छरणागतायां परि-

---

सभायां द्रौपदीवस्त्रकर्षणादिपराभवम् ॥
दृष्ट्वा पार्थस्थितिर्दोषप्रधानं कृष्णसंमतम् ॥२३॥

यह सभी दोष अप्रधान हैं इन से भी अधिक प्रधान दोष और है ऐसा कहते हैं–

द्रौपदी का परिभव को देखते रहना श्रीकृष्ण
के अभिप्राय से प्रधान दोष है ॥ २३ ॥

पहिले द्रौपदी को दुर्योधनादि कर्तृक परिभव को देखते हुए भी द्यूत में अपनी हार को याद कर धर्मभीति से सहनेपर भी–

'हे गोविन्द ! हे पुण्डरीकाक्ष ! शरणागत मुझ को रक्षा करो ।'

ऐसा श्रीकृष्ण के चरण में शरणागति करनेके बाद द्रौपदी के परिभव करनेपर भगवदाश्रितों के अन्यलोग कर्तृक परिभव को देखकर समर्थ हो तो रोकना चाहिये, असमर्थ हो तो दुःखित हो हट जाना चाहिए ऐसा विशेषशास्त्र की

पांडवानां च निरसनस्य प्राप्तौ
स्थापनं द्रौपदीमंगलसूत्रार्थम् ॥२४॥

भूयमानायां पश्यन् स्थितोऽहं तन्मुखं श्वः कथं द्रक्ष्यामीति वा शीघ्रमुत्थाय निवारणं कर्तव्यं, तदकृत्वा पूर्वापेक्षया कंचन विशेषं विनाऽतिष्ठत् । अयमेवास्य सर्वेभ्यो दोषेभ्यः प्राधान्येन कृष्णहृदये स्थितः । अत एव 'कृष्णाभिप्रायेण प्रधानदोष' इत्युच्यते । दोषस्य प्राधान्यं क्रौर्येण भवति । 'न क्षमामि' इति वक्तुं योग्यतया स्थितो दोषोऽयमेव ॥

एतद्दोषक्रौर्यमुपपादयति- पांडवानां चेत्यादि । अथवाऽयं दोषः पंचानामपि तुल्यः, अत एतेषामपि निरसनं विना स्थापनं कथमिति शंकायामाह—पांडवानां चेत्यादि ।

पांडवानां निराकृत्यां प्राप्तायां स्थापनं च यत ॥
द्रौपद्याः शुभसूत्रस्य रक्षणार्थं तदुच्यते ॥२४॥

मर्यादा को विचार कर या अपने विषय में श्रीकृष्णजी का स्नेह और पक्षपात आदि को स्मरण कर उन का शरणागत द्रौपदी अपमानित होनेपर देखते रहे तो श्रीकृष्ण के मुख को कल्ह मैं कैसे देख सकूं इति वा शीघ्र उद्यत होकर रोकना उचित है ऐसा न कर पहिलेके माफक मुख विकार रहित रहा है । यही अर्जुन में सब दोषों से प्रधान दोषतया श्रीकृष्णजी समझते हैं । इस लिये 'श्रीकृष्णाभिप्राय से प्रधान दोष' ऐसा श्रीलोकाचार्यस्वामी भी कहे हैं । दोष का प्राधान्य क्रौर्य से ही है । भागवतापचाररूप दोष और दोषोंके माफक नहीं 'न क्षमामि' ऐसा भगवान भी कहे हैं ।

इस दोष की प्रधानता को उपपादन करते हैं—पांडवों को भी इत्यादि ।

पांडवों को भी निरसन करना उचित होनेपर भी
उनकी रक्षा करना द्रौपदी के मंगलसूत्र के लिये है ॥२४॥

प्राथमिकसंगतावर्जुनस्येत्यनुक्त्वा पांडवानामित्युक्तिरयं दोषः पंचानामपि तुल्य इति ज्ञापनायेति योजनीयम् । अनंतरसंगतौ स्वत एव संगता । परिभावितृदुर्योधनादिवत्परिभवं दृष्ट्वा स्थिता एते च निरसनीया इति चशब्देनोच्यते । निरसनस्य प्राप्तौ स्थापनमिति—एतैः कृतस्य क्रौर्यस्य मस्तकच्छेदे प्राप्ते प्राणविशिष्टत्वेन स्थापनमित्यर्थः । द्रौपदीमंगलसूत्रार्थमिति—तस्या अभिमतमंगलसूत्रानपगमार्थमित्यर्थः । स्रस्तकेशमस्तकदर्शनाशक्तः केवलकंठं द्रष्टुं न शक्नोति ।

अनेनाश्रितपरिभवितृवत्तं दृष्ट्वा स्थिता अपि निरसनीया इत्यर्थः, त एवाश्रितैः सहात्याज्यसंबंधविशिष्टाश्चेत्तदर्थं तेन रक्ष्यंते इत्यर्थश्च प्रकटितः ।

तर्ह्येवं निरसनीयस्य नीचकृत्यं, परमरहस्योपदेशश्च किमिति कृत इत्यत आह—अर्जुनस्येत्यादि ।

पांडवों को भी' कहनेसे परिभव करनेवाले दुर्योधनादियों के सदृश परिभव को देखनेवाले पांडव भी निरसन करने योग्य हैं ऐसा अभिप्राय है । निरसन करना उचित होनेपर भी रक्षा करना माने—इन के अपराधों का उचित दंड शिरश्छेद होनेपर भी जीवित रखना । द्रौपदी का मंगलसूत्र के लिये माने—उन के अभिमत मंगलसूत्र नहीं टूटनेके लिये । बिखरे केश न देख सकनेवाले शून्य कंठ को नहीं देख सकते हैं ।

इस से आश्रितों को परिभव करनेवालों के बराबर उस परिभव को देखते रहनेवाले भी निरसन करने योग्य हैं, वे लोग यदि आश्रितलोगों के अवर्जनीय संबंधवाले हों तो उन के लिये परमात्मा से रक्षित होवेंगे ऐसा जानना ।

तथा सति इस प्रकार निग्रह के पात्र अर्जुन को परमात्मा क्यों नीचकृत्य कर परमरहस्य का उपदेश किये हैं ? ऐसी आकांक्षा में कहते हैं—अर्जुन को इत्यादि ।

अर्जुनस्य दूत्यसारथ्यकरणं
प्रपत्त्युपदेशकरणं चैतदर्थम् ॥२५॥

दौत्येन गमनं--कृत्रिमबंधुत्वमुक्त्वा संगम्य विरोधिबुद्धिभेदं जनयित्वा युद्धं प्रवर्तयितुम्। सारथ्यकरणं—आयुधधारणं न कर्तव्यमित्युक्तत्वाद्बाधापरिकरमश्वप्रवर्तनवेत्रं वधपरिकरं कृत्वा भारतयुद्धे समस्तसेनां च महापृथिव्यां शमयितुम्। प्रपत्त्युपदेशकरणं च–'न योत्स्यामि' इति स्थितः यथा 'करिष्ये वचनं तव' इति वदेत्तथा तं कृत्वा युद्धे प्रवर्तयितुम्। एतत्सर्वं शरणागताया अस्याः संकल्पप्रकारेण दुर्योधनादीन्नाशयित्वैतत्केशबंधनार्थं कृतम्।

तस्मादर्जुनविषये कृतं दूत्यादित्रयं चैतदर्थमकरोदित्युक्तम्।

पार्थस्य दौत्यसारथ्यप्रपत्त्यादिनिरूपणम् ॥
कृष्णेन द्रौपदीभव्यसूत्रपालनहेतवे ॥२५॥

अर्जुन को दुत्य सारथ्य कर प्रपत्त्युपदेश करना द्रौपदी के लिये हैं॥ २५॥

दूत्य करना 'असत्य संबंध को कहते हुए जाकर बुद्धि भेदकर युद्ध कराने के लिये' सारथ्य करना— आयुध नहीं लेना ऐसा कहने से आयुध न होने वाले चाबुक को हिलाकर भारत युद्ध में सब सेना को भूमि में गिराने के लिये है। प्रपत्त्युपदेश करना–'युद्ध न करूंगा' ऐसा कहने वाले अर्जुन को आपके वचनानुसार करूंगा ऐसा कहवाकर युद्ध में प्रवृत्त करने के लिये है। यह सब करना—शरणागता द्रौपदी के संकल्पानुसार दुर्योधनादियों को नाश कर द्रौपदी के केश को बांधने के लिये ही हैं।

तथा च अर्जुन के विषय में किये हुए दूत्य आदि तीनों द्रौपदी के लिये

पांडवानां चेत्यारभ्यैतावता पूर्वोक्तप्रधानदोषक्रौर्यमुपपादितम्। तथाचैवमस्थानस्नेहकारुण्यादिषु शरणागतपरिभवं दृष्ट्वा स्थितिरूपे महादोषे चास्य सत्सु—

'सर्वगुह्यतमं भूयः शृणु मे परमं वचः।
इष्टोऽसि मे दृढ इति ततो वक्ष्यामि ते हितम्॥
मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु।
मामेवैष्यसि सत्यं ते प्रतिजाने प्रियोऽसि मे॥'

इत्येतद्विषये प्रीतिपूर्वकमुक्तत्वादेतद्दोषस्योपदात्वेन स्वीकारेणांगीकारः सिद्ध इति भावः। गुणहान्यनुक्तिर्दोषस्योपदात्वे गुणहानेरुपदात्वस्य किंपुनर्न्यायसिद्धत्वात्। अस्य गुणहानिर्नाम-'तस्माद्युध्यस्व भारत' इत्युक्ते तदानीमेव 'करिष्ये वचनं तव' इत्युत्थाय स्वकृत्यस्य युद्धस्याकरणं, कृष्णशरणागतायाः प-

---

किये हैं ऐसा समझना। पांडवों को इत्यादि एतत्पर्यंत पूर्वोक्त प्रधान दोष का क्रौर्य कहागया। तथाच इस प्रकार अस्थान स्नेहादि, और आश्रितपरिभव को देखते रहना रूप महादोष अर्जुन में होनेपर भी—

'हे अर्जुन! तुम हमारे प्रिय हो और दृढ हो इस लिये तुमारे हित, सब रहस्यो में श्रेष्ठ हमारे उत्तम वचन को सुनो॥

हमारे में मन को लगाओ, हमारे भक्त होओ, हमारी आराधना करो; हम को प्रणाम करो हम ही को प्राप्त होओगे तुम हमारे प्रिय हो, मैं प्रतिज्ञा करता हूं।'

ऐसा अर्जुन के ऊपर पीति से कहे हैं। इस कारण इन के दोषों को भेंट समझकर अंगीकार किये हैं। गुणहानि नहीं कहना—दोष ही भेंट होनेपर गुण हानि का भेंट होना कैमुत्यसिद्ध है। इस की गुणहानि—'इस कारण हे अर्जुन! युद्ध करो' ऐसा गीता के द्वितीय अध्याय के प्रारंभ में कहने के बखत ही 'आप की वचनानुसार मैं करूंगा' ऐसा उद्यत होकर अपने कृत्य युद्ध को न करना

रिभवं दृष्ट्वा स्थितोहम्-- इति च मनस्यनुतापलेशाभाव एतत्प्रभृतयः ।

दूत्यसारथ्यकरणं प्रपत्त्युपदेशकरणं चैतदर्थं यदि,एतद्दोषमुपदात्वेन स्वीकृत्यांगीचकारेति न संभवतीति चेत्तत्र न विरोधः—एतत्कार्यार्थममुमुद्दिश्यैतेषां करणेऽप्येतद्दोषं दृष्ट्वा मुखविकारं विना प्रीत्या कृतत्वात् । अर्जुनविषये आचार्यकृत्यादीनामारोपणसमये तद्दोषमुपदात्वेन स्वीकृत्य सारथित्वेन निरंतरं मिलित्वा कार्यकरणप्रभृतीनां सत्वात्---अज्ञातार्थानामित्यादिना— आश्रयणसौकर्यापादका वात्सल्यादिगुणाः सूचिताः। अत्र दूत्यसारथ्यकरणमित्यनेन--

'अस्मान् वेत्थ परान् वेत्थ वेत्थार्थं वेत्थ भाषितुम् ।
यद्यदस्माद्धितं कृष्ण! तत्तद्वाच्यः सुयोधनः ॥'

कृतं सर्वं न संदेहः प्रपन्नत्राणको हि सः ।

श्रीकृष्ण के शरणागत द्रौपदी के परिभव को हम देखते रहे ऐसा स्वल्प अनुताप भी मन में न होना आदि ।

दूत्य सारथ्य कर प्रपत्त्युपदेश करना द्रौपदी के वास्ते हो तो 'अर्जुन के दोष को भेंट मानकर स्वीकार किया' ऐसा कहना असंगत है, इस आकांक्षा में कहते हैं—द्रौपदी के कार्यार्थ अर्जुन को उद्देशकर सब कुछ करनेपर इन के दोषों को देख मुखविकार रहित संतोषपूर्वक करनेसे, विरोध नहीं। अर्जुन को उद्देश कर आचार्यकृत्यों को अपने ऊपर लेनेके समय उन के दोष को भेंट मान, सारथी हो अभिन्नरूप से मिलना इत्यादि होनेसे-'अज्ञात अर्थों को' इत्यादि से आश्रयणसौकर्यापादक वात्सल्यादि गुण सूचित हैं। यहांपर 'दूत्य सारथ्य करना' इस से—

'हम को जानते हो और शत्रुओं को जानते हो अर्थ को जानते हो भाषणकरने को जानते हो, हे कृष्ण ! जो जो हमारा हित है वही सुयोधन से कहो ।'

इत्युक्तप्रकारेण कार्याकार्यज्ञस्य स्वस्य गमनेन विना कार्य-सिद्धिर्न स्यादित्यमुं रक्षितुं स्वस्य दौत्येन गमनस्य, आयुध-ग्रहणं न कर्तव्यमित्युक्तत्वात् सारथ्ये प्रवृत्तेन कृतस्य रथचरणेन प्रतिपक्षनाशनस्य च भानादाश्रितकार्यापादका ज्ञानशक्त्या-दयः सूचिताः । किंच, प्रपत्त्युपदेशकरणं चेत्युक्त्या—चरम-श्लोके 'माम्' 'अहम्' इति पदाभ्यामुच्यमान उभयविधगुण-श्च सूचितः । अतः पुरुषकारवैभवोक्तिस्थले श्रीमत्पदार्थवदु-पायवैभवकथनस्थले नारायणपदार्थः प्रकटितः । उपायत्वक-थनात् 'चरणौ शरणम्' इत्येतदपि सूचितम् ।

एवमितिहासश्रेष्ठेत्यारभ्यैतावत्पर्यंतं श्रीरामायणमहाभार-तोक्ताः पुरुषकारोपायवैभवास्तत्तत्स्वरूपाभ्यां विशदं प्रतिपा-दिताः ॥

षट्संगतौ प्रथमप्रकरणं, नवसंगतौ च प्रथमप्रकरणम् ॥

इस वचनानुसार कार्य और अकार्य को जाननेवाले आप के गये विना कार्य सिद्ध न होगा ऐसा समझ पांडवों की रक्षा करनेके लिये दूत्य करना, आयुध नहीं लेना ऐसा कहनेपर सारथ्यकृत्य में प्रवृत्त हो रथ के चक्र से शत्रुओं का नाश करनां भी सूचित होनेसे आश्रितकार्यापादक ज्ञानशक्त्यादि गुण सूचित हैं। 'प्रपत्त्युपदेश करना' ऐसा कहने से चरमश्लोक के 'माम्' 'अहम्' इन पदों से कहेजानेवाले उभयविध गुण भी सूचित हैं। इस कारण पुरुषकारवैभव कह-नेके स्थल में 'श्रीमत्' पद का अर्थ जैसे प्रकटित हुआ वैसे उपायवैभव कहनेके स्थल में नारायणपद का अर्थ भी सूचित हुआ। उपायत्व कहने से 'चरणौ शर-णम्' इनका अर्थ सूचित हुआ।

तथाच 'इतिहास श्रेष्ठ' ऐसा प्रारंभकर यहां तक श्रीरामायण और महा-भारत में कहे हुए पुरुषकार और उपाय का वैभव उन उन के स्वरूपों के साथ विशदतया कहेगये हैं ।

छः संगति में प्रथम प्रकरण और नौ संगति में प्रथम प्रकरण समाप्त हुआ।

प्रपत्तेर्देशानियमः कालनियमोधिकारि-
नियमः फलनियमश्च नास्ति ॥ २६ ॥

पूर्वोक्तोपायस्य स्वीकाररूपायाः 'प्रपत्त्युपदेशकरणम्' इति प्रासंगिकत्वेन प्रस्तुतायाः प्रपत्तेः प्रकारं विस्तरेण वदत्युपरि । तत्र प्रथममर्जुनस्य प्रपत्त्युपदेशकरणसमये युद्धभूम्यां कंचन कालविशेषं चाविचार्य स्नानादिकं च विना स्थितस्योपदेशं कथमकरोत , अस्य देशादिनियमा न संति किमिति शंकायामाह—प्रपत्तेरित्यादिना ।

प्रपत्तिर्नाम– भगवच्छरणवरणम् । देशनियमो नाम–पुण्य-देशेषु कर्तव्याऽन्यदेशेषु नेति नियमः । कालनियमो नाम—

देशकालाधिकर्तॄणां फलप्रकारयोस्तथा ॥२६॥
प्रपत्तौ नियमो नास्ति विषयस्यतु विद्यते ॥२७॥

पूर्वोक्त उपाय का स्वीकाररूप 'प्रपत्त्युपदेश करना' इस प्रसंग से प्रस्तुत प्रपत्ति के प्रकार को विस्तारपूर्वक कहते हैं, उस में प्रथम अर्जुन को प्रपत्त्युपदेश करने के समय युद्धस्थल में कालविशेष को न देख स्नानादिनियमरहित अर्जुन को उपदेश कैसे किये, प्रपत्ति के लिये देशकालादि का नियम नहीं है क्या ? ऐसी शंका में कहते हैं—प्रपत्ति का इत्यादि ।

प्रपत्ति का देशनियम, कालनियम, प्रकारनियम,
अधिकारिनियम और फलनियम भी नहीं हैं ॥ २६ ॥

प्रपत्ति माने—भगवान् को उपायतया स्वीकार करना । देशनियम माने—पुण्यदेशों में करना अन्यदेशों में न करना । कालनियम माने—वसंतादिकालों में

वसंतादिकालेषु कर्तव्याऽन्यकालेषु नेति नियमः । प्रकारनियमो नाम–स्नानपादप्रक्षालनादिपूर्वकं कर्तव्या प्रकारांतरेण नेति नियमः । अधिकारिनियमो नाम — त्रैवर्णिका अधिकारिण अत्रैवर्णिका न संभवंतीति नियमः । फलनियमो नाम — दृष्टादृष्टफलेष्वस्य फलस्य साधनमन्यस्य न भवतीति नियमः । देशकालसाद्गुण्यवैगुण्यप्रयुक्तातिशयानतिशयवर्जितत्वात्, तीर्थे अवगाहनसमये शुद्धाशुद्धविभागं विना यथावगाहनयोग्यो भवति, एवं स्वयं पवित्रत्वेन शुद्धाशुद्धविभागं विना स्वेनान्वययोग्यत्वात्, वर्णाद्यनुरूपविलक्षणत्वेन स्वरूपानुरूपत्वात्, चेतनरुच्यनुगुणफलविशेषसाधनत्वाच्चैते नियमा न संतीत्यर्थः ।

> 'न जातिभेदं न कुलं न लिंगं न गुणक्रियाः ।
> न देशकालौ नावस्थां योगो ह्ययमपेक्षते ॥'
> 'ब्रह्मक्षत्रविशः शूद्राः स्त्रियश्चांतरजातयः ।

करना और कालों में न करना । प्रकारनियम माने—स्नान पादप्रक्षालन पूर्वक करना अन्यप्रकार से न करना । अधिकारिनियम माने–त्रैवर्णिक करसकते अत्रैवर्णिक नहीं करसकते ऐसा नियम होना । फलनियम माने—दृष्टादृष्टफलों में अमुकफल का साधन होना और फल का साधन न होना । देशकाल साद्गुण्य-वैगुण्य हेतु से होनेवाले अतिशय और अनतिशय रहित होनेसे तीर्थ में स्नान करनेके समय शुद्ध हो या अशुद्ध हो सभी जैसे स्नान करसकते तैसे शुद्धाशुद्ध विभाग विना प्रपत्ति करनेके योग्य होनेसे, वर्णाश्रमानुरूप न हो स्वरूपानुरूप होनेसे चेतनोंकी रुचि अनुसार फलों का साधन होनेसे पूर्वोक्त नियम इस को नहीं हैं ।

'यह प्रपत्ति जातिभेद, कुल, आश्रम, शमदमादि, कर्मानुष्ठान, देश, काल और बाल्यादि अवस्थाओं को नहीं चाहती है ।'

ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, स्त्री और अवांतरजाति यह सभी सब के

विषयनियम एवास्ति ॥२७॥

सर्व एव प्रपद्येरन् सर्वधातारमच्युतम् ॥'
इति प्रपत्तेर्देशकालप्रकाराधिकारिनियमाभावो भारद्वाजसंहितायाम्,

'प्रपत्तेः क्वचिदप्येवं परापेक्षा न विद्यते ।
सा हि सर्वत्र सर्वेषां सर्वकामफलप्रदा ॥'

इति फलनियमाभावः सनत्कुमारसंहितायां चोक्तः ।

एतदभावेऽन्ये केचन नियमाः संति किमत आह — विषयेत्यादि —

अस्मिन् विषये कर्तव्येति नियम एवास्या अस्तीत्यर्थः । एतत्सर्वं स्वयमेवोपपादयिष्यति ।

अस्या एतेषामभावे पुनः कस्यैते संतीत्यत आह— कर्मण इत्यादि ।

सृष्टिकर्ता परमात्मा की प्रपत्ति करसकते हैं' ऐसा प्रपत्ति का देश काल प्रकार अधिकारि नियमाभाव को भारद्वाज संहिता में कहाहै ।

'प्रपत्ति को कहीं भी और उपायों के तरह परापेक्षा नहीं है । प्रपत्ति सर्वदेश में सर्वकाल में सब लोगों को सर्वाभीष्ट फल देती है ।' ऐसा फल नियमाभाव को सनत्कुमार संहिता में कहा है ।

ये नियम न होने पर भी और कोई नियम इस प्रपत्ति को है क्या ? इस आकांक्षा में कहते हैं– विषय नियम इत्यादि ।

विषय नियम ही है ॥ २७ ॥

विषय नियम माने— अमुक विषय में कर्तव्य ऐसा नियम ही इस का है । यह सब बातें श्रीलोकाचार्य स्वामी स्वयं आगे कहेंगे ।

इस प्रपत्ति को ये नियम नहीं हैं तो और किस को यह सब नियम हैं ? इस आकांक्षा में कहते हैं— कर्म का इत्यादि ।

कर्मणः पुण्यक्षेत्रं वसंतादि कालः
शास्त्रोक्तास्तत्तत्प्रकारास्त्रैवर्णिका
इत्येते सर्वे व्यवस्थिताः ॥२८॥

कर्म—ज्योतिष्टोमादयः । पुण्यक्षेत्राणि नाम— शास्त्रेषु पावनतयाऽभिहिता देशाः । वसंतादीत्यत्रादिना--ग्रीष्मशरच्छुक्लपक्षकृष्णपक्षपूर्वाह्णापराह्णादिकाला उच्यंते । 'वसंते वसंते ज्योतिषा यजेत' इत्यादिना कालनियम उक्तः । शास्त्रोक्तास्तत्तत्प्रकाराः--शौचाचमनस्नानव्रतजपादिरूपेण तत्तत्कर्मानुगुण्येन शास्त्रविहितास्तत्तत्प्रकाराः । त्रैवर्णिका इति –उपनयनसंस्कारपूर्वकं वेदाधिकारिणामेव वैदिककर्माधिकारित्वात् । इदं च गृहमेधित्वकृष्णकेशित्ववेदवेदांगयुक्तत्वादीनामुपलक्षणम् । व्यवस्थिता इति- नियता इत्यर्थः ।

पुण्यदेशः सुकालश्च प्रकाराः शास्त्रचोदिताः ॥
त्रैवर्णिका इतीमे हि कर्माणि सुव्यवस्थिताः ॥२८॥

कर्म का पुण्यक्षेत्र, वसंतादि काल, शास्त्रोक्त तत्तत्प्रकार
और त्रैवर्णिक ऐसा ये सब व्यवस्थित हैं । ॥ २८ ॥

कर्म माने— ज्योतिष्टोमयागादि । पुण्यक्षेत्र माने— शास्त्रों में पवित्रतया कहे जानेवाले देश । वसंतादि—'आदि शब्द से ग्रीष्म, शरत्, शुक्लपक्ष, कृष्णपक्ष, पूर्वाह्न, अपराह्न आदि कालों को जानना । 'प्रतिवसंत में अग्निष्टोमयाग करें' इत्यादियों से कालनियम कहागया । शास्त्रोक्त तत्तत्प्रकार माने—शौच, आचमन स्नान, व्रत, जपादिरूप से तत्तत्कर्मानुगुण शास्त्रविहित तत्तत्प्रकार हैं । उपनयनसंस्कार पूर्वक वेद के अधिकारियों को ही वैदिककर्माधिकार होनेसे 'त्रैवर्णिक' एसा कहा । यह गृहस्थत्व, कृष्णकेशित्व और वेदवेदांगयुक्तत्व को भी दिखाता है । व्यवस्थित हैं माने—नियमेन कर्तव्य हैं ।

'स एष देशः कालश्च' इत्युक्त्वा-
दस्या देशकालनियमो नास्ति ॥ २९ ॥

प्रपत्तेरेतेषु कोऽपि नास्तीति पूर्वं कृतां प्रतिज्ञामुपपादयितुं प्रवृत्तः प्रथमं देशकालनियमाभावमुपपादयति — स एष इत्यारभ्य ।

'बद्धवैराच्च पापाच्च राक्षसेंद्राद्विभीषणः ।
अदेशकाले संप्राप्तः सर्वदा शंक्यतामयम् ॥'

इति पूर्वं श्रीजांबवता महाराजेन च भगवंतं प्रति विज्ञापितं पक्षं दूषयन् मारुतिः--

'अदेशकाले संप्राप्त इत्ययं स विभीषणः ।
विवक्षा ह्यत्र मेस्तीयं तां निबोध यथामति ॥

स एष देशः कालो वेत्यादिवाल्मीकिवाक्यतः
प्रपत्तौ देशकालाभ्यां नियमो न प्रकाशते ॥२९

प्रपत्ति को इनमें कुछ आवश्यक नहीं, ऐसा की हुई प्रतिज्ञा को उपपादन करनेके लिये प्रवृत्त हो पहिले देशकालनियमाभाव को कहते हैं—'वही यह' इत्यादि ।

'वही यह देश और काल है' ऐसा कह-
नेसे इस को देशकालनियम नहीं ॥ २९ ॥

'बद्धवैर पापी रावण से बिभीषण अदेश और अकाल में प्राप्त हुआ इस लिये सर्वथा संदेह करनेके योग्य है ।'

ऐसा प्रथम श्रीजाम्बवान् और सुग्रीव श्रीरामजी से विज्ञापन किये थे । इस पक्ष को दूषण करनेवाले हनुमान्—

'वह विभीषण अदेश और अकाल में प्राप्त हुआ है इस विषय में मुझे कुछ कहने की इच्छा है उस को आप सुनिये ।'

स एव देशः कालश्च भवतीह यथातथा ।
पुरुषात्पुरुषं प्राप्य तथा दोषगुणावपि॥
दौरात्म्यं रावणे दृष्ट्वा विक्रमं च तथा त्वयि।
युक्तमागमनं तस्य सदृशं तस्य बुद्धितः' ॥इति रावणेनावमानितः स्वनिकर्षं पुरस्कृत्य शरणमित्यागतो विभीषणोऽदेशेऽकाले चागत इति भवतो मंत्रिभिर्यदुक्तमस्मिन् पक्षे विशिष्य ममेयं विवक्षा जाता– स आगमनसमये यस्मिन् देशे यस्मिन् काले चागतः तस्यागमनस्य स एष एव देशश्च स एष एव कालश्च स्याद्यथा तादृशी विवक्षा मया ज्ञातपर्यंतं विज्ञाप्यमाना श्रोतव्या। कथमिति चेत्—तमःप्रकृतिकत्वात्परहिंसैकयात्राद्रावणात् विलक्षणे सत्वोत्तरत्वात्परक्षैकयात्रे भवति प्राप्यत्वेन बुद्धिं कृत्वा, तथैव तं विहायानागमने तत्कृत्यस्य सहकारित्वेन तत्प्रातिकूल्येन नाशरूपं दोषं धा-

'जैसा वही देश और वही काल होता है वैसा एक पुरुष से दूसरे पुरुष को प्राप्त हो दोष और गुण होते हैं ।'

'रावण में दोष देख और आप में पराक्रम देख विभीषण का आगमन उचित है और उस के बुद्धि के अनुगुण भी है ।'

ऐसा रावण से अपमानित हो अपनी नीचता को आगे कर शरण लिया हूआ बिभीषण सूरि अदेश और अकाल में आया है ऐसा आपके मंत्रियों से कहागया इस पक्ष में हम को कहने की इच्छा होती है, विभीषण आनेके समय जिस देश और काल में आया है, उस का आगमन का वह देश यही है, वह काल यही है इस बात को यथामति मेरे बिज्ञापन करनेपर आप श्रवण करेंगे । तथाच–तामसप्रकृति होनेसे परहिंसा को ही देहयात्रा माननेवाले रावण की अपेक्षा सत्वोत्तत होनेसे पररक्षण ही को देहयात्रा माननेवाले आपको प्राप्य समझकर, वैसा ही रावण को नहीं छोडनेपर उस के अकृत्य का सहकारी हो

मिकस्य तव संगतौ तत्फलं भवच्चरणयोः कैंकर्यं प्राप्याभिवृद्धिरूपं गुणं च बुध्वा तथैव भवद्धृदये व्रणं यथा स्यात्तथाऽपराधं पूर्णं कृत्वा स्थितस्य रावणस्य दौरात्म्यं, दुरात्मनोऽनायासेन नाशयितुं शक्तस्य भवतः पुंस्त्वं च पश्यति चेत् विशेषज्ञस्यास्येदमागमनं प्राप्तं, न्याये संचरतोऽस्य बुद्धेः सदृशमित्यवोचत् ।

एवमेतादृशभावशुद्धिमतः श्रीविभीषणस्य शरणमित्यागमनदेशकालयोर्न्यूनता न द्रष्टव्या तस्यागमनमेव देशकालश्चेति शरणागतिधर्मज्ञेन हनूमता निर्णीतत्वात्प्रपत्तेर्देशकालनियमो नास्तीत्यर्थः ।

अयं च प्रपत्त्यनुष्ठानरूपे द्वये प्रथमपदे ज्ञातुं शक्य इत्याह—अयमर्थ इति ।

उस के प्रातिकूल्य के साथ मैं नष्ट होजाऊंगा ऐसा इस दोष को भी, धर्मात्मा आप के साथ मिलनेपर उस का फल आप के चरणों में कैंकर्य प्राप्त हो उज्जीवित होना रूप गुण को भी विचार कर, तैसा ही आप के हृदय में दुःख हो जैसा अत्यंतापराधकारी रावण की दुष्टता को, दुरात्माओं को अनायास से नाश करनेके समर्थ आप की वीरता को भी देखनेपर विशेषज्ञ विभीषण का यह आगमन उचित है और न्याय में चलनेवाली उस की बुद्धि के अनुरूप भी है ऐसा हनुमानजी ने कहा है ।

तथाच—इस प्रकार शुद्ध भाववाले विभीषण शरण कह आया हुआ देश कालों में दोष नहीं देखना चाहिये, उस विभीषण का आगमन ही देश और काल है ऐसा शरणागति धर्मज्ञ हनुमान के निर्णय करनेसे प्रपत्ति का देश काल नियम नहीं यह सिद्ध हुआ ।

यह प्रपत्त्यनुष्ठानरूप द्वयमंत्र के प्रथम पद में देख सकते हैं ऐसा कहते हैं—यह अर्थ इत्यादि से ।

अयमर्थो मंत्ररत्ने प्रथमपदे द्रष्टव्यः ॥३०॥

सकलोपनिषत्सारत्वात्सर्वाधिकारत्वादविलंबफलप्रदत्वात्सर्वेश्वरस्यात्यंताभिमतत्वात्सर्वमंत्रांतरोत्कृष्टतया 'द्वयेन मंत्ररत्नेन' इत्युक्तप्रकारेण मंत्ररत्नाख्यं भवति द्वयम् । तादृशवैभवस्फोरणार्थं द्वय इत्यनुक्त्वा मंत्ररत्न इत्याह । तत्र प्रथमपदे मतुबर्थपुरुषकारोपायनित्ययोगस्य प्रयोजनं—यस्मिन् कस्मिंश्चिद्देशे यस्मिन्कस्मिंश्चित्काले यस्य कस्यचिच्चेतनस्य भगवत्समाश्रयणरुच्युत्पत्तौ 'चंचलं हि मनः' 'स्थितप्रकारेणातिष्ठन्मनः' इत्युक्तप्रकारेण वात्यावत्परिभ्रमति मनसि क्षेत्रे सत्यंकुरितायाः क्षणभंगुराया रुचेः शोषणात्पूर्वं तदुत्पत्तिक्षण आश्रयणयोग्य-

---

मंत्ररत्नाद्यपादे यन्मतुपा योग उच्यते ।
तच्छ्रीसांनिध्यभावेन सुदशादेरपृग्यता ॥३०॥

यह अर्थ मंत्ररत्न के प्रथमपद में स्पष्ट है ॥ ३० ॥

सकलोपनिषत्सार सर्वाधिकार शीघ्रफलप्रद सर्वेश्वर के अत्यंत अभिमत होनेसे सब मंत्रों में उत्कृष्टतया 'द्वयरूप मंत्ररत्न से' ऐसा मंत्ररत्ननाम से द्वयमंत्र प्रसिद्ध है । उस वैभव को जनानेके लिये द्वय ऐसा न कह 'मंत्ररत्न' कहा है । उस के प्रथमपद में मतुबर्थ पुरुषकार और उपाय के नित्यसंबंध का प्रयोजन—किसी देश किसी काल में किसी संसारी चेतन को भगवत्समाश्रयण की रुचि उत्पन्न हो तो 'मन चंचल है' 'स्थितप्रकार में मन नहीं रहता' ऐसा झंझामारुत के सदृश घूमनेवाला मनरूप क्षेत्र में अंकुरित क्षणभंगुर रुचि नष्ट होनेके पहिले रुच्युत्पत्तिक्षण में आश्रयण करनेके योग्य होना । इस कारण से

प्रकारनियतिर्नास्तीत्यर्थः सर्वत्र द्रष्टुं शक्यते॥३१॥
द्रौपदी स्नाता न खलु प्रपत्तिमकरोत्
अर्जुनो नीचमध्येऽमुमर्थमशृणोत्॥३२॥

त्वम्। अतएव प्रपत्तेर्देशकालनियमराहित्यं तस्मिन्पदे सम्यक्प्रकाशते इत्याह।

प्रकारनियमराहित्यं प्रदर्शयति—प्रकारनियतिरित्यादिना।

सर्वत्र द्रष्टुं शक्यत इति—अस्यां अनुष्ठातृषु श्रोतृषु सर्वत्र द्रष्टुं शक्यत इत्यर्थः।

स कुत्र दृष्ट इत्यतः पूर्वप्रकृतविषययोर्दर्शयति—द्रौपदीत्यादिवाक्यद्वयेन।

प्रकारनियतिर्नेति द्रष्टुं सर्वत्र शक्यते॥३१॥
द्रौपदी स्नानहीना हि प्रपत्तिमकरोत्सती।
नीचमध्ये च शुश्राव पार्थोऽमुमर्थगह्वरम्॥३२॥

प्रपत्ति का देशकालनियमाभाव है ऐसा उस पद में स्पष्ट मालूम होता है।

प्रकारनियमाभाव को दिखाते हैं—प्रकारनियम इत्यादि से।

प्रकारनियमाभाव को सर्वत्र देख सकते हैं॥ ३१॥

सर्वत्र देख सकते हैं—प्रपत्ति करनेवाले और सुननेवाले सब लोगों में देख सकते हैं।

वह कहां देखे हैं इस आकांक्षा में पूर्वप्रस्तुत विषयों में दिखाते हैं—द्रौपदी इत्यादि से।

द्रौपदी स्नान करके नहीं प्रपत्ति की है, अर्जुन
नीचों के बीच में इस अर्थ को सुना है॥ ३२॥

स्नाता न खलु प्रपत्तिमकरोदिति—दुःशासनाकृष्टा सभाग-मनसमये ।

'रजस्वलैकवस्त्राहं ननु मां नेतुमर्हसि ।
गुरूणां पुरतः स्थातुं सभायां नाहमुत्सहे ॥'

इत्यशुद्धा सत्यपि स्नानमकृत्वा प्रपत्तिमकरोदित्यर्थः । अनेन प्रपत्त्यनुष्ठातृषु प्रयतैः कर्तव्येति नियमाभावो दर्शितः ।

नीचमध्येऽमुमर्थमशृणोदित्यत्र नीचेति 'महावैभवमस्मरंतो नीचा' इति दिव्यसूर्युक्ताः शौरिचिंताविमुखा हेया उच्यंते ।

'विष्णुभक्तिविहीनस्तु यतिश्च श्वपचाधमः ॥'
'विप्राद्द्विषड्गुणयुतादरविन्दनाभ-
पादारविन्दविमुखाच्छ्वपचं वरिष्ठम् ॥'

स्नानकर नहीं प्रपत्ति की है माने- दुःशासन से खिंची हुई सभा में आनेके समय-

'मैं रजस्वला और एक वस्त्र हूं हमें सभा में नहीं लेजासकते हो वहां बडों के सामने खडी होने योग्य नहीं हूं ।'

ऐसा अपवित्र द्रौपदी स्नान के विना ही प्रपत्ति की है, इस कारण प्रपत्ति का अनुष्ठान करने वालों को शुद्ध हो प्रपत्ति करना इस नियमाभाव को दिखाये हैं ।

नीचों के वीच में इस अर्थ को सुना है, इस वाक्य में नीच माने- 'महा वैभव को न जाननेवाले ही नीच हैं' ऐसा परकालसूरि से कहे हुए परमात्मा के विमुख और हेय चेतन हैं ।

'विष्णुभक्ति रहित यति (संन्यासी) भी श्वपच (चांडाल) से नीच है ।'
'षड्गुण (अध्ययन अध्यापन यजन याजन दान और प्रतिग्रह) विशिष्ट कमलनाभ के पादारविंदयुगल से विमुख ब्राह्मण के अपेक्षा चांडाल को श्रेष्ठ मानना ।'

तस्माच्छुध्यशुद्धी उभे अपि न संपाद्ये,
स्थितप्रकारेणैवाधिकारी भवति॥३३॥

इति भगवद्विमुखाः श्वपचाधमा उक्ताः । तदुपरि शरणागतां परिभाव्य शरणागतपाण्डवविषये उपद्रवान्कृत्वा वर्तमानत्वात् 'सद्यश्चांडालतां व्रजेत्' इत्युक्तप्रकारेण कर्मचंडालाः खलु मिलित्वा स्थिताः । 'नीचमध्ये' इत्युक्तत्वान्नीचस्पृष्ट्याऽस्यागता अशुद्धिर्नीचप्रकाश इत्यर्थश्च ज्ञायते । अनेन प्रपत्तिश्रवणं नीचमध्ये न संभवतीति नियत्यभावो दर्शितः ।

अनेन फलितं वदन्नमुमर्थं निगमयति—तस्मादित्यादिना ॥

तस्मादिति—अनुष्ठानदशायां श्रवणदशायां चैताभ्यां द्वाभ्यामेवं कृतत्वादित्यर्थः । शुध्यशुद्धी उभे अपि न संपाद्ये

शुध्यशुद्धी न संपाद्ये तस्मात्स्वस्मात्कदाचन ।
स्थितप्रकारेणैवात्राधिकारी सर्वसंमतः॥३३॥

ऐसा भगवद्विमुखों को चांडाल से नीच कहा है । तदुपरि शरणागता द्रौपदी को परिभव कर शरणागतपांडवों के विषय में बुराइयां करने से 'उसी वखत चांडालता को प्राप्तहोता है' इस वचनानुसार सब ही कर्म चांडाल इकट्ठा हुए हैं । 'नीचों के बीच में' ऐसा कहनेसे– नीच स्पर्श से अर्जुन को हुई अशुद्धि नीच समीप में हुई जानना । इस से प्रपत्ति का श्रवण नीचों के बीच में नहीं करना चाहिये इस नियम के अभाव के दिखाये हैं ।

इस का प्रयोजन कहते हुए इस अर्थ को समाप्त करते हैं— इस से इत्यादि ।

इस कारण शुद्धि और अशुद्धि को नहीं देख ।
स्थितप्रकार से अधिकारी होता है ॥३३॥

इस से अनुष्ठानदशा में और श्रवण दशा में ये दोनों (द्रौपदी और अर्जुन)

अत्र वेल्वेट्टिप्पिळ्ळैइत्यस्य कलिवै-
रिदासोक्ता वार्ता स्मर्तव्या ॥३४॥

इति—प्रपत्तावन्वयसमयेऽशुद्धस्य सतः शुद्धिर्न संपाद्या, शुद्ध-स्य सतोऽशुद्धिर्न संपाद्येत्यर्थः । अशुद्धिर्न संपाद्येति पूर्वोक्त-योरुभयोरशुद्धिदशायां प्रपत्तावन्वयस्योक्तत्वादशुद्धिरस्यापेक्षि-ता किमिति शंकानुदयार्थं स्थितप्रकारेणैवाधिकारी भवतीति प्रपदनकाले शुद्धो वाऽशुद्धो वा यादृशप्रकारास्तिष्ठति तादृश-प्रकार एवाधिकारी भवतीत्यर्थः । द्रौपद्यर्जुनयोः प्रपत्त्यनुष्ठान-तच्छ्रवणदशयोस्तदंगत्वेन शुद्धिसंपादनाभाववदशुद्धिसंपादनं न दृश्यते, स्थितप्रकारेणैवाधिकारिणावभवताम् ।

एतदर्थविषय आप्तवचनं स्मारयति—अत्रेत्यादिना ॥

वेल्वेट्टिपिळ्ळैइत्यस्य कलिवैरिप्रसादिता ।
स्मरणीयात्र वार्ता सा रामप्रपदनात्मिका ॥३४॥

गुणादियों को धारकत्वेन भोग्यत्वेन कहनेके स्थल में एक ही सूरी की वार्ता न होनेपर भी सब सूरी लोग एक स्वभाववाले होनेसे सब की भक्ति भगवत्प्रसादलब्ध होनेसे और तादृश परभक्ति के स्वभावविशेष को दिखाना ही यहांपर अपेक्षित होनेसे विरोध नहीं ।

बाण ही अतिक्रूर हो बाधक होते हैं' यह हारनेवालों के वचन है इस को 'बाणों को प्रयोग करनेवाले' इस का प्रतिकोटि या कैसे कह सकते हैं ? इस आकांक्षा में कहते हैं— 'राम का विजय अपना इष्ट होनेसे तादृश विजय के लक्ष्य हो हारनेवाले राक्षसों की दशा उत्पन्न हो, महिषीदशा उत्पन्न होनेपर जैसे बात करते हैं तैसे अपने को भूल राक्षसों के वचनों से विजय को कह

क्तं, तस्मात्स्वप्रेमस्वभावेन तदवस्थाप्राप्त्यनंतरं श्रीशराणां बाधकत्वस्य च स्वस्यैव भानेनोक्तत्वात् तथोक्तौ न विरोधः।

अथवा 'स्वमलंकारयति धारयति च' इति द्वाभ्यां स स्वयमेव यावदागच्छति तावद्धारणासामर्थ्येनागमनहेतुत्वेन यत्नं कारयति, आगते प्रणयरोषेणोपेक्ष्य धृत्वा स्थितिं कारयतीति ह्युक्तं, एवं विरुद्धस्वभावावेकैवापादयतीति अन्यत्रापि क्वचिद्विषयेषु दृश्यते किमित्यत आह– एताविति। एतादृशस्वभावविशेषौ गोविंदगुणं गात्वेत्यारभ्य पूर्वोक्तप्रकारेण एकस्यां दशायां धारकत्वोक्तिः एकस्यां दशायां बाधकत्वोक्तिश्चेत्येवमेतेषां धारणबाधनरूपविरुद्धस्वभावावापादयत्सु कल्याणगुणादिष्वपि द्रष्टुं योग्यावित्यर्थः।

एवं प्रपत्तेरित्यारभ्यैतावत्पर्यंतं प्रपत्तिवैभवं, तद्विषयवैभवं तदधिकारित्रैविध्यं, त्रिविधप्रपत्तिषु भक्तिपारवश्यहेतुकप्रपत्ते-

---

अनुभव करते हैं।' ऐसा परकालसूरी की सूक्ति का व्याख्यान करने वाले कहे हैं। इस कारण अपने प्रेमस्वभाव से तादृशावस्थाविशिष्ट होनेपर बाणों का बाधकपना अपने को भान हो कहने से, विरोध नहीं है।

अथवा 'अपने को अलंकृत कराती है धारण कराती है' इन दोनों से सर्वेश्वर आनेतक धारण नहीं कर यत्न में लगाना आनेपर प्रणयरोष से निकाल कर धारण करना यही पूर्व कहे गये हैं। इस प्रकार विरुद्धस्वभावों को एक ही वस्तु उत्पन्न करता है यह विषय अन्य वस्तुओं में देखसकते हैं क्या? इस आकांक्षा में कहते हैं– 'ये स्वभाव' इत्यादि। ये स्वभावविशेष 'गोविंद के गुण गानकर' इत्यादि पूर्वोक्त प्रकार एक दशा में धारकतया और एक दशा में बाधकतया कहने के योग्य उन को धारण और बाधन रूप विरुद्धस्वभावों को उत्पन्न करनेवाले कल्याणगुणों में भी देखसकते हैं ऐसा समझना।

तथा च 'प्रपत्ति को' ऐसा आरंभ कर यहां तक–प्रपत्तिवैभव, उस का

मुख्यत्वं, तद्धेतुभूतभक्त्यवस्थाभेदेन प्रयुक्तं नाशं तादृशभक्त्यवस्थाभेदेन क्रियमाणसंशं चाभ्यधात्।

अस्याः प्रपत्तेः 'धर्मपुत्रादय' इत्यारभ्य पूर्वोक्तेष्वधिकारिषु साधनतयानुष्ठानस्य दर्शनात् कर्मज्ञानभक्तिप्रपत्तय इति उपायैः सह पठितत्वात्—

यद्येन कामकामेन न साध्यं साधनांतरैः ।
मुमुक्षुणा यत्सांख्येन योगेन नच भक्तितः ॥
प्राप्यते परमं धाम यतो नावर्त्तते पुनः ।
तेन तेनाप्यते तत्तन्न्यासेनैव महामुने! ।
परमात्मा च तेनैव साध्यते पुरुषोत्तमः ॥'

इति 'इदं शरणमज्ञानाम्' इति चैवं शास्त्रैरस्याः साधनत्वेनोक्ततया चोपायत्वप्रतिपत्तियोग्यतायाः सत्त्वात्तद्व्यावर्तनाय

विषयवैभव, उसके अधिकारियों की त्रिविधता, त्रिविधप्रपत्ति में भी भक्तिपरवशता के कारण की जानेवाली प्रपत्ति की मुख्यता, उस का कारण भक्त्यवस्थाभेद से होनेवाले प्रपत्ति का भंग, और उस अवस्थाभेद से उत्पन्न होनेवाले अनुभवों को भी कहे हैं ।

'धर्मपुत्रादि' ऐसा आरंभकर पूर्वोक्त अधिकारियों में इस प्रपत्ति को साधन मानकर अनुष्ठान दीखनेसे और कर्म ज्ञान भक्ति प्रपत्ति ऐसा उपायों के साथ कहे जानेसे,

'ऐश्वर्यार्थि को जो ऐश्वर्य साधनांतरों से नहीं प्राप्त होता है, मुमुक्षु को पुनरावृत्तिरहित जो कैवल्य कर्म ज्ञान भक्ति योगों से नहीं प्राप्त होता है, उस उस अधिकारी को वह वह पुरुषार्थ प्रपत्ति से ही प्राप्त होता है, और परमात्मा पुरुषोत्तम भी प्रपत्ति से ही प्राप्त होता है ।' ऐसा,

'यह अज्ञों को उपाय है' ऐसा भी शास्त्रों में प्रपत्ति को साधनतया कहे-जानेसे भी उपायतया जानने योग्य होनेसे—उपायभाव को हटानेके लिये तद्गु-

इयं दृष्टाचेत् पितुः पुत्रेण लेखनस्वीकारवद्वर्तते ॥६०॥

तन्निदानं बह्वर्थजातमाह, तत्र प्रथममियं प्रपत्तिरुपायत्वेन दृष्टा चेत् जायमानमवद्यं दर्शयति—इयमित्यादिना ।

इयं दृष्ट्वाचेदिति-- एतच्चेतनेनेश्वरविषये क्रियमाणा प्रपत्तिरुपायत्वेन दृष्ट्वाचेदित्यर्थः । अथवा ईश्वरः स्वं रक्षितुं हेतुत्वेनैतच्चेतनेन क्रियमाणा प्रपत्तिर्निरूपिता चेदित्यनध्याहारेण योजना स्यात् । तदाप्यर्थस्तुल्य एव । पितुः पुत्रेण लेखनस्वीकारवद्वर्तत इति- उत्पादकाद्धितैषिणः स्वाज्ञानदशायामपि स्वरक्षितुः पितुः पुत्रेण स्वज्ञानदशायां मां त्वं रक्षेति लेखनस्वीकारे कृते उभयोरपि विद्यमानस्य संबंधस्य न्यूनतावत्सत्ताकारणभूतस्य सर्वदशायामपि रक्षकस्याकारवाच्यस्य

उपायत्वेन चेदेषा दृष्टा स्याज्जनकस्य हि ॥
पुत्रेण लेखस्वीकारसदृशं वर्तते तदा ॥ ६० ॥

गुण हेतुओंको विस्तारपूर्वक कहते हैं । उस में पहिले इस प्रपत्ति को उपाय माननेपर होनेवाले दोष को दिखाते हैं—इस को इत्यादि ।

इस को देखनेपर पिता से पुत्र लिखवानेके सदृश है ॥ ६० ॥

इस को देखने पर माने—इस चेतन के सर्वेश्वर विषयमें क्रियमाण प्रपत्ति को उपायबुद्धि से देखने पर । यद्वा ईश्वर अपने को रक्षाकरनेके कारणतया इस चेतनकर्तृक प्रपत्ति को निरूपण करनेपर–ऐसा भी अर्थ होसक्ता है । पिता से पुत्र लिखवाने के सदृश है माने–उत्पादक होनेसे हितैषी हो अपने अज्ञानदशा में भी अपने को रक्षा करनेवाले पिता से पुत्र अपनी ज्ञानावस्था में 'हम को आप रक्षा करना चाहिये' ऐसा लिखवानेपर दोनों का संबंध में जैसा दोष लेगा तैसा सत्ता का कारणभूत सर्वदशा में रक्षक अकारवाच्य सर्वेश्वर के

अस्याः स्वरूपं स्वासहिष्णुत्वम् ॥ ६१ ॥

ईश्वरस्य मकारवाच्यस्यास्य च विद्यमानस्य संबंधस्यापायका-
री स्यात् । लेखनस्वीकारो नाम— रक्षकनाम्नः स्ववक्षसि
लेखनम् ।

तर्हि अस्याः स्वरूपं किमित्यत आह— अस्या इत्यादिना

अस्याः स्वरूपमिति— अस्याः प्रपत्तेरसाधारणाकार इत्यर्थः । स्वासहिष्णुत्वं नाम उपायवरणात्मिकायाः स्वस्या उपायोक्त्यसहत्वं, तच्च आपातप्रतीतिं विना याथातथ्येन निरूपणे स्वस्मिन्नुपायत्वप्रतिपत्त्ययोग्यत्वमित्यर्थः । अथवा स्वासहिष्णुत्वमित्यत्र चोपायत्वेन प्रतीतस्वासहिष्णुत्वमित्यनध्याहारेण योजनीयम् । एवमुक्तावपि स्वस्मिन्नुपायत्वप्रतिपत्त्यसहत्वमेवार्थो भवति हि ।

स्वासहिष्णुत्वमस्याःस्यात्स्वरूपं शास्त्रसंमतम् ॥६१॥

साथ मकारवाच्य जीवात्मा के संबंध में दोष लगेगा । लिखवाना माने—रक्षक का नाम को अपने छाती में लिखवाना ।

ऐसा होतो इस का स्वरूप क्या ? इस आकांक्षा में कहते हैं—इस का इत्यादि ।

इस का स्वरूप अपने को न सहना ॥ ६१ ॥

इस का स्वरूप माने— प्रपत्ति का असाधारण आकार । अपने को न सहना माने— उपायस्वीकाररूप अपने को उपायतया न सहना । ऊपरी आकारको छोड यथार्थ निरूपण करने पर अपने में उपायत्वबुद्धि करने का योग्य न होना । यद्वा— अपने को न सहना— उपायतया प्रसिद्ध अपने को न सहना । इस अर्थ में भी अपने में उपायत्वबुद्धि करने का योग्य न होना यही अर्थ होता है ।

अंगं स्वव्यतिरिक्तासहिष्णुत्वम् ॥ ६२ ॥

चरमश्लोकेऽस्य सांगतया विधानात् 'यद्यत्सांगं तत्साधनं' इतिन्यायोऽस्य प्रसज्यते किमिति शंकायामंगस्वरूपप्रदर्शने स न्यायोऽत्र नावतरतीति विचार्य तदाह— अंगमित्यादिना ।

स्वव्यतिरिक्तासहिष्णुत्वं— स्वीकारस्वरूपस्वव्यतिरिक्तचेतन प्रवृत्तिष्वेकस्याप्यसहिष्णुत्वम् । साधनरूपसकलप्रवृत्तीनां च सवासनत्यागोह्यस्यांगम् । 'यद्यत्सांगं' इत्यत्र प्रवृत्तिरूपांगसहितमेव हि साधनतयोच्यते, एतदंगस्य निवृत्तिरूपत्वादिदमेवास्यानुपायत्वसूचकमिति भावः ।

अंगं स्वव्यतिरिक्तस्यासहिष्णुत्वं प्रचक्षते ॥ ६२॥

चरमश्लोक में इस को अंगसहित बिधानकरने से 'जो जो अंगसहित होता है वह वह साधन होता है' यह न्याय यहांपर न होगा क्या ? इस शंका में— अंगस्वरूप के दिखानेपर वह न्याय यहां न लगेगा ऐसा विचार कहते हैं— अंग इत्यादि से ।

अंग अपने से व्यतिरिक्त को न सहेगा ॥ ६२ ॥

अपने से व्यतिरिक्त को न सहेगा माने— स्वीकाररूप अपने को छोड चेतनप्रवृतियों में किसी को भी न सहना । साधनरूप सकलप्रवृत्तियों के सवासनात्याग ही इस का अंग होता है । 'जो जो अंगसहित होता है' इस स्थल में जो प्रवृत्तिरूप अंगसहित हैं उन को साधनतया कहते हैं । वैसा न हो इस प्रपत्ति का अंग निवृत्तिरूप होनेसे यही इस का उपायत्वाभाव को दिखाता है— ऐसा तात्पर्य समझना ।

उपायः स्वं सहते। उपायांतरमुभय-
मपि सहते । इयमुभयमपि न सहते॥६३॥

एतदनुपायत्वदृढीकरणाय सिद्धसाध्योपायप्रकारानुक्त्वा तदुभयापेक्षयाऽस्या विद्यमानव्यावृत्तिमाह--उपाय इत्यादिना ।

उपायः स्वं सहत इति–सिद्धोपायभूतः सर्वेश्वर इष्टानिष्टप्राप्तिपरिहारयोः स्वयमेव निर्वाहकत्वात् स्वस्योपायत्वेन स्वीकारे तदौचित्येन तिष्ठतीत्यर्थः ।

'उपायोपेयत्वे तदिह तव तत्वं न तु गुणौ'

सिद्धोपायस्वरूपो यः परमात्मा व्यवस्थितः॥
स्वरूपं सहते नान्यत्पूर्णस्वातंत्र्यतः सदा ॥
उपायांतररूपा ये कर्मज्ञानादयो मताः ।
स्वस्वरूपं स्वभिन्नं च सहंते पारतंत्र्यतः ॥
प्रपत्तिस्तूभयं नैव सहते पापनाशिनी ॥६३ ॥

इस का अनुपायत्व को दृढ करनेके लिये सिद्ध और साध्य उपायों के प्रकारों को कह उन दोनों की अपेक्षा इस की श्रेष्ठता को कहते हैं – उपाय इत्यादिसे ।

उपाय अपने को सहेगा ।
उपायांतर दोनों को सहेगा ।
यह प्रपत्ति दोनों को न सहेगी ॥ ६३ ॥

उपाय अपने को सहेगा माने— सिद्धोपायभूत सर्वेश्वर इष्ट प्राप्ति अनिष्ट निवृत्ति इन दोनों को स्वयं करनेसे अपने को उपाय माने तो सह सकेगा
'उपायत्व और उपेयत्व ये दोनों आपका स्वरूप है गुण नहीं' ऐसा उपेयत्व

इत्युपेयत्ववद्वस्तुनः स्वरूपं खलूपायत्वमपि ।

'ये च वेदविदो विप्रा ये चाध्यात्मविदो जनाः ।
ते वदंति महात्मानं कृष्णं धर्मं सनातनम् ॥
शरण्यं शरणं च त्वामाहुर्दिव्या महर्षयः ।
अमृतं साधनं साध्यं संपश्यंति मनीषिणः ॥'

इत्युक्तं हि । स्वं सहत इत्येतावन्मात्रस्योक्तत्वात्स्वव्यतिरिक्तासहत्वमर्थात्सिद्धं, अयं सिद्धोपायः सहायांतरसंसर्गासहो हि वर्तते—अस्योपायविशेषस्य स्वव्यतिरिक्तासहत्वाद्धि । आनुकूल्यादीनामुपायांगत्वं विनाऽवघातस्वेदवत्संभावितस्वभावत्वमित्यमुमर्थं परंदपडिरहस्येऽयं स्वयमेवावोचत् ।

उपायांतरमुभयमपि सहत इति—सिद्धोपायेतरसाध्योपायः स्वपारतंत्र्यज्ञानरहितानां स्वयत्नपराणां मोक्षसाधनतया शास्त्रविहितत्वात्स्वस्मिन्नुपायत्वप्रतिपत्तिं सहते । स्वोत्पत्त्यादिषु

के तरह उपायत्व ईश्वर का स्वरूप है ।

'जो ब्राह्मण वेद को जानते हैं और जो आत्मा को जानते हैं वे महात्मा कृष्ण को सनातन धर्म कहते हैं ।'

'देवता और महर्षिगण आप को रक्षक और उपाय जानते हैं । ज्ञानी लोग नाशरहित मोक्ष,उपाय और उपेय जानते हैं ।'

ऐसा कहा है । 'अपने को सहेगा' इतना ही कहने से अपने से व्यतिरिक्त को न सहना अर्थात् सिद्ध होता है । यह सिद्धोपाय और किसी सहाय को न सहता है । इस लिये ही 'आनुकूल्यसंकल्पादि उपायांग न हो धान्यकूटने से पसीने के तरह स्वभावसिद्ध होते हैं ।' ऐसा इस अर्थ को परंदपडि रहस्य में श्री लोकाचार्यस्वामी ही कहे हैं ।

उपायांतर दोनों को सहेगा माने— सिद्धोपाय से व्यतिरिक्त साध्योपाय स्वपारतंत्र्य ज्ञान रहित स्वयत्नपर लोगों को मोक्षसाधनतया शास्त्र में कहे जाने से

प्रवृत्तिरूपांगसापेक्षत्वात् स्वव्यतिरिक्तानपि सहत इत्यर्थः ।

'भक्त्यालभ्यस्त्वनन्यया।'

'उभयपरिकर्मितस्वांतस्यैकांतिकात्यंतिकभक्तियोगैकलभ्यः ।'

'जन्मांतरसहस्रेषु तपोध्यानसमाधिभिः ।

नराणां क्षीणपापानां कृष्णे भक्तिः प्रजायते ॥'

इत्युक्तं हि ।

इयमुभयमपि न सहत इति– सिद्धोपायवरणरूपा निवृत्तिसाध्या अधिकारिविशेषणभूता स्वरूपानतिरेकेयं प्रपत्तिरुभयासहेत्यर्थः । अतः सिद्धोपायव्यावृत्तवेषाया अस्याः प्रपत्तेरुपायत्वमसंभावितमित्यर्थः ।

(१) यद्वा तर्हि सांगतया शास्त्रविहिताया अस्याः प्रपत्तेः स्वरूपं किमस्या अंगं किमित्यपेक्षायां तदुभयमपि क्रमेण दर्शयति-

---

अपने में उपायत्वबुद्धि को सहेगा, और आप सिद्ध होनेके लिये प्रवृत्तिरूप अंग की अपेक्षा करनेसे स्वव्यतिरिक्तों को भी सहेगा ।

'अनन्य भक्ति से प्राप्त होने योग्य हैं'

'ज्ञान और कर्मों से जिन का मन निर्मल हुआ है उन की अनन्य भक्ति से सर्वेश्वर प्राप्त होते हैं ।'

'हजारों जन्मों में कर्म और ज्ञानयोगों से जिनके पाप दूर हुए हैं उन को कृष्ण में भक्ति होती है ।' ऐसा कहा है।

दोनों को न सहेगी माने– सिद्धोपाय स्वीकाररूप निवृत्तिसाध्य अधिकारि विशेषण और स्वरूप से अभिन्न यह प्रपत्ति दोनों को न सहेगी । अर्थात् चेतनों की प्रवृत्ति और अपने में उपायत्वबुद्धि ये दोनों को न सहेगी । इस कारण सिद्ध और साध्य उपायों से भिन्न यह प्रपत्ति उपाय न हो सकती है ।

(१) इस की भाषाटीका इसलिये नहीं की कि, ये केवल पूर्वोक्त का ही विकल्प हैं, अर्थ में फरक नहीं ।

फलस्यात्मज्ञानमप्रतिषेधश्चैवापेक्षितः ॥ ६४ ॥

अस्या इत्यादि वाक्यद्वयेन। तर्हि स्वं सहमानः क इत्यपेक्षायामाह– उपाय इत्यादि । स्वं स्वव्यतिरिक्तं च सहमानं किमित्यपेक्षायामाह-- उपायांतरमित्यादि । एतत्सिद्धसाध्योपायाभ्यां प्रपत्तेर्विद्यमानां व्यावृत्तिं दर्शयन्नुक्तार्थं निगमयति– इयमुभयमपीत्यादि । एवं संगतिः स्यात् । अथवा एतस्या अनुपायत्वं साधयितुमस्याः स्वरूपांगे स्वयमेवाह— अस्या इत्यादिवाक्यद्वयेन । एतदनुपायत्वं स्पष्टयितुं सिद्धसाध्योपायप्रकारौ प्रदर्शनीयावित्यभिप्रेत्य प्रथमं सिद्धोपायप्रकारमाह— उपाय इत्यादि । अनंतरं साध्योपायप्रकारमाह—उपायांतरमित्यादिना । एतद्द्वाभ्यां प्रपत्तेर्विद्यमानां व्यावृत्तिमाह — इयमुभयमपीत्यादिना । एवं संगतिः स्यात्। एतदुभयसंगत्योरपि वाक्यानामर्थः पूर्ववत् ।

एवं प्रपत्तेरनुपायत्वे फलसिद्धेरेतस्मिन्नपि किंचिन्नापेक्षितं किमित्यत आह—फलस्येत्यादि ।

रक्षणाप्रतिषेधस्य स्वात्मज्ञानस्य चानयोः ।
फलप्राप्तावपेक्षास्ति सिद्धोपायप्रभावतः ॥ ६४ ॥

इस प्रकार यह प्रपत्ति उपाय न हो तो, फलसिद्धि के लिये इस चेतन के पास भी कुछ होना आवश्यक नहीं है क्या ? इस आकांक्षा में कहते हैं– फल के लिये इत्यादि ।

फल के लिये आत्मज्ञान और अप्रतिषेध ही अपेक्षित हैं ॥ ६४॥

अन्यथा बंधस्य पूर्तेश्च न्यूनता स्यात् ॥६५॥

फलस्येति--फलसिद्धेरित्यर्थः। आत्मज्ञानं स्वस्वरूपज्ञानं; तच्च तदेकशेषत्वतदेकरक्ष्यत्वयोर्ज्ञानम्। अप्रतिषेधो नाम--निरुपाधिकरक्षकेन तेन क्रियमाणस्य रक्षणस्य प्रतिषेधाभावः। स च स्वरक्षणे स्वान्वयनिवृत्तिः। अवधारणेनैतद्द्वयव्यतिरेकेण न किंचिदपेक्षितमित्यर्थः। चरमपदोक्तस्य फलस्य प्रथमपदोक्तमात्मज्ञानं मध्यमपदोक्तोऽप्रतिषेधश्च खल्वपेक्षितौ।

एवं विना फलसाधनतयाऽनेनापि कानिचित्कर्तव्यानीत्युक्तौ को वा दोष इत्यत आह--अन्यथेत्यादि।

अन्यथेति — एतावद्विना फलहेतुत्वेनानेन कानिचित्कर्तव्यानीत्युक्तावित्यर्थः। बंधस्य पूर्तेश्च न्यूनता नाम— अस्य

संबंधस्यान्यथा पूर्तेर्न्यूनता परिकीर्तिता ॥६५॥

फलके लिये — फलसिद्धि के लिये। आत्मज्ञान माने— स्वस्वरूपज्ञान, तदेकशेषत्व तदेक रक्ष्यत्व ज्ञान। अप्रतिषेध माने– निरुपाधिकरक्षक सर्वेश्वर रक्षा करनेपर न रोकना, अपने रक्षण में अपने संबंध को छोडना। ही कहनेसे इन दोनों के अतिरिक्त और किसी की अपेक्षा नहीं। चरमपद (आय) में कहे जानेवाले फल के लिये प्रथमपद (प्रणव) में कहे जानेवाले आत्मज्ञान और मध्यमपद (नमः) में कहे जानेवाले अप्रतिषेध भी अपेक्षित हैं।

इस प्रकार न हो फल के लिये यह चेतन भी कुछ करना चाहिये ऐसा मानने पर क्या दोष? इस शंका में कहते हैं – ऐसा न होतो इत्यादि।

ऐसा न होतो संबंध और पूर्ति में दोष लगेगा ॥६५॥

ऐसा न होतो – फल के लिये चेतन भी कुछ करना चाहिये ऐसा समझनेपर। संबंध और पूर्ति में दोष लगना माने-- इस चेतन का रक्षण को अपना

आपदं दूरीकुर्म इति भ्रमित्वा
तदर्थनाद् व्यावृत्तिरेवापेक्षिता ॥६६॥

रक्षणं यथा तत्फलं स्यात् तथाविधस्य तस्य निरुपाधिकशेषत्वस्य, अस्य प्रवृत्तिष्वेकस्याप्यपेक्षाराहित्यरूपनिरपेक्षोपायत्वस्य चावश्यम् ।

तथाप्यनंतक्लेशभाजने संसारे निमज्जतो व्याकुलस्य स्वस्यापदि दृष्टायामापत्सखमीश्वरं स्वप्रपत्त्या वशीकृत्य तत्प्रसादेनायं न निवर्त्तनीयः किमित्यत आह— आपदमित्यादि ।

सर्वेश्वरचरणयोः प्रपत्तिं कृत्वा संसाररूपापदं दूरीकुर्म इति स्वकृतप्रपत्त्या स्वापदं दूरीकुर्म इति भ्रमित्वा तदेकपारतंत्र्य-

---

आपदं नाशयामीति भ्रमित्वा तस्य वर्धनात् ।
व्यावृत्तिरेव कार्यात्र तस्यापेक्षास्ति रक्षणे ॥ ६६ ॥

फलमाननें के योग्य परमात्मा का निरुपाधिक शेषित्वरूप संबंध में,इस चेतन की प्रवृत्तियों में किसी को भी न अपेक्षा करनेवाले निरपेक्षोपायत्व में भी दोष लगना ।

तथापि अनंतक्लेशों के स्थान भूत संसारसागर में डूब व्याकुल होनेवाले यह चेतन अपनी आपदा को जानने पर आपत्सखा ईश्वर को स्वकर्तृकप्रपत्ति से वश कर उन के अनुग्रह से इस आपदा को हटाना आवश्यक नहीं है क्या? इस शंकामें कहते हैं- आपदा को इत्यादि से ।

आपदा को हटालेते हैं ऐसा भ्रांत हो उस को उत्पादन-
न करलेना ही अपेक्षित है ॥ ६ ६ ॥

सर्वेश्वर के चरणों में प्रपत्ति कर संसाररूप आपदा को हटालेते हैं ऐसा समझ अपने क्रियमाण प्रपत्ति से तदेकपारतंत्र्यरूप स्वरूप की हानि रूप आपदा को

रक्षणायापेक्षिता रक्ष्यत्वानुमतिरेव ॥ ६७ ॥

रूपस्वरूपहानिरूपापद्वर्द्धनाद् व्यावृत्तिरेव तन्निवृत्तयेऽस्यापेक्षितेत्यर्थः। एकामापदं परिहर्तुमुपक्रम्यैकापद्वर्द्धनं विनास्मिन्स्वयत्नान्निवृत्त ईश्वरः स्वयमेव रक्षतीति भावः। तादित्यापत्सामान्याभिप्रायेणोक्तं नतु प्रकृतापदेव परामृश्यते।

'तथापि रक्ष्यापेक्षां प्रतीक्षते' इति रक्षकः सर्वेश्वरो रक्ष्यभूतस्यास्य चेतनस्यापेक्षां प्रतीक्षत इत्युक्तत्वात् तेन क्रियमाणस्य रक्षणस्यैतदपेक्षाप्यावश्यकी खल्वित्यत आह— रक्षणायेत्यादि।

निरुपाधिकरक्षकेण तेन क्रियमाणस्य रक्षणस्यैतच्चेतनविषयेऽपेक्षिता 'त्वं मम रक्ष्य इत्युक्तौ न भवामीत्यनुक्त्वा क्रिय-

रक्षणायेक्ष्यते तेन रक्ष्यत्वानुमतिः सदा ॥ ६७ ॥

उत्पादन न करलेनाही अपेक्षित है। एक आपदा को परिहार करने में प्रवृत्त हो और एक आपदा को न संपादन कर यह चेतन स्वयत्न से निवृत्त होनेपर सर्वेश्वर आप ही रक्षा करेंगे इति तात्पर्य है।

तथापि 'रक्ष्यभूत चेतन की अपेक्षा को प्रतीक्षा करते हैं' ऐसा रक्षकभूत सर्वेश्वर रक्ष्यभूत इस चेतन की अपेक्षा को प्रतीक्षा करते हैं कहनेसे सर्वेश्वर कर्तृक रक्षा के लिये इस चेतन की अपेक्षा भी अपेक्षित है, ऐसी शंका में कहते हैं— रक्षण के इत्यादि।

रक्षण के लिये अपेक्षित 'रक्ष्य हूं' ऐसा अनुमति ही है ॥ ६७ ॥

निरुपाधिक रक्षक सर्वेश्वरकर्तृक रक्षण के लिये इस चेतन में अपेक्षित 'तुम हमारे रक्ष्य हो' ऐसा कहने पर 'नहीं हूं' ऐसा न कह अपना रक्ष्यत्व

सर्वेषामुपायानां साधारणत्वाच्चैतन्य-
कार्यत्वात्प्राप्तिदशायां चानुवर्तमानत्वा-
त्स्वरूपातिरेकित्वाभावाच्चाचिद्व्यावृ-
त्तवेषः साधनीकर्तुं न शक्यते॥ ६८ ॥

माणा स्वरक्षकत्वानुमतिरेवेत्यर्थः । रक्ष्यापेक्षामित्यत्रोक्तापेक्षा रक्ष्यत्वानुमतिद्योतिकेति भावः । 'याञ्चा प्रपत्तिः' 'प्रार्थनामतिः' इति स्वीकरोऽप्रतिषेधद्योतक इति स्वयमेवावोचत् ।

एवमनुमतिसापेक्षो रक्षति चेदियमनुमतिः साधनं न भवति किमत आह—सर्वेषामित्यादि ।

सर्वेषामुपायानां साधारणत्वं नाम—भोगमोक्षोपायेषु क-

सर्वोपायसमानत्वाच्चैतन्यप्रभवात्तथा ।
स्वस्वरूपाविनाभावात्प्राप्तदेशानुवर्तनात् ।
अचिद्व्यावृत्तवेषोयं साधनत्वे न संमतः॥ ६८॥

को अंगीकार करना ही अपेक्षित है। 'रक्ष्यभूत चेतन की अपेक्षा को प्रतीक्षा करते हैं' इस वाक्य में अपेक्षा का अर्थ रक्ष्यत्वानुमति ही है। 'याचना प्रपत्ति है' 'प्रार्थना की बुद्धि' इस वचनानुसार उपायस्वीकार को अप्रतिषेधद्योतक ऐसा यही लोकाचार्यस्वामी जी कहे हैं ।

इस प्रकार अनुमति को अपेक्षा कर रक्षा करेंगे तो यह अनुमति कैसा साधन न होगा ? इस शंका में कहते हैं— सब इत्यादि से ।

सब उपायोंके साधारण होने से, चैतन्यकार्य होने से,
प्राप्तिदशा में भी अनुवर्तमान होनेसे, स्वरूपातिरेकी न होनेसे,
अचिद्व्यावृत्ति वेष को साधन नहीं कर सकते ॥ ६८॥

भोगमोक्षोपायों में किसी एक उपायानुष्ठान के योग्य चेतन से 'तुम इ

स्मिंश्चिदधिकर्तुः त्वमिममुपायमनुतिष्ठेत्युक्तौ तथा करोमीत्यनुमतिपूर्वकं तत्रावगाहनस्यावश्यकत्वात् सकलोपायसाधारण्यम्। अनेन कुत्राप्यस्या अनुमतेरधिकारिविशेषणत्वं विना फलसाधनत्वं नास्तीति दर्शितम्।

चैतन्यकार्यत्वं नाम—रक्ष्यत्वस्य चेतनाचेतनसाधारणत्वेऽपि ज्ञानशून्यत्वादमुमाकारं ज्ञातुमयोग्यादचेतनाद्विलक्षणे ज्ञानाश्रयत्वात्तं ज्ञातुं योग्य एतच्चेतने विद्यमानाया अनुमतेः ज्ञानकार्यत्वेनागतत्वम्। अनेनेयमनुमतिश्चेतनवैलक्षण्यप्रयुक्तत्वात्साधनकोटौ नान्वेतीत्युक्तम्।

प्राप्तिदशायां चानुवर्तमानत्वं नाम—उपायदशामात्रं विनोपेयदशायां च चेतनव्यामोहानुगुणं क्रियमाणविनियोगविशेषेषु यथेच्छं स्वीकुर्वित्यनुमतेरस्मिन्वर्तमानत्वम्। अनेन साधनं चेत्फलसिद्धौ निवृत्ता स्यादिति भावो व्यंजितः।

उपाय को अनुष्ठान करो' ऐसा कहने पर 'वैसा ही करूंगा' ऐसा अनुमति पूर्वक उस में प्रवृत्त होना आवश्यक होनेसे सब उपायों के साधारण होना। इस से किसी स्थान में भी इस अनुमति का अधिकारिविशेषणत्व विना फलसाधनत्व न होना दिखाया गया।

चैतन्यकार्य होना माने— रक्ष्यत्व चेतनाचेतनसाधारण होनेपर भी ज्ञानशून्य होनेसे उस आकार को जानने की योग्यता रहित अचेतन के तरह न हो ज्ञानाश्रय होनेसे उस रक्ष्यत्व आकार को जानने के योग्य इस चेतन की अनुमति इस का ज्ञान कार्य होना। इस से यह अनुमति चेतन के स्वभाव से हुई है, अत एव साधनकोटि में न गिनी जायगी।

प्राप्तिदशा में अनुवर्तमान होना माने— उपायदशा में मात्र न हो उपेयदशा में भी सर्वेश्वर के व्यामोहानुगुण क्रियमाण विनियोगविशेषों में आप की इच्छा के अनुसार दास को विनियोग करलीजिये ऐसा अनुमति इस चेतन में वर्तमान

स्वरूपातिरेकित्वाभावो नाम—शेषिणा क्रियमाणस्यानुमतिं कृत्वा स्थितेः शेषत्वपारतंत्र्यकार्यादस्यानुमतेः स्वरूपाद्बाह्यत्वं विना स्वरूपानुरूपत्वम्। अनेन साधनं चेत्स्वरूपातिरेकिणी स्यादिति भावः।

अचिद्व्यावृत्तवेषो नाम—ज्ञातृत्वेन ज्ञानशून्यादचितो व्यावृत्तस्यात्मन आकारः। अत्रायमाकारः—ज्ञानकार्यानुमतिः। इयं साधनीकर्तुं न शक्यत इति—एवमस्या असाधनत्वहेतूनां सत्त्वादियं साधनत्वेन कल्पितुं न शक्यत इत्यर्थः। अचिद्व्यावृत्तिवेष इति पाठश्चेत् ज्ञानशून्यादचित आत्मनो विद्यमानाया ज्ञातृस्वरूपव्यावृत्तेर्वेषभूतानुमतिरिति शब्दार्थः।

तर्ह्येतदचिद्व्यावृत्तेः किंचित्प्रयोजनं नापेक्षितं किमित्यत आह—अचिद्व्यावृत्तेरित्यादि।

होना।

स्वरूपातिरेकी न होना माने—शेषिकर्तृक व्यापारों में सहायभूत होना शेषत्वपारतंत्र्य का कार्य होनेसे यह अनुमति स्वरूप से अलग न हो स्वरूप ही होना। इस से साधन हो तो स्वरूपातिरेकी होना चाहिये ऐसा तात्पर्य है।

अचिद्व्यावृत्तवेष माने—ज्ञातृत्व द्वारा ज्ञानशून्य अचित् से भिन्न आत्मा का आकार। यहां वह आकार माने—ज्ञान का कार्य अनुमति ही है। इस को साधन नहीं करसकते माने—इस प्रकार यह साधन नहीं ऐसा सिद्ध करनेवाले हेतु बहुत होनेसे इस अनुमति को साधनतया कल्पना नहीं कर सकते।

ऐसा हो तो अचित् से बिलक्षण होने का प्रयोजन क्या है ? इस आकांक्षा में कहते हैं— अचित् से विलक्षण होनेका इत्यादि।

अचिद्व्यावृत्तेः प्रयोजनमुपाय उप-
कारस्मृतिरुपेये प्रीतिश्च । ॥६९॥

उपाय उपकारस्मृतिर्नाम– 'मम दुष्टं मनो निवर्तितवान्' 'अनन्यप्रयोजनमाश्रयितुं मनो दत्तवान्' इत्युक्तप्रकारेण सिद्धोपायभूतेन भगवता स्वविषये कृतानामुपकाराणामनुसंधानम् । उपेये प्रीतिर्नाम—तच्चरणयोः स्वेन क्रियमाणेषु कैंकर्येषु 'प्रीत्या कैंकर्यं कृत्वा, इत्युक्ता प्रीतिः, तया तस्य जायमानां प्रीतिं दृष्ट्वा स्वस्य जायमाना प्रीतिश्च ।

एवमेतस्मिन्विद्यमानमेकमप्युपायो न भवति चेदस्य तत्प्राप्त्युपायः को वेत्यत आह—त्वन्मनसेत्यादि ।

उपाये चोपकारस्य स्मृतिः प्रीतिश्च साध्यके ।
अचिद्व्यावृत्तवेषस्य प्रयोजनप्रकाशिका ॥ ६९ ॥

अचित् से विलक्षण होनेका प्रयोजन– उपाय में
उपकारस्मृति और उपेय में प्रीति ये दोनों हैं ॥ ६९ ॥

उपाय में उपकारस्मृति माने– 'हमारे दुष्टमन को नाश किये हो' 'आदर पूर्वक सेवा करनेवाले मन को दिये हो' इस प्रकार सिद्धोपायभूत सर्वेश्वर के अपने विषय में किये हुए उपकारों को अनुसंधान करना । उपेय में प्रीति माने– उन के चरणों में स्वक्रियमाण कैंकर्यों में 'संतोषपूर्वक कैंकर्य कर' ऐसा प्रीति और तद्द्वारा सर्वेश्वर को होनेवाली प्रीति को देख अपने में होनेवाली प्रीति ।

इस प्रकार इस चेतनगत एक भी उपाय न होनेपर इस को उन की प्राप्ति में उपाय क्या ? इस शंका में कहते हैं— तुम्हारे मन से इत्यादि ।

'त्वन्मनसा किमैच्छः' इत्युक्तप्रकारे-
ण प्राप्तेरुपायस्तदिच्छा ॥७० ॥
सा च सदा वर्तते ॥ ७१ ॥

अस्मिन्विद्यमानस्यैकस्यापि फलोपायत्वाभावात् 'त्वन्मनसा किमैच्छः' इति हस्तप्रच्युतस्यापि किंचिन्निर्वहणप्रकारं पश्यतस्तव हृदयेनैषितं किमिति हितैषिणस्तस्येच्छैवोपाय इति दिव्यसूरिणानुसंहितप्रकारेण तत्प्राप्तेरुपायः सर्वज्ञस्य सर्वशक्तेः प्राप्तस्य परमदयालोः सतस्तस्यैतच्चेतनोज्जीवनार्थेच्छैवेत्यर्थः ।

सा चेच्छा तस्य कदा जायते इत्यत आह— सा चेत्यादि ।

त्वं मनसा किमैच्छश्चेत्युक्तश्रीसूक्तिरूपतः ।
तदिच्छा प्राप्त्युपायोस्ति निष्प्रत्यूहः सदा शुचिः ॥७०॥
सा वर्तते सदा चात्र तेन न फलदा मता ॥७१॥

'तुम्हारे मन से क्या विचार किये हो' इत्युक्तप्रकार
प्राप्ति का उपाय उन की इच्छा है ॥ ७० ॥

इस चेतनगत एक भी फल का उपाय न होनेसे, 'तुम्हारे मन से क्या विचार किये हो' ऐसा हाथ से छूटे हुए वस्तुओं को रक्षाकरने में तत्पर 'आप के मन से क्या विचार किये हो' ऐसा हित चाहनेवाले उन की इच्छा ही उपाय है समझ जैसे सूरी अनुसंधान किये हैं तैसे उन की प्राप्ति का उपाय सर्वज्ञ सर्वशक्ति प्राप्त और परमदयालु सर्वेश्वर की चेतनोज्जीवन के लिये क्रियमाण इच्छा ही है– ऐसा तात्पर्य समझना ।

वह इच्छा उन को कब होती है इस शंका में कहते हैं– वह सदा रहती है इत्यादि से ।

वह सदा रहती है ॥ ७१ ॥

सा फलति-अस्य चिंता निवृत्ता चेत् ॥७२॥
अंतिमकालस्य शरणं तदानीं शरणं कि-
मिति चिंतानिवृत्तिरिति यतिरवोचत् ॥७३॥

सदेति-अस्य किंचिदवलंब्य व्यावृत्तिकालेऽय चाविशेषेण सर्वकालेष्वपीत्यर्थः ।

तर्ह्येतत्कालपर्यंतं कुतो न फलितेत्यत आह--सा फलतीत्यादि ।

तस्येच्छास्य कार्यकारिणी भवति अस्य स्वरक्षणचिंतानिवृत्तिकाले इत्यर्थः ।

एतदर्थस्याप्त्यर्थं वेदांतिवार्तामाह-अंतिमकालस्येत्यादिना

अस्य चिंता निवृता चेत्तदा फलति निस्पृहा ॥७२॥
शरणमंतकालस्य तदानीं शरणं किमु ।
इति चिंतानिवृत्तिर्हि यतिनेत्थं प्रसादितम् ॥७३॥

सदा माने— यह चेतन किसी एक व्रत को अवलंबन कर परमात्मा से अलग हो संचार करने का काल और समाश्रयण रुचि होने का काल सर्वकाल में भी रहती है ।

तब यह इच्छा आज तक क्यों फलीभूत नहीं ? इस आकांक्षा में कहते हैं— वह इच्छा फलीभूत होती है इत्यादि ।

वह इच्छा फलीभूत होती है— इसकी इच्छा निवृत्त होनेपर ॥७२॥

उन की इच्छा इस का कार्य करती है इस की स्वरक्षणचिंता हटने पर ।

इस अर्थ में विश्वास होने के लिये वेदांती के वचन को कहते हैं— अंतिम काल का इत्यादि से ।

'अंतिमकाल का रक्षक— अब रक्षक कौन ऐसी
चिंता न करना ही' ऐसा वेदांती कहे हैं ॥७३॥

प्राप्ता च प्रापकश्च प्राप्तेः प्रसन्नश्च स एव ॥७४॥

वेदांतियतो स्वचरणाश्रितस्य कस्य चिच्छ्रीवैष्णवस्य रुजं ज्ञातुं गत्वा स्थिते सति तदा तस्मिन् श्रीवैष्णवे 'दासस्यांतिमकालस्य शरणभूतं किंचन वक्तव्य'मिति वदति 'अंतिमकालस्य शरणं ममेदानीं शरणं किमिति चिंतानिवृत्तिर्ही'ति तदुक्ता वार्ता । तस्मादीश्वरेणैतदात्मोज्जीवननिदानतया क्रियमाणचिंता फलति—अस्य स्वरक्षणचिंता निवृत्ता चेदित्युक्तम् ।

प्रापक ईश्वरश्चेदपि प्राप्ता प्राप्तेः प्रसन्नश्चायं खलु, तथासति अस्य चिंता कथं दूरीक्रियते? अत आह— प्राप्ताचेत्यादि ।

अथवास्मिन् चेतने विद्यमानमुपायत्वगंधं वारयित्वेश्वर

प्राप्ता च प्रापकश्चैव प्राप्तिप्रीतिफलश्च सः ॥७४॥

वेदांती अपने आश्रित एक श्रीवैष्णव व्याधिग्रस्त होनेपर उस को देखने के लिये गये थे, तब वह श्रीवैष्णव–'दास को अंतिमकाल में रक्षकभूत एक उपाय को बताईये' ऐसा पूंछने पर 'अंतिमकाल में रक्षक–हम को अत्र रक्षक कौन है ? ऐसा स्वरक्षणचिंता का न होना ही' इस वार्ता को स्मरण करना । अर्थात् चेतनकर्तृकाचिंता नष्ट होनेपर ही ईश्वर की इच्छा सफल होती है—इति तात्पर्य ।

प्रापक ईश्वर हो तो भी प्राप्त होनेवाला और प्राप्ति से संतुष्ट होनेवाला यह चेतन ही है, तब इन चेतन की चिंता को प्रत्यक्ष हटाना उचित है क्या ? इस शंका में कहते हैं—प्राप्ता इत्यादि ।

प्राप्ता, प्रापक और प्राप्ति से संतुष्ट होनेवाला भी वही है ॥७४॥

जब इस चेतन स्वकर्तृक उपाय को छोड ईश्वर ही उपाय है ऐसा निश्चय

एवोपाय इति निष्कर्षे कृते प्राप्तृत्वं प्राप्तिप्रयुक्तप्रीतिश्चास्य न भवति किंतूपायभूतेश्वरस्यैवेति फलितत्वात् प्राप्ता च प्रापकश्च प्राप्तेः प्रसन्नश्च स एवेति निगमयति— प्राप्ता चेत्यादिना । प्राप्ता स इति– ।

'स्वत्वमात्मनि संजातं स्वामित्वं ब्रह्मणि स्थितम् ।'

इत्युक्तस्वतःसिद्धस्वस्वामिसंबंधहेतुना स्वप्राप्तृस्वामिवत् एतदात्मप्राप्ता स्वयमेवेत्यर्थः । प्रापकः स एवेति– स्वस्यैतत्प्राप्तौ प्रापयितोपायश्च सर्वज्ञत्वसर्वशक्तित्वसत्यसंकल्पत्वादिगुणविशिष्टः निरंकुशस्वतंत्रः स्वयमेवेत्यर्थः । प्राप्तेः प्रसन्नश्च स एवेति– यथा स्वलाभे तद्भोक्ता स्वामी हृष्टो भवति तथैतत्प्राप्तौ लाभो जात इति प्रीतिविशिष्टश्च तदात्मनो नित्यभोक्ता स्वयमेवेत्यर्थः। एतत्त्रयं च स एवेत्यवधारणेनैतेष्वेतदन्वयथेकमपि नास्तीत्युक्तम् ।

किया है तब प्राप्त होना, प्राप्त होनेपर संतुष्टहोना ये दोनों चेतन का नहीं, उपायभूत ईश्वर का ही होते हैं । इस कारण 'प्राप्त होनेवाला, प्रापक और प्राप्ति से संतुष्ट होनेवाला भी वही है' ऐसा समाप्त करते हैं ।

प्राप्ता ईश्वर होना माने—

'आत्मा चीज है मालिक ब्रह्म है' ऐसा स्वतः सिद्ध स्वस्वामित्व संबंध द्वारा चीज को प्राप्त होनेवाले मालिक के तरह इस आत्मा को प्राप्त होनेवाले आप ही हैं । प्रापक वह है—आप इस चेतन को प्राप्त होनेके समय प्राप्ति का उपाय–सर्वज्ञत्व, सर्वशक्तित्व, सत्यसंकल्पत्वादि गुणविशिष्ट और निरंकुशस्वतंत्र आप ही हैं । प्राप्ति से संतुष्ट होनेवाले भी वही है माने—चीज का लाभ से तद्भोक्ता स्वामी यथा हृष्ट होता है तथा इस चेतन की प्राप्ति के लिये मैं भाग्यवान् हुवा हूं ऐसा हृष्ट होनेवाले आप ही है। ये तीनों वही है ऐसा कहनेसे इन तीनों में एक भी चेतन के साथ संबंध न रखता है ऐसा जानना । 'प्राप्त होनेवाले

स्वयत्ननिवृत्तिः पारतंत्र्यफलं,
स्वप्रयोजननिवृत्तिः शेषत्वफलम् ॥७५॥

अत्र प्राप्ता च प्रापकश्च स एवेत्युक्तत्वादस्य स्वयत्नेऽन्वयो नास्तीति, प्राप्तेः प्रसन्नश्च स एवेत्युक्तत्वात्स्वप्रयोजनेन्वयो नास्तीति च सिद्धम्

तर्हि ज्ञातृत्वकार्यभूतकर्तृत्वभोक्तृत्वविशिष्टत्वेन स्वयत्नस्वप्रयोजनार्हतायां सत्यां अनयोरुभयोरपि निवृत्तिरस्य कथमागतेति शंकायामाह– स्वयत्नेत्यादिवाक्यद्वयेन ।

ज्ञातृत्वनिबंधनकर्तृत्वे सत्यपि भगवत्प्राप्तिं प्रति स्वयं यत्नाकरणरूपेयं स्वयत्ननिवृत्तिः पराधीनस्वरूपस्थित्यादिमत्वरू-

---

पारतंत्र्यफलं तत्स्याद् यत्स्वयत्ननिवर्तनम् ।
शेषत्वफलमप्याहुः स्वप्रयोजनवर्जनम् ॥ ७५ ॥

और प्रापक ये दोनों वही है कहनेसे इस चेतन का स्वयत्न में संबंध नहीं है, 'प्राप्ति से संतुष्ट होनेवाले वही' कहनेसे इस चेतन का स्वप्रयोजन में संबंध नहीं है ये दोनों सिद्ध होते हैं ।

तब यह चेतन ज्ञातृत्वकार्यभूत कर्तृत्व–भोक्तृत्ववाले होनेसे स्वयत्न स्वप्रयोजनों के योग्य होते हुए इन दोनों की निवृत्ति इस चेतन में कैसी होती है ? इस शंका में कहते हैं–स्वयत्न इत्यादि दो वाक्यों में ।

स्वयत्ननिवृत्ति पारतंत्र्यफल है, स्वप्रयोजननिवृत्ति शेषत्वफल है ॥ ७५ ॥

ज्ञातृत्व के कारण कर्तृत्व होतेहुए भी भगवत्प्राप्ति के लिये आप अपने यत्न को छोड रहना–अपने स्वरूप और स्थिति परमात्मा के अधीन हैं ऐसा इस पारतंत्र्यज्ञानका कार्य है। तैसा ही भोक्तृत्व होतेहुए भी उन को आनंदित करना

परप्रयोजनप्रवृत्तिः प्रयत्नफलं,
तद्विषयप्रीतिश्चैतन्यफलम् ॥७६॥

षपारतंत्र्यकार्यम्। एवं भोक्तृत्वे सत्यपि तद्रसयितृत्वमंतरेण स्वस्य कुत्रापि रसाभावरूपा स्वप्रयोजननिवृत्तिः परातिशयाधायकस्यैकस्वरूपशेषत्वकार्यमित्यर्थः। अनेन पारतंत्र्यशेषत्वयोरप्यात्मनः स्वरूपत्वादेतदाकारयोर्ज्ञातयोरेतद्द्वयमपि स्वयमेव भवतीत्युक्तम्।

तदेवं स्वयत्नस्वप्रयोजनयोरन्वयाभावेऽस्य प्रयत्नस्य चैतन्यस्य च किं प्रयोजनमित्यत आह—परप्रयोजनेत्यादिवाक्यद्वयेन।

सा च 'अहं सर्वं करिष्यामि' 'च्युतिरहितं कैंकर्यं कर्तव्यम्'

प्रयत्नस्य फलं तस्माद् यत्परार्थप्रवर्तनम्।
तद्विषयानुरागश्च चैतन्यफलमुच्यते ॥७६॥

छोड अपने आनंदित न होना रूप स्वप्रयोजननिवृत्ति परमात्मा का अतिशय को बढाना ही अपना स्वरूप ऐसा इस शेषत्वज्ञान का कार्य है। इस से पारतंत्र्य और शेषत्व ये दोनों आत्मा का स्वरूप होनेसे इन आकारों को जाननेपर ये दोनों (स्वयत्ननिवृत्ति और स्वप्रयोजननिवृत्ति) स्वयमेव होते हैं।

तथासति—इस प्रकार स्वयत्नस्वप्रयोजनों में संबंध न हो तो इस चेतन का प्रयत्न और चैतन्य के प्रयोजन क्या? इस शंका में कहते हैं—परप्रयोजन इत्यादि दो वाक्यों से।

परप्रयोजन प्रवृत्ति प्रयत्न का फल है, परमात्मा
के विषय में प्रीति चैतन्य का फल है ॥७६॥

'मैं सब करूंगा' 'विच्छेदरहित कैंकर्य करना' आप ही को हम

'तवैव वयं कैंकर्यं कुर्मः' इत्युक्तप्रकारेण परस्य प्रयोजनतया क्रियमाणकैंकर्यरूपप्रवृत्तिरस्य प्रवृत्त्युद्योगरूपप्रयत्नस्य प्रयोजनम्। 'नित्यकिंकरः प्रहर्षयिष्यामि' इत्युक्तप्रकारेण तत्प्रीत्यर्थं स्वेन क्रियमाणकैंकर्येणात्यंतहृष्टस्य परस्य विषये जायमाना प्रीतिरस्याचिद्व्यावृत्तिरूपचैतन्यस्य प्रयोजनमित्यर्थः। 'सोपानीभूय त्वत्प्रवालाधरं पश्यानि' इत्युक्तंहि। अनेन पारतंत्र्यशेषत्वाभ्यां फलितस्वयत्नस्वप्रयोजननिवृत्तिविशिष्टस्य चेतनस्य प्रयत्नचैतन्ययोः पारतंत्र्यशेषत्वानुगुणे प्रयोजने उक्ते।

शेषत्वादेर्ज्ञातृत्वादेश्च आत्मधर्मत्वेऽविशिष्टे शेषत्वादिकं प्रधानीकृत्य ज्ञातृत्वादिकं तदानुगुण्येन योजयितुं किं नियामकं? वैपरीत्ये को दोषः? इत्यत आह—अहमर्थस्येत्यादि।

कैंकर्य करेंगे' इन वचनानुसार परमात्मा का प्रयोजन मान कीजानेवाली कैंकर्य रूप प्रवृत्ति--इस का प्रयत्न का फल है। 'नित्यकिंकर हो हृष्ट करूंगा' इत्युक्त प्रकार परमात्मा के हर्ष के लिये चेतनकर्तृक कैंकर्य से अत्यंत हृष्ट परमात्मा के विषय में प्रीति--इस चेतन का अचिद्भिन्नत्व रूप चैतन्य का प्रयोजन है। 'सीढी हो आप के प्रवालाधर को देखूंगा' ऐसा कहे हैं। इस से पारतंत्र्य-शेषत्वों से फलित स्वयत्न – स्वप्रयोजननिवृत्तिवाले चेतन के प्रयत्न चैतन्यों को पारतंत्र्यशेषत्वानुगुण प्रयोजन कहे गये हैं।

शेषत्वादि और ज्ञातृत्वादि आत्मा के धर्म होनेपर शेषत्वादि को प्रधान मान ज्ञातृत्वादि को उस के अनुगुण योजना करने का हेतु क्या? इस शंका में कहते हैं – 'अहमर्थ का इत्यादि।

अहमर्थस्य ज्ञानानंदौ तटस्थौ
दास्यं ह्यंतरंगनिरूपकम् ॥ ७७ ॥

अहमर्थो नाम – प्रत्यक्त्वेन अहंबुद्धिव्यवहारार्हमात्मवस्तु। ज्ञानानंदौ नाम–तद्गते प्रकाशत्वानुकूलत्वे 'ज्ञानानंदमयस्त्वात्मा'

स्वरूपमणुमात्रं स्यात् ज्ञानानंदैकलक्षणम्'

इत्येताभ्यां हि वस्तु निरूप्यते। तटस्थाविति– बहिरंगनिरूपकतया बहिर्दल इत्यर्थः। दास्यं नाम– शेषत्वं। अस्यांतरंगनिरूपकत्वं नाम– भगवत्स्वरूपस्य प्रकारतया शेषत्वेनैव स्वसत्ताकत्वाद्वस्तुनः प्रथमं शेषत्वेन निरूप्यैवान्यैराकारैर्निरूपणीयवस्तुसत्ताकत्वम्। अनेन निरूपकत्वं नाम–वस्तुनो वस्त्वंतराद् व्यावर्तकत्वम्। अतो दास्यमीश्वरव्यावर्तकं, ज्ञानानंदा-

---

ज्ञानानंदौ तटस्थौ चाहमर्थस्यांतरंगकम् ॥ ७९ ॥

अहमर्थ का ज्ञानानंदादि यथा तटस्थ कहेजाय
तथा दास्य ही अंतरंगनिरुपक है ॥ ७७ ॥

अहमर्थमाने – प्रत्यक्त्व होनेसे 'अहं' ऐसा जानने और व्यवहार-करने योग्य आत्मवस्तु। 'ज्ञानांनंदमय आत्मा है'।

'ज्ञानानंदलक्षण स्वरूप अणुमात्र है'।

ऐसा ज्ञानानंदोंसे ही आत्मवस्तु को निरूपण करते हैं। यथा तटस्थ कहेजांय माने – बहिरंगनिरूपक समस्त बाह्याकार कहेजाँय। दास्य माने – शेषत्व, यह अंतरंगनिरूपक माने – भगवत्स्वरूप का विशेषणतया शेषभूत होकर ही सत्तावाले होनेसे पहिले शेषत्व को लेकर निरूपण कर अनंतर अन्य आकारों से निरूपण करने योग्य होना। इस से निरुपक माने–एक वस्तु को अन्य वस्तु से अलग करनेवाला है। दास्य–ईश्वर से अलग करता है। ज्ञानानंद– अचित् से अलग करता

वचिद्व्यावर्तकौ। एवं निरूपकद्वयस्य च वस्तुनोऽपेक्षितत्वेऽपि भगवत्प्रकारतया लब्धसत्ताकस्य वस्तुनोऽचितो विद्यमानविशेषज्ञापकत्वमात्रविशिष्टौ ज्ञानानंदौ यथा बहिर्दले स्यातां तथा प्रकारत्वप्रयुक्तं शेषत्वमेवांतरंगनिरूपकमित्युक्तम्। हीत्यस्मिन्नर्थे प्रामाण्यप्रसिद्धिः।

प्रथमं शेषत्वेन वस्तु निरूप्य पश्चाद् ज्ञानानंदलक्षणं ज्ञानगुणकमचिद्व्यावृत्तं चेति तृतीयपदेन निरूपयत्प्रणवः, समस्तवस्तूनां सर्वेश्वरप्रकारत्वं प्रतिपादयन्नारायणपदादीनि चात्र प्रमाणम्।

'दासभूताः स्वतः सर्वे ह्यात्मानः परमात्मनः।
नान्यथा लक्षणं तेषां बंधे मोक्षे तथैव च॥'

इत्यादीनि संतिहि। 'दासे स्थितः' इत्यवदन् परांकुशाः। श्रीगो-

है। इस प्रकार ये दोनों निरूपकधर्म वस्तु के अपेक्षित होनेपर भगवत् प्रकारतया सत्ताविशिष्ट वस्तु को अचित् से अलग करनेवाले ज्ञानानंद यथा बाहरके दल हों तथा प्रकारत्व से आयाहुआ शेषत्व ही अंतरंगनिरूपक होता है। 'ही' इस से इस अर्थ में प्रमाण प्रसिद्ध है समझना।

प्रथम शेषत्व को लेकर आत्मवस्तु को निरूपण कर अनंतर ज्ञानानंदलक्षण ज्ञानगुणक और अचित् से भिन्न है ऐसा कहना चाहिये। इस अर्थ को तीसरा पद (मकार) से निरूपण करनेवाला प्रणव, समस्तवस्तु सर्वेश्वर के प्रकार हैं इस अर्थ को निरूपण करनेवाला नारायण पद आदि इस में प्रमाण हैं।

'सकल आत्मा परमात्मा के स्वतः सिद्ध दास हैं। उन आत्माओं को
बद्धावस्था में और मोक्षावस्था में भी अन्य लक्षण नहीं है।'

इत्यादि प्रमाण भी हैं। शठकोपसूरि 'दास के भीतर रहनेवाले' कहे हैं। श्रीगोष्ठीपूर्ण के चरणों में कूरेश छः महीने शुश्रूषा कर महानिधिरूप से

इदं चागंतुकं न भवति ॥७८॥

श्रीपूर्णश्रीपादयोः षण्मासान् कूरेशः सेवां कृत्वा महानिधिस्थे-नामुमर्थमवाप । एवं शेषत्वस्यांतरंगनिरूपकत्वान्निरूपितस्वरूपविशेषणभूतज्ञातृत्वादीन्येतदनुगुणं योजनीयानीति भावः।

अस्य स्वरूपनिरूपकत्वे आत्मसत्ताप्रभृति सत्तावश्यकी हि, एतत्पूर्वमभावेनेदानीं जातत्वाल्लोकेऽस्यौपाधिकत्वेन दर्शनाच्च दास्यमात्मनः आगंतुकं खलु इत्यत आह– इदं चेत्यादि।

इदंचेति– प्रकृतं दास्यं परामृश्यते । तन्न भवतीत्युक्त्वा-त्स्वाभाविकमित्यर्थः ।

'स्वोज्जीवनेच्छा यदि ते स्वसत्तायां स्पृहा यदि ।
आत्मदास्यं हरेः स्वाम्यं स्वभावं च सदा स्मर ॥'

दास्यं निरूपकं तच्चानागंतुकतयेष्यते ॥७८॥

प्राप्त हुए अर्थ यही है । अभिप्राय यह है कि– शेषत्व अंतरंगनिरूपक होनेसे शेषत्व से निरूपित आत्मस्वरूप के विशेषण ज्ञातृत्वादियों को शेषत्वानुसार योजना करना चाहिये ।

यह शेषत्व स्वरूपनिरूपक हो तो आत्मा जब से है तब से रहना चाहिये ऐसा न हो अब ही होनेसे, लौकिकजन इस को आगंतुक कहने से यह दास्य आत्मा को बीच में आया है इस शंका में कहते हैं-- यह आगंतुक नहीं इत्यादि से ।

यह आगंतुक नहीं है ॥७९॥

यह माने-- प्रकृत दास्य । आगंतूक नहीं माने-- स्वभावसिद्ध है ।

'तुम को अपने उज्जीवन में इच्छा हो तो अपनी सत्ता में रुचि हो तो आत्मा का दास्य और हरि का स्वामित्व ये दोनों स्वभावसिद्ध समझो ।'

स्वातंत्र्यमन्यशेषत्वं चांगतुके ॥७९॥
शेषत्वविरोधि स्वातंत्र्यं, तच्छेष-
त्वविरोधि तदितरशेषत्वम् ॥८०॥

'लक्ष्मणिव्यामोहशालिन्नहमपि तव प्राचीनदासः' इत्युक्तं हि।

तर्ह्यागंतुकत्वेन विवक्षिते के इति शंकायामेतद्विरोधिनीत्याह–स्वातंत्र्यमित्यादिना।

स्वातंत्र्यं नाम— अहं ममार्हे इति स्थितिः। अन्यशेषत्वं नाम— भगवदन्यविषयेषु चापल्यम्। एते चांगतुके इत्युक्तं–अस्याविद्यादिहेतुकतयाऽऽगतत्वात्।

एतद्विरोधित्वमुपपादयति— शेषत्वविरोधीत्यादिना।

स्वातंत्र्यमन्यशेषत्वं चागंतुकतयेष्यते ॥७९॥
शेषत्वस्य विरोधिः स्यात् स्वातंत्र्यं चान्यशेषता।
तच्छेषत्वविरोधिः स्यात्प्राप्योपायप्रबाधिका ॥८०॥

'हम भी आपका पुराना दास हैं' ऐसा भी कहा है।

तब आगंतुक किस को कहते हैं? इस शंका में, इस शेषत्व के विरोधियों को कहते हैं ऐसा प्रतिपादन करते हैं – स्वातंत्र्य इत्यादि से।

स्वातंत्र्य और अन्यशेषत्व ये दोनों आगंतुक हैं ॥८०॥

स्वातंत्र्य माने— मैं अपने लिये हूं ऐसा रहना। अन्यशेषत्व माने– भगवदन्यविषयों में दास्य करना। ये दोनों आगंतुक हैं माने– इस चेतन के अविद्यादि कारण से आये हुए हैं।

ये इस शेषत्व को विरोधि हैं इस को उपपादन करते हैं— शेषत्व का विरोधि इत्यादि से

शेषत्व का विरोधि स्वातंत्र्य है, परमात्मा के
शेषत्व का विरोधि तदितरशेषत्व है ॥८१॥

अहंकाररूपमालिन्यनिवर्त्तने
आत्मनोऽविनश्यन्नाम दास इति हि ॥८१॥

शेषत्वविरोधिस्वातंत्र्यमिति— अहं ममाहं इति स्थितिसमये एकस्मिन्नपि विषये शेषत्वाभावात्स्वातंत्र्यं शेषत्वोत्पत्तिप्रतिबंधकमित्यर्थः ।

तच्छेषत्वविरोधि तदितरशेषत्वमिति — स्वातंत्र्यनिवृत्त्या शेषत्वांगीकारेपि भगवद्व्यतिरिक्तविषयेषु कस्यचित्स्वस्य शेषत्वानुसंधानं निरुपाधिकशेषिभूततद्विषये शेषत्वं प्रतिबध्नातीत्यर्थः ।

इदं चागंतुकं न भवतीत्यारभ्योपपादितमर्थं निरूपयति— अहंकारेत्यादिना ।

अहंकारशरीरस्य मालिन्यस्य निवर्तने ।
आत्मनो दास इति हि निरुपाधिकनामता ॥८१॥

शेषत्व का विरोधि स्वातंत्र्य है माने – जब यह चेतन 'मैं मेरे लिये हूं' ऐसा समझता है तब किसी एक विषय में भी शेषत्व न होने से स्वातंत्र्य शेषत्व को रोकता है ।

परमात्मा के शेषत्व का विरोधि तदितरशेषत्व माने – स्वातंत्र्य नष्ट हों शेषत्व को अंगीकार करनेपर भी भगवद्व्यतिरिक्त विषयों में एक का अपने को शेष मानना, यह निरुपाधिक शेषी परमात्मा का शेषत्व को रोकता है ।

'यह आगंतुक नहीं' इस अर्थ को स्पष्ट कहते हैं – अहंकार इत्यादि ।

अहंकाररूप लेप को पोंछने पर आत्मा का स्वतः सिद्ध नाम 'दास' ही है ॥८१॥

ग्रामकुलादिप्रयुक्तं नामानर्थहेतुः ॥ ८२ ॥

अहंकारश्च देहात्माभिमानरूपः, स्वस्वातंत्र्यरूपश्चेति द्विविधः । तयोरत्र स्वातंत्र्यमुच्यते । मालिन्येत्यनेन—अस्य तिरोधायकत्वमागंतुकत्वं च भासते । तन्निवर्त्तनं नाम—सदाचार्योपदेशादिभिः सत्रासननिवर्त्तनम् । आत्मनोऽविनश्यन्नाम दास इति हीति—औपाधिकजातिवर्णाश्रमादिभिरागत्य निवर्तमानानां विलक्षणं यावदात्मानुवृत्ति नाम दास इति हीत्यर्थः । हीत्यस्मिन्नर्थे प्रमाणप्रसिद्धिः । 'दासभूताः स्वतः' 'आत्मदास्यं' इत्यादीन्यत्र विवक्षितानि । तस्मात्स्वातंत्र्यादिकमौपाधिकं दास्यं स्वाभाविकमिति न विरोध इति तात्पर्यम् ।

तर्किं ग्रामकुलादिप्रयुक्तो व्यपदेशः खलु वर्तते इत्यत आह—ग्रामेत्यादि ।

कुलग्रामादियुक्तं यत्तन्नामानर्थहेतुकम् ॥८२॥

अहंकार–देहात्माभिमान और स्वातंत्र्य ऐसा दो प्रकारके हैं उन में यहांपर स्वातंत्र्य को कहते हैं, लेप कहनेसे उस अहंकार का तिरोधायकत्व और आगंतुकत्व भासता है । उस को पोंछना माने – सदाचार्य उपदेशादियों से वासना सहित छुडाना । आत्मा का स्वतःसिद्ध नाम दास माने – आगंतुक जाति, वर्ण, आश्रमादियों से आकर नष्ट होनेवाले नामों के तरह न हो आत्मा रहनेतक अनुवर्तन करनेवाला नाम 'दास' ऐसा है । 'ही' कहनेसे इस अर्थ में प्रमाण प्रसिद्ध है । 'स्वतःसिद्ध दास हैं' 'आत्मा का दास्य को' इत्यादियों को यहां प्रमाण समझना । इस कारण स्वातंत्र्यादि आगंतुक है दास्य स्वतःसिद्ध है ऐसा कहनेमें दोष नहीं ।

वह कैसा ? ग्रामकुलादियों से होनेवाले नाम ही व्यवहार में चलता है इस शंका में कहते हैं – ग्राम इत्यादि ।

ग्रामकुलादियों से होनेवाले नाम अनर्थ का हेतु है ॥ ८२ ॥

'एकांती व्यपदेष्टव्यः' ॥ ८३ ॥

ग्रामकुलादिव्यपदेशोऽहंकारजनकत्वात् स्वरूपहानिरूपानर्थकर इत्यर्थः। तस्मात्तेनायं व्यपदेष्टव्यो न भवतीति तात्पर्यम्। उक्तार्थे प्रमाणमाह—'एकांती व्यदेष्टव्यः' इति।

'एकांती व्यपदेष्टव्यो नैव ग्रामकुलादिभिः।
विष्णुना व्यपदेष्टव्यस्तस्य सर्वं स एव हि॥'

अनेन भगवदेकपरो ग्रामकुलादिसंबंधेन वक्तव्यो न भवति, भगवत्संबंधेन व्यपदेश्यस्य ग्रामकुलादिकं सर्वं भगवानेव हीत्युच्यते।

प्राप्ता चेत्यादिवाक्येऽस्य चेतनस्य स्वयत्ननिवृत्त्यादिभानादेतन्निदानमेतदिति, एवंभूतस्य प्रयत्नचैतन्यप्रयोजनं, शेषत्वादिप्राधान्यहेतुरात्मस्वरूपस्य दास्यांतरंगनिरूपकत्वमि-

---

एकान्ती व्यपदेष्टव्यो नैव ग्रामकुलादिभिः ॥ ८३ ॥

ग्रामकुलादि से कहेजाना अहंकार जनक होनेसे स्वरूप हानिरूप अनर्थ को करता है। इस कारण उन नामों से यह चेतन नहीं कहाजाना चाहिये।

पूर्वोक्त अर्थ का प्रमाण दिखाते हैं – 'एकांती कहाजाता है' इत्यादि।

'एकांती कहाजाता है' ॥ ८३ ॥

'एकांती ग्रामकुलादियों से नहीं कहा जाता है, विष्णु से ही कहाजाता है कारण उस को ग्राम कुल आदि सब विष्णु ही हैं, इस से भगवदेकपर चेतन ग्रामकुलादि संबंधों से नहीं कहाजाता है। उस को ग्रामकुलादि सब भगवान ही है।

'प्राप्ता' इत्यादि वाक्य से इस चेतन का स्वयत्न निवृत्यादि भान होने से इन का कारण अमुक है, एवंभूत प्रयत्न और चैतन्य का प्रयोजन, शेषत्वादि का प्राधान्य का हेतु आत्मस्वरूप के अंतरंग निरूपक दास है, यह

तिच,एवंभूतमिदं स्वाभाविकं,एतद्विरोधिनी औपाधिके,तन्नि-वृत्तावात्मनो दास्यमेव नित्यनिरूपकमित्युक्तत्वादेतदर्थनिरूप-णं, ग्रामकुलादिभिर्व्यपदेष्टव्यो न भवतीत्युक्तार्थे प्रमाणस्यो-क्तत्वात् 'स्वयत्ननिवृत्ति'रित्यादिवाक्यमारभ्यैतावत्प्रासंगिकम् ।

एवमनेन प्रकरणेन प्रपत्तेर्देशादिनियमो नास्ति विषयनि-यम एवास्तीत्यर्थः, स च विषयोऽयमित्यर्थः, तद्विषयवैलक्षण्यं, तत्र प्रपत्तिकर्त्रधिकारिणां त्रैविध्यं, प्रपत्तावुपायत्वप्रतिपत्तेर्भव-दत्रयं, प्रपत्तेः स्वरूपादिकं, प्रपत्तव्य एवोपाय इत्यर्थश्च—प्रतिपादितः ।

उपायवैभवप्रकरणं समाप्तम् ।

—◌❀◌—

अधिकारिशोधनम् ।

स्वाभाविक है, इन के विरोधि आगंतुक हैं, विरोधि दूर होनेपर आत्मा का दास्य ही नित्यनिरूपक है, ग्रामकुलादियों से यह नहीं कहाजाता है, इस अर्थ में प्रमाण इत्यादि भी कहे हैं । 'अतः स्वयत्न निवृति' इत्यादि वाक्य से लेकर यहांतक प्रासंगिक समझना ।

एवं इस प्रकरण से प्रपत्ति का देशादिनियम नहीं, विषयनियम ही है, वह विषय अमुक है, उस विषय का वैलक्षण्य, उस विषय में प्रपत्ति करनेवाले अधिकारियों का वैलक्षण्य, उस में प्रपत्ति करनेवाले अधिकारी तीन प्रकारके हैं, प्रपत्ति को उपाय माननेसे होने वाला दोष, प्रपत्ति के स्वरूपादि, जिसविषय में प्रपत्ति करते हैं वही विषय उपाय है इत्यादि कहे गये हैं ।

उपाय वैभव प्रकरण समाप्त हुआ ।

—◌❀◌—

अधिकारि वैभव ।

उपायस्य जानकीवत् द्रौपदीवत् तिरुक्कण्णमंगै-याण्डान्वत् वर्तेत । उपेयस्य बालस्वामिवत् महा-राजवत् पिळ्ळैतिरुनरैयूररैयर्वत् चिंतयंतीवच्च वर्तेत ॥

अनंतरमधिकारिशोधनं क्रियते । उपायस्योपेयार्थत्वात् 'उपेये प्रीतिश्च' 'परप्रयोजनप्रवृत्तिः प्रयत्नफलं, तद्विषयप्रीतिश्चैतन्यफलं' इतिचोपेयाधिकारस्य च पूर्वं प्रसक्तत्वात् द्वय-निष्ठस्याधिकारिण उभयोरप्यपेक्षितत्वादुपायोपेयाधिकारयोश्चेतन एवमेवंप्रकारेण वर्तेतेत्यर्थः। तत्तन्निष्ठान्निदर्शयन्नित्याह— उपायस्येत्यादिवाक्यद्वयेन ।

तिरुक्कण्णमंगैयाण्डान् द्रौपदी जानकी यथा ।
तथोपायस्य माहात्म्यदर्शनाद्वर्तनं शुभम् ॥
बालस्वामी महाराजश्चिन्तयन्ती यथा तथा ।
तिरुनरैयूराचार्य्यवदुपाये च वर्तनम् ॥ ८४ ॥

अनंतर अधिकारि को शोधन करते हैं । उपाय उपेय के वास्ते होनेसे, 'उपेय में प्रीति' 'परप्रयोजन के लिये प्रवृत्ति प्रयत्न का फल है, उस विषय में प्रीति चैतन्य का फल है' ऐसा उपेयाधिकार भी पूर्वप्रसक्त होनेसे, द्वय में निष्ठावान् अधिकारी को दोनों अपेक्षित होनेसे, उपाय और उपेयाधिकारों में यह चेतन अमुक अमुक प्रकार से रहना चाहिये इस अर्थ को उपाय और उपेय में निष्ठावालों को दृष्टांत दे कहते हैं— उपाय के लिये इत्यादि ।

उपाय के लिये सीता जी, द्रौपदी और तिरुक्कण्णमंगैयांडान्
इन के सदृश रहना चाहिये, उपेय के लिये श्रीलक्ष्मणजी,
श्रीजटायु, पिळ्ळैतिरुनरैयूररैयर और चिंतयंती के सदृश
रहना चाहिये ॥ ८४ ॥

जानक्या द्रौपद्याश्च तारतम्यं
शक्तिश्चाशक्तिश्च ॥८५॥

उपायस्येति—उपायस्याधिकारिभवनसमये इत्यर्थः। उपायाधिकारस्येति वा। सैवैत्रोपेयस्येत्यत्राप्यर्थो बोध्यः। उपाय इति पाठे उपायविषय इत्यर्थः। एवमन्यत्रापि।

तद्वद्वर्तेतेत्यस्य तात्पर्यं दर्शयितुं तेषां प्रकारानानुक्रमेणाह—तत्र जानक्या द्रौपद्याश्च प्रकारान् वक्तुं प्रथममुभयोस्तारतम्यमाह—जानक्या इत्यादिना।

'तत्तस्य सदृशं भवे'दिति स्थिताया जानक्या 'रक्षमा'मिति स्थिताया द्रौपद्याश्च मिथस्तारतम्यं 'शीतोभवे'ति यथाग्निं जलमकरोत्तथा 'दग्धो भवे'ति विरोधिवर्गं भस्मीकृत्य स्वरक्षणक-

---

जानकीद्रौपदीमध्ये तारतम्यं त्विदं मतम्।
जानकी शक्तिरूपासीत् द्रौपदी शक्तिवर्जिता॥८५॥

उपाय के लिये माने— उपाय का अधिकारी होनेके समय। अथवा उपायाधिकार के लिये। वैसा ही 'उपेय के लिये' इस को भी समझना।

उन के सदृश रहना चाहिये इस का अभिप्राय को दिखानेके लिये उन के अनुष्ठानों को दिखाते हैं;। उन में सीताजी और द्रौपदी के अनुष्ठानों को दिखानेके लिये पहिले दोनों के वैलक्षण्य को कहते हैं। सीताजी इत्यादि।

सीताजी और द्रौपदी के वैलक्षण्य शक्ति और अशक्ति है॥८५॥

'वह उन का अनुरूप है' ऐसा रहनेवाली सीताजी 'मुझको रक्षा करो' ऐसा कहने वाली द्रौपदी इन दोनों में वैलक्षण्य 'शीत हो जाओ' ऐसा अग्नि को जैसा पानी बनायी तैसा 'जल जाओ' ऐसा विरोधि वर्ग को भस्म कर अपने को रक्षा करने की शक्तिमती होना। स्वयत्न से विरोधियों को हटा

जानकी स्वशक्तिमत्यजत्, द्रौपदी लज्जामत्यजत्,
तिरुक्कण्णमंगैयाण्डान् स्वव्यापारमत्यजत् ॥ ८६ ॥

रणार्हशक्तिमत्त्वम् । स्वयत्नेन विरोधिनो दूरीकृत्य स्वं रक्षितुं विचारे कृतेऽपि स्वरक्षणोपयुक्तशक्तेः स्वस्मिन्नभावश्चेत्यर्थः ।

एवंभूतैः कृतं व्यापारमाह– जानकीत्यादिना ।

स्वशक्तित्यागो नाम–नायकेन स्वामिना रक्षणं कर्तव्यं अन्यथाऽस्माकं शक्त्या स्वरक्षणकरणं पारतंत्र्यनाशकमिति स्व शक्त्या कार्यकरणान्निवृत्तिः ।

'असंदेशात्तु रामस्य तपसश्चानुपालनात् ।
न त्वा कुर्मि दशग्रीव ! भस्म भस्मार्हतेजसा ॥'

तत्याज जानकी शक्तिं द्रौपदी ह्रीमथात्यजत ।
तिरुक्कण्णमंगैयाण्डान् स्वव्यापारं तथाऽत्यजत् ॥ ८६ ॥

अपने को रक्षा करलेने को विचार करनेपर भी तदनुगुणशक्ति का अभाववाली होना ।

पूर्वोक्त कर्तृक व्यापार को कहते हैं सीताजी इत्यादि ।

सीताजी अपनी शक्ति को छोड दी, द्रौपदी लज्जा को छोड दी
तिरुक्कण्णमंगैयाण्डन् अपने व्यापार को छोड दिये ॥ ८६ ॥

अपनी शक्ति को छोडना माने– अपने पति श्रीराम ही रक्षा करेंगे हमारी शक्ति से हम को रक्षा करलेना हमारे पारतंत्र्य स्वरूप का नाशक है ऐसा समझ अपनी शक्ति से कार्य नहीं लेना ।—

'हे रावण ! श्रीरामजी की आज्ञा न होने से पारतंत्र्यस्वरूप को
मैं पालन करने से भस्म करनेके योग्य निज तेज से तुझे
भस्म नहीं करती ।'

इत्युक्तं हि। लज्जात्यागो नाम--दुःशासनेन सभामध्ये वस्त्रापकर्षणसमये लज्जाविशिष्टा एकस्मिन्पार्श्वे स्वयं निरोधमकृत्वा हस्तद्वयस्याप्युपरामः। महावैभवविशिष्टा जानकी स्वाम्येव रक्षक इति विश्वस्य स्वशक्तिमत्यजदिति सुकरं; तादृशवैभवाभावेपि महापद्दशायामिदानीं कृष्ण एव रक्षक इति महाविश्वासं कृत्वा महासभायामियं लज्जामत्यजादिति दुष्करम्।

तिरुकण्णमंगैयाण्डान्स्वव्यापारमत्यजदिति—स्वरक्षणहेतुस्वव्यापारान् सर्वानत्यजदित्यर्थः। कस्यचिद्भटस्य श्वानं कस्मिंश्चिद्भटे ताडयति स तदसहमानस्ताडयता सह युद्धं कृत्वा तं हत्वा स्वयमपि ममारेत्येतद्वृत्तांतं दृष्ट्वा कस्मिंश्चित् क्षुद्रचेतने स्वाभिमानविषयतयाऽतिष्ठदित्येतन्निमित्तं स्वनाशपर्यंतं व्यापारान् कुर्वाणे दृष्टे परमचेतनाभिमानाश्रयणे कृते स कथं स्यादिति स्वरक्षणव्यापारान् त्यक्त्वा तादृशश्ववत् स्वम-

---

ऐसा सीताजी कही है।

लज्जा को छोडना माने— दुःशासन सभा के बीच में मानभंग करनेपर लज्जावती हो आप अपने हाथ से न रोककर दोनों हाथों को ऊपर उठाना। ज्ञानाधिक होनेसे सीताजी स्वामी ही रक्षक है ऐसा विश्वास कर अपनी शक्ति को छोड सकी थी, उतना ज्ञान नहीं होनेपर भी महत् आपद दशा में श्रीकृष्ण ही रक्षक है ऐसा महाविश्वास पूर्वक महासभा के बीच में द्रौपदी का लज्जा छोडना ही दुष्कर कार्य है।

तिरुकण्णमंगैयांडान् अपने व्यापार को छोड दिये माने—स्वरक्षण हेतुभूत स्वव्यापार को छोड दिये। एक भृत्य के कुत्ता को अन्यभृत्य मारनेपर उस को न सहकर मारनेवाले से युद्ध कर और उस को मार आप भी मरगया इस व्यापार को देख तिरुकण्णमंगैयाण्डान् 'एक क्षुद्र चेतन अपने अभिमत कुत्ता के

क्षुधिता यथा पक्वमन्नं भोक्तव्यं पच्यमानं च भोक्तव्यमिति वदंति तथा स्वामिनि वनं गच्छति बालस्वामी विश्लेषे धारणाभावं पुरस्कृत्य कैंकर्यं कर्तव्यं सकलविधकैंकर्यं च कर्तव्यं प्रेरणा

नुसंदधानस्तदैवागत्य तिरुक्कण्णमंगैभक्तप्राणमंदिरगोपुरद्वारसमीपदेशे शिश्य इति प्रसिद्धम् ।

अथोपेयाधिकारिषु प्रधानस्य बालस्वामिनः प्रकारं विस्तरेणाह–क्षुधिता इत्यादिना ।

पच्यमानं च पक्वं च क्षुधितेन मया कणम् ।
भोक्तव्यं हि यथा कश्चिदाह तद्वच्च लक्ष्मणः ।
विश्लेषे धारणाभावं पुरस्कृत्य प्रयत्नतः ।
कैंकर्यं सर्वकैंकर्यं कर्तव्यं प्रेरणा च मे ।

लिये ज्ञान छोडदिया तो परम चेतन सर्वेश्वर के अभिमान में अंतर्भूत होनेपर वह क्या न करेगा' ऐसा विचार स्वरक्षणव्यापारों को छोड उस कुत्ते के तरह अपने को मानकर उसी समय तिरुकण्णमंगै दिव्यदेश में जा भक्तजीवन नामक भगवान् के द्वार में लोटते भये । यह बात प्रसिद्ध है ।

अब उपेयाधिकारियों में प्रधान श्रीलक्ष्मण भगवान् के प्रकार को विस्तार पूर्वक कहते हैं— क्षुधातुर इत्यादि ।

यथा क्षुधातुर लोग किया हुआ और की जानेवाला भी अन्न को पावेंगे ऐसा कहते हैं तैसे अरण्य को जानेके समय श्रीलक्ष्मणजी राम विश्लेष में धीरज को छोड मैं सर्व प्रकार का कैंकर्य करूंगा आप की प्रेरणा भी चाहिये ऐसी प्रार्थना किये हैं अनंतर चतुर्दश वर्ष के बाद अयोध्या में प्रवेश करने पर अरण्य में एकांत में स्वयं

च कर्तव्येत्यवोचत् । पुरप्रवेशानंतरं वने एकांते स्वयंपाके उदरवर्धनात् सह भोक्तुमक्षमः एकहस्ते श्रीमच्छ्वेतच्छत्रमन्यहस्ते श्रीमच्छ्वेतचामरं च धृत्वा कैंकर्यमकरोत् ॥ ८७ ॥

क्षुधिताः स्वक्षुधाबाहुल्येनैतत्पूर्वं पक्वमन्नमिदानीं पच्यमानमन्नं चास्माभिरेव भोक्तव्यमिति यथा मनोरथं कुर्वंति तथा स्वामिनि वनं गच्छति 'बाल्यात्प्रभृति सुस्निग्धो' बालस्वामी नगरान्निर्गमनात्पूर्वं सहगमनायोद्योगमकरोत्, तद्दृष्ट्वा त्वं तिष्ठेति निर्बंधं कुर्वंति—

कर्तव्योवाच साकेतप्रवेशानन्तरं वने ।
एकान्ते स्वीयपाकेनोदरवर्द्धनहेतुतः ।
असहन्सह भोक्तव्यं श्वेतच्छत्रं शुभं करे ।
श्वेतचामरकं श्रीमत्करे धृत्वा तथाऽपरे ।
कैंकर्यमकरोत्सर्वं राघवस्य महात्मनः ॥ ८७ ॥

स्वयंपाक से पेट को बढानेसे पङ्क्ति में भोजन करने को असमर्थ हो एक हाथ से श्वेतछत्र अपर हस्त से श्वेत चामर को भी धारण कर सेवा किये हैं ॥ ८६ ॥

यथा क्षुधातुर अपनी क्षुधा की अधिकता से इस के पहिले किया हुआ अन्न इस वखत पकताहुआ अन्न सभी हम पावेंगे ऐसा मनोरथ करते हैं तैसे श्रीरामजी के अरण्य जानेके वखत ' बाल्य से ही स्नेह करने वाले ' श्रीलक्ष्मणजी अयोध्या से निकलनेके पाहेले संग जानेको प्रयत्न करनेपर तुम न जाओ ऐसा राम के निषेध करनेपर—

'कुरुष्व मामनुचरं वैधर्म्यं नेह विद्यते ।
कृतार्थोहं भविष्यामि तव चार्थः प्रकल्पते ॥'

इति, गंगातरणानंतरं पुनस्त्यक्तुमनेकधा वदति—

'न च सीता त्वया हीना न चाहमपि राघव! ।
मुहूर्तमपि जीवावो जलान्मत्स्याविवोधृतौ ॥'

इत्युक्तत्वात् विश्लेषे स्वसत्ताभावं पुरस्कृत्य 'कुरुष्व मामनुचरं' इत्यनंतरं—

'धनुरादाय सगुणं खनित्रपिटकाधरः ।
अग्रतस्ते गमिष्यामि पंथानमनुदर्शयन् ॥
आहरिस्यामि ते नित्यं मूलानि च फलानि च ।
वन्यानि यानि चान्यानि स्वाहाराणि तपस्विनाम् ॥'

इत्युक्त्वा स्वशेषत्वानुगुणं कैंकर्यं कर्तव्यमित्युक्त्वा, तदनंतरं—

'हम को आप का अनुचर बना ओ इस में कोई अधर्म नहीं
मैं कृतार्थ होऊंगा आप का भी प्रयोजन सिद्ध होगा'

ऐसा, गंगा के पार पहुंचते पर लक्ष्मणजी को छोडनेके लिये फिर भी रामजी बहुत कहे तो—

'आप को छोडकर सीता और मैं दोनों जल से बिछुडी
मछलियों के तरह क्षण भर भी नहीं जी सक्के'

ऐसा भी कहनेसे, विश्लेष में धारणासामर्थ्य को आगे कर मुझे अनुचर बनालो ऐसा कहनेके बाद—

'धनुष को चढाकर खनती और टोकरी लेकर
आप को रास्ता बताते हुए आप के सामने जाउंगा,
प्रतिदिन आप के लिये कंदमूल फलों को लाऊंगा,
तपस्वीलोगों के स्वादु आहार जो कुछ है उन सब को लाऊंगा'

ऐसा कहनेसे शेषत्वानुगुण कैंकर्य करना चाहिये इस तरह प्रार्थना कर

'भवांस्तु सह वैदेह्या गिरिसानुषु रंस्यते ।
अहं सर्वं करिष्यामि जाग्रतः स्वपतश्च ते ॥'

इत्युक्त्वा तत्र चैतदेतत्कैंकर्यमिति नियतिं विना सकलविधकैंकर्यं च कर्तव्यमिति च, पचंवट्यां स्थितिसमये जलच्छायाभ्यां समृद्धं कंचिद्देशविशेषं दृष्ट्वा पर्णशालां रचयेति स्वामिनि वदति—

'एवमुक्तस्तु रामेण लक्ष्मणः संयतांजलिः ।
सीतासमक्षं काकुत्स्थमिदं वचनमब्रवीत् ॥'

इति यदा स्वस्मिन् स्वातंत्र्यं पातितं तदा स्वाम्यत्यजदिति विकृतः जानकी पुरस्कारेण सांजलिहस्तः स्थित्वा—

'परवानस्मि काकुत्स्थ ! त्वयि वर्षशतं स्थिते ।
स्वयं तु रुचिरे देशे क्रियतामिति मां वद ॥'

तदनंतर—

'आप सीताजी के साथ पर्वतप्रदेशों में जब विचरेंगे तब मैं सोते
और जागते हुए आप के सर्वप्रकारके कैंकर्य को करूंगा'

इस प्रकार कहनेसे, उस कैंकर्य में अमुक ही कैंकर्य करूंगा ऐसा नियम को छोड सर्वप्रकारके कैंकर्य की प्रार्थना किये हैं । पंचवटी में जब गये थे तब श्रीरामजी जल और छाया युक्त एक प्रदेश को देख पर्णशाला बनाओ ऐसा लक्ष्मण से कहनेपर—

'इस प्रकार रामजी से कहे गये लक्ष्मणजी हाथ जोड
सीता के संमुख श्रीरामजी से यह कहते भये ॥'

ऐसा अपने शिर में स्वातंत्र्यरूप भारको जब रक्खे हैं तब मुझ को छोडदिये इस प्रकार विकृत हो सीताजी को आगे कर हाथ जोड—

'हे राघव ! आप जबतक रहेंगे तबतक मैं परतंत्र हूं इस लिये आप
ही अपने इच्छित देश में पर्णशाला बनानेको मुझे आज्ञा दीजिये ॥'

इत्युक्तया कैंकर्यकरणसमये स्वातंत्र्यरूपदोषमिश्रणं विनोचित-कैंकर्येषु प्रेरणा कर्तव्येति प्रार्थयामास । पुरेत्यादि– पुरमागत्य श्रीपट्टाभिषेकांगीकारसमये स्वेन सह कैंकर्यकर्त्रा एकेनापि रहितवन एकांते स्वयमेव कैंकर्यं कृत्वा कैंकर्याभिनिवेशस्य वर्द्धितत्वात् स्वयंपाके उदरवर्द्धको यथा सहभोजनं न सहते तथा श्रीभरतप्रभृतिभिः सह स्वयमप्येकं कैंकर्यं कृत्वा स्थातुमशक्तः श्रीमच्छ्वेतच्छत्रधारणं श्रीमच्छ्वेतचामरार्पणमित्युभयविधकैंकर्यमेककालेऽकरोदित्यर्थः । इदं च वृत्तांतं श्रीरामायणे नास्ति ।

'छत्रचामरपाणिस्तु लक्ष्मणोऽनुजगामह ।'

इति रामायणं न भवति किमिति चेद्वनगमनात् पूर्वमभिषेकार्थमलंकृत्य स्वदिव्यांतःपुरान्निर्गत्य चक्रवर्तिगृहमुद्दिश्य रथमारुह्य स्वामिनि गच्छति बालस्वामिकृतवृत्तांततया श्री-

इस प्रकार इस के प्रार्थना करनेपर भी साध्य के सिद्ध होनेपर उन को वे अभिमत होयंगे क्या ? इस शंका में कहते हैं—प्राप्य के इत्यादि ।

प्राप्य के प्रीतिविषय होनेसे और
कृतज्ञता से भी वे अभिमत होते हैं ॥ १७९ ॥

अपने को प्राप्यभूत इस चेतन की प्रीति के विषय होना—... ...दूर, रंग,

प्रीतेर्विषयत्वं। 'कंडियूर श्रीरंगः तिरुमेय्यं कांची तिरुप्पेर् मल्ले' इत्याभिनिवेशेन खलु वर्तते। कृतज्ञता नाम–एतद्देशवासेन खल्वस्माभिरयं प्राप्त इति स्वविषये तद्देशेन कृतस्योपकारस्यानुसंधानम्। एतद्द्वाभ्यामस्मिन् चेतने प्राप्तेऽपि तस्या तत्तद्देशा अभिमता भवंतीत्यर्थः।

एवं गुण इव दोषनिवृत्तिरिति पूर्वोक्तशेषत्वपारतंत्र्यरूपात्मगुण इव 'दोषनिवृत्तिश्च परानुभवस्य विरोधिनी' इति कृतायाः प्रतिज्ञाया उपपादनार्थं 'अभिमतविषये मालिन्यमभिमतं भवति' इत्यर्थं, अनेन 'मलिनदेह' इति त्यज्यमाने तस्यात्यादरप्रकारं, ज्ञानिनोऽस्य सविग्रहमादरे हेतुविशेषं च, परमार्तस्यास्य देहस्थितिमादायैवास्य देहे तस्यादरो ज्ञातुं शक्यत इत्यर्थं, तस्यास्य देहे आदरप्रकारं, साध्येस्मिन् सिद्धे साधनादराल्पत्वं, तदवधिं, अस्मिन् 'तत्तद्देशान्मात्यजेः' इति

मैऽयम्, कांची, पेर, मल्ले,' ऐसा मग्न होना। कृतज्ञता माने—इन दिव्यदेशों में वास करनेसे ही हम इस को प्राप्त हुए हैं ऐसा विचार उस दिव्यदेश के अपने को कियाहुआ उपकार का अनुसंधान करना। इन दोनों से साध्यभूत इस चेतन के हस्तगत होनेपर भी ईश्वर को वे दिव्यदेश अभिमत होते हैं।

तथाच गुण के तरह दोषनिवृत्ति भी है ऐसा पूर्वोक्त शेषत्व पारतंत्र्यरूप आत्मगुणों के तरह दोषनिवृत्ति भी परमात्मा के अनुभव का प्रतिबंधक होता है ऐसा प्रतिज्ञा कर उस को उपपादन करनेके लिये अभिमतविषय में मालिन्य अभिमत होनेका प्रकार, इस चेतन से 'मलिन शरीर' कह परित्याग किये जानेवाले इस शरीर में उस के आदर करनेका प्रकार, ज्ञानी को विग्रह सहित आदर करनेके हेतु विशेष, परमार्त की देहस्थिति को लेकर ही इस के देह में उस के आदर को जान सक्ते हैं यह अर्थ, सर्वेश्वर चेतन के देह का आदर करनेके प्रकार, साध्यभूत इस चेतन के हस्तगत होनेपर साधन में आदर के कम होनेका प्रकार, उस की

तस्माद्दोषनिवृत्तिवदांतरगुणश्च विरोधी भवति ॥

प्रार्थ्यमाने स्वसाध्ये सिद्धेऽपि हेतुद्वयेन तस्य तेऽभिमता भवंतीत्यर्थं, तदवधिं चावोचत् ॥

एवं दोषनिवृत्तिः परानुभवस्य विरोधिनीत्यर्थः स्पष्टो यथा स्यात्तथा बहूनां हेतूनामुक्तत्वात् तमर्थं साधितवान् । तद् दृष्टांतीकृत्य सिंहावलोकनन्यायेन पूर्वोक्तशेषत्वपारतंत्र्यरूपात्मगुणस्य परानुभवविरोधित्वं स्थिरीकरोति तस्मादित्यादिना ।

तस्मादिति—पूर्वं साधितमर्थमनुवदति । दोषनिवृत्तिवदिति- दोषनिवृत्तेः स्वरूपौज्ज्वल्योपयोगित्वेपि दोषं भोग्यतया आदर्तुः प्रणयिनोऽनभिमतत्वात्, यथा वा परानुभवविरोधिनी भवति

शमादिश्च विरोधिः स्यात् तस्माद् दोषनिवृत्तिवत् ॥

सीमा, उन उन देशों को मत छोडो ऐसी प्रार्थना करने पर स्वसाध्य हस्तगत होने पर भी दो हेतुओं से सर्वेश्वर को उन दिव्यदेशों के अभिमत होनेके प्रकार को भी कहे हैं ।

एवं दोषनिवृत्ति परमात्मा के अनुभव का प्रतिबंधक होता है इस अर्थ के सुस्पष्टता के लिये बहु हेतुओं को कहनेसे उस को सिद्धहुआ समझ उसी को दृष्टांत कर सिंहावलोकन न्याय से पूर्वोक्त शेषत्वपारतंत्र्यरूप आत्मगुणों की परानुभवविरोधिता को स्थिर करते हैं—इस कारण से इत्यादि ।

इस कारण से दोषनिवृत्ति के तरह
आंतरगुण भी विरोधि होता है ॥ १८० ॥

इस कारण से— ऐसा पहिले सिद्ध कियेहुए अर्थ को अनुवाद करते हैं । दोषनिवृत्ति के तरह माने—दोषनिवृत्ति स्वरूपौज्ज्वल्य के लिये उपयुक्त होनेपर भी दोष ही का योग्यतया आदर करनेवाले प्रणयिभूत सर्वेश्वर को अभिमत होनेसे जिस प्रकार से परानुभव का विरोधि होती है । आंतरगुण माने—

दोषनिवृत्तिरेव दोषः स्याद्धि ॥ १८१ ॥

तथेत्यर्थः । आंतरगुण इत्युच्यते शेषत्वपारतंत्र्यम् एतयोरांतरगुणत्वं— ज्ञानानंदाभ्यामात्मनोऽतरंगगुणत्वात् । परानुभवविरोधित्वप्रकारः पूर्वमुक्तः खलु, तत्राचांतरगुण इति पारतंत्र्यमेकमेवोच्यते ।

एवं वक्तुं दोषनिवृत्तौ को वा दोष इत्यतोऽन्यः कश्चन दोषो नापेक्षितोऽयमेव दोष इत्याह– दोषेत्यादिना ।

कामिनी यथा स्वशरीरे मालिन्यं दूरीकृत्य भोगेऽन्विषिप्रति तथा स्वतः परिशुद्धस्यात्मस्वरूपस्यागंतुकदोषं दूरीकृत्य स्वशेषिणो भोग्यतया विनियोज्य इति निर्बंधेनानेन कार्यमाणा दोषनिवृत्तिरेव, कामिनीदेहमालिन्यस्य प्रीतकामुकवद् दोषस्या-

---

दोषनिवृत्तिरेवात्र दोषः स्याद्धीति निश्चयः ॥ १८१ ॥

शेषत्वपारतंत्र्य । इन को आंतरगुण कहते हैं—ज्ञानानंदों की अपेक्षा आत्मा के अंतरंगहोनेसे इस का परानुभव विरोधित्व प्रकार पहिले कहा गया । इस स्थल में भी आंतरगुण यह पारतंत्र्य एक ही को कहता है ऐसा भी योजना समझना ।

दोषनिवृत्ति से होनेवाले दोष कौन ? ऐसा पूंछनेपर और कोई दोष की आवश्यकता नहीं यही दोष ऐसा कहते हैं--दोष इत्यादि से ।

दोषनिवृत्ति ही दोष होता है ॥ १८१ ॥

कामिनी स्त्री अपने शरीर के मालिन्य को छुडाकर भोग में सम्मिलित होने की जैसे इच्छा करती है तैसा स्वतः परिशुद्ध आत्मस्वरूप का आगंतुक दोष को हटाकर अपने शेषी को भोग्यतया विनियुक्त होयंगे ऐसा समझ अपने निर्बंध से यह चेतन जिस दोषनिवृत्ति को करालेता है वह कामिनी के मालिन्य को आदर करनेवाले कामुक के तरह दोष ही अभिमत हो इस के साथ अपने को अनुभव

भिमतत्वेन तेन सह स्वं भोक्तुमादतुः परस्य भोगस्य विरोधित्वाद्दोषो भवतीत्यर्थः । तस्यानिष्ट एव हि दोषः । हीति प्रसिद्धिद्योतनायोक्तं, अयमर्थः पूर्वमुपपादित इत्यभिप्रायेण ।

एवं 'समीचीनमेवासमीचीनं जातं' 'स्वेन मृग्यमाणो गुणो दोषवत्प्रतिबंधको भवति' 'दोषनिवृत्तिरेव दोषः स्याद्धि' इति च स्वस्य स्वेन मृग्यमाणो गुणो हेय इत्युक्तत्वात्तेन मृग्यमाणो गुण एव उपादेय इति फलितं हि । एवं 'स्वेन स्वस्य मृग्यमाणो गुणो हेयस्तेन मृग्यमाणो गुण उपादेयः' इत्युक्तमर्थं दर्शयति–स्वेनेत्यादिना ॥

करनेकी इच्छाकरनेवाले परमात्मा के भोग का प्रतिबंधक होनेसे दोष होती है। परमात्मा के अनिष्ट ही को दोष कहते हैं। 'ही' कहनेसे पूर्वोपपादित सब को स्मरण कर इस अर्थ में प्रसिद्धि को दिखाते हैं।

तथाच 'पुण्य ही पाप हुआ', 'अपनेसे अन्वेषण किये जानेवाले पुण्य पाप के तरह प्रतिबंधक होता है,' 'दोषनिवृत्ति ही दोष होती है' अपने प्रयत्न से संपादित पुण्य हेय है, ऐसा कहनेसे परमात्मा से अन्वेषण किये जानेवाले पुण्य ही उपादेय ऐसा सिद्ध हुआ। इस प्रकार स्वान्वेषित पुण्य हेय परमात्मा अन्वेषित पुण्य उपादेय इस अर्थ को आप्तवचन से दिखाते हैं—अपने से इत्यादि।

'स्वेनागतो गुणः क्रीतदुग्धवत्,
तेनागतो गुणः स्तन्यदुग्धवद्'
इति कुरुकाधिनाथवार्ता ॥ १८२॥

स्वेनागतो गुणो नाम –स्वयत्नेन स्वेन स्वस्योत्पाद्यमानोगुणः। क्रीतदुग्धवदिति– औपाधिको विरसोऽप्राप्तश्च भवतीत्यर्थः। तेनागतो गुणो नाम– निरुपाधिकस्वामिनैवास्यायमावश्यक इत्युत्पाद्यमानो गुणः। स्तन्यदुग्धवदिति– निरुपाधिकः सरसः प्राप्तश्च भवतीति कुरुकाधिनाथेनोक्ता वार्ता इत्यर्थः।

एतावद्विना भगवता विना स्वस्मिन् स्वस्य गुणं संपादयितुमुद्युक्ते, एवं विरसाप्राप्तरूपमात्रं विना स्वविनाशप-

---

स्वेनागतो गुणः क्रीतदुग्धवत्तेन चागतः ।
स्तन्यदुग्धवदित्युक्तिः कुरुकाधिपतेर्भवेत् ॥ १८२॥

'अपने से होनेवाले पुण्य बाजार के दूध के
सदृश, भगवान से होनेवाले पुण्य माता के दूध
के सदृश' ऐसा कुरुकाधिनाथ का वचन है ॥ १८२॥

अपने से होनेवाले पुण्य माने—स्वयत्न से आप अपनेलिये संपादन किया हुआ। बाजार के दूध माने—औपाधिक विरस और अप्राप्त भी होता है। परमात्मा से होनेवाले पुण्य माने—निरुपाधिक स्वामी होनेसे इस चेतन को यह अपेक्षित है ऐसा समझ उत्पाद्यमान पुण्य माता की दूध के तरह–निरुपाधिक सरस और प्राप्त भी होता है।

इतना ही नहीं, भगवान को छोड आप अपने लिये पुण्यार्जन का यत्न

तेन विना स्वेन स्वस्य गुणसंपादनं
स्तनंधयप्रजां मातापितृहास्तादा-
कृष्य घातकस्याजावाणिजस्य हस्ते
ददाति चेद्यथा तथा भवेत् ॥ १८३ ॥

र्यंतपर्यवसाने स्यादित्यमुमर्थं सनिदर्शनमाह—तेन विनेत्यादिना

प्राप्तेनाप्तेन तेनास्य गुणसंपादनमुचितं, तथा विना तत्प्रतिकोटिना स्वेन स्वस्य स्वोज्जीवनार्थं गुणसंपादनं स्वरक्षणोपयोगिज्ञानशक्त्याद्यभावात् स्वमात्रादिभिर्ज्ञात्वा रक्षणीयां स्तनंधयप्रजां रक्षकयोर्मातापित्रोर्हस्ताद्बलादाकृष्य हिंसनेऽनुतापं विना सजीवहिंसां कृत्वा मांसैर्मेलयित्वा विक्रेतुर्घातुकस्याजावाणिजस्य हस्ते इमां रक्षेति ददाति

स्वेन तेन विना स्वस्य गुणसंपादनं तथा ।
स्तनंधयप्रजां मातुः पितुराकृष्य साहसात् ॥ १८३ ॥

करे तो अपना विनाश ही सिद्ध होगा इस अर्थ को दृष्टांत पूर्वक कहते हैं—उस को इत्यादि ।

उस को छोड अपने आप पुण्यार्जन करना माने—स्तन्यपान
करनेवाली प्रजा को मातापिताओं के हाथ से लेकर
घातुक कसाई के हाथ में देनेके सदृश है ॥ १८३ ॥

प्राप्त आप्त सर्वेश्वर इस चेतन के लिये पुण्यार्जन करना उचित है, ऐसा न कर उस के प्रतिकोटि आप अपने उज्जीवन के लिये पुण्यार्जन करना माने—स्वरक्षणोपयोगि ज्ञानशक्त्यादि न होने की अवस्था में स्वमाताप्रभृति जानकर रक्षाकरने योग्य स्तनंधयप्रजाको रक्षकभूत मातापिताओं के हाथ से छीन हत्या में संकोच न करनेवाले चित्रवधकर मांसों के साथ मिलाकर बेंचदेनेवाले घातुक कसाई के हाथ में 'इस प्रजा को रक्षा करो' ऐसा कह सौंप देनेके सदृश है। इस

स्वं स्वयमेव नाशयेत् ॥ १८४ ॥

चेद्यथा स्यात्तथा भवेदित्यर्थः। अनेनेश्वर एव रक्षकः स्वयं स्वस्य नाशक इत्युक्तम्। एवमयं स्वात्मानं स्वयमेव कथं नाशयेदित्यत आह— स्वमित्यादि।

सर्वेश्वरस्य एतदुज्जीवनार्थमवसरप्रतीक्षत्वेन वर्तमानत्वादस्य विनाशस्य कदापि स हेतुर्न भवति, अथ 'असन्नेव' इत्यादिप्रकारेण स्वं नाशयति स्वयमेव खल्वित्यर्थः। अहमेव मां' इति गाथायां—'अहमेव' इति—मनानर्थो भगवत्कृतो न भवति, तस्मिन् सर्वतो व्याप्य संचरति नन्वहमेव विनाशमापादितवानित्यवोचन् हि परांकुशाः।

पशुघ्नसेवयाणिज्यहस्तदानं यथा भवेत्।
स्वयं हि नाशयेत् स्वं तत् यस्स्वयं गुणमार्गणम् ॥१८४॥

से सर्वेश्वर ही रक्षक है आप अपने को नाशक है—यह अर्थ कहागाया।

इस प्रकार यह चेतन अपने को आप नाश करलेगा क्या? इस शंका में कहते हैं— अपने को इत्यादि।

अपने को आप ही नाश करलेता है ॥ १८४ ॥

सर्वेश्वर इस चेतन के उज्जीवन के लिये अवसर प्रतीक्षक होनेसे इस के नाश के लिये कभी कारण नहीं होगा है, 'असत् ही' इस वचनानुसार अपने को नाश करलेनेवाला आप ही होता है।

'मैं ही मुझ को' इस गाथा में मैं ही कहनेसे मेरी हानि का कर्ता भगवान् नहीं वह सामने मेरी रक्षा करनेके लिये संचार करने पर भी मैं ही मेरे नाश का कारण हुआ ऐसा श्रीशठकोपसूरि कहे हैं।

स्वयमेव स्वविनाशनं— अहंका-
रस्य विषयाणां चादरणम् ॥ १८५॥

अस्य स्वयमेव विनाशकत्वं कीदृशमित्याकांक्षायामाह– स्वयमेवेत्यादिना ।

अहंकारो–देहाभिमानः, स्वातंत्र्याभिमानश्च । विषयाः विहितनिषिद्धविषयाः । तेषामादरणं नाम–तेष्वत्यंतप्रावण्यम् । आत्मस्वरूपं भगवदनन्यार्हशेषं भगवदेकभोगं खलु वर्तते, एतादृशस्वरूपनाशनं खलु–अनयोः प्रावण्यम् । उत्तरवाक्ये नमःशब्दार्थं वदति चेदेतत्सर्वं किं? उत्तरवाक्ये नमसा पुरुषार्थस्य मध्यभित्तिभूतविरोधिनः सर्वे निवर्त्यंत इति ज्ञापनार्थं हि

शब्दाद्यहंकृतिप्रीतिः स्वेनैव स्वविनाशनम् ॥ १८५ ॥

यह चेतन अपने आप को नाश करलेना माने क्या है ? इस आकांक्षा में कहते हैं— अपने को इत्यादि ।

अपने को आप नाश करलेना माने– अहंकार
और विषयों को आदर करना ॥ १८५ ॥

अहंकार माने– देहात्माभिमान और स्वातंत्र्याभिमान । विषय माने—विहित और निषिद्ध विषय । इन को आदर करना माने—इन में अतिप्रेम करना। आत्मस्वरूप भगवदनन्यार्हशेष और भगवदेकभोगरूप होता है । तादृशस्वरूप को अहंकार और विषयों में प्रवण हो नाश करलेता है । उत्तरवाक्य के नमःशब्दार्थ को कहनेकी प्रतिज्ञा कर ये सब बातें क्यों करते हैं ? इस शंका से, उत्तरवाक्य के नमःशब्द से पुरुषार्थ के प्रतिबंधक संपूर्ण विरोधि निकाले जाते हैं, इस अर्थ के भान होने के लिये 'मनो वचन कायों से' ऐसा आरंभ

अहंकारोऽग्निस्पर्शवत् ॥ १८६ ॥

'मनोवाक्कायैः' इत्यादिचूर्णिकात्रयेण सकलविरोधिनिवृत्तिं च भाष्यकारोऽवोचत्। अयं च मुमुक्षुपडिप्रबंधे नमःशब्दार्थकथनसमये 'अत्राविद्यादयोऽपि निवर्तंत' इत्यवोचद्धि। तस्मादत्र च देहात्माभिमानादिरूपमहंकारं तत्कार्यं विषयप्रावण्यं तदुभयकार्यभागवतापचारप्रभृतिविरोधिनः सर्वान्प्रसक्ताऽनुप्रसक्तं वदति, तस्मान्न विरोधः।

एतदहंकारादीनां क्रौर्यं विस्तरेणोपपादयितुं मनसि विचार्य प्रथममहंकारस्य क्रौर्यमाह— अहंकारस्येत्यादिना।

अग्निस्पर्शवदिति—अग्निस्पर्शोऽग्निगतस्थलं सर्वं दग्ध्वा नाशयति तद्वदयं चाश्रयाशी स्वरूपं साक्षान्नाशयतीत्यर्थः।

अहंकारो भवेदग्निस्पर्शवदिति निश्चितम् ॥ १८६ ॥

कर तीन चूर्णिका से सकलविरोधि निवृत्ति को श्रीभाष्यकार स्वामी कहे हैं। यह लोकाचार्य भी मुमुक्षुपडी में इस नमःशब्दार्थ के कहनेके समय में 'इस में अविद्यादि निवृत्त होते हैं' ऐसा कहे हैं। इस कारण इस स्थल में भी देहात्माभिमानादि रूप अहंकार तत्कार्यरूप विषयप्रावण्य उन दोनों के कार्यभूत भागवतापचार आदि संपूर्ण विरोधियों को प्रसक्तानुप्रसक्त कहनेसे विरोध नहीं है।

इन अहंकारादिओं के क्रौर्य को विस्तारपूर्वक उपपादन करनेके लिये विचार, पहिले अंहकार के क्रौर्य को कहते हैं— अंहकार इत्यादि से।

अंहकार अग्निस्पर्श के सदृश है ॥ १८६ ॥

अग्निस्पर्श स्वसंबंधि पदार्थ को जलाकर जैसे नाश करता है तैसा यह भी स्वसंबंधि को जलाकर साक्षात् भस्म करता है।

'न कामकलुषं चित्तम्' ॥१८७॥

अस्याहंकारस्य कार्ये प्रमाणानि दर्शयति, तत्र प्रथमं ऋग्वेद-खिलं जितंतेवचनमाह- 'न काम' इत्यादिना ।

'न कामकलुषं चित्तं मम ते पादयोः स्थितम् ।
कामये वैष्णवत्वं तु सर्वजन्मसु केवलम् ॥'

अस्यार्थः- 'निरुपाधिकशेषिणो निरतिशयभोग्यस्य भगवतश्चरणयोः व्यवस्थितं मम मनः श्रीवैकुंठादिरूपमन्यदेकमपि स्वयंपुरुषार्थत्वेन विचार्य कलुषं न भवति, सर्वजन्मस्वपि तवैव रसो यथा स्यात्तथाविधं दास्यमेवाशासे' इति । केवलपदेनास्यापि साधारणी स्थितिर्व्यावर्त्यते । तुशब्दोऽवधारणार्थः । अनेन मोक्षपर्यंतं स्वप्रीत्याऽऽगतं सर्वमहंकारगर्भत्वात् त्याज्यमित्युक्तम् ।

इस अंहकार के कार्य में प्रमाण दिखाते हैं, उस में पहिले ऋग्वेद खिल भूत जितंतेवचन को दिखाते हैं- काम से इत्यादि ।

'काम से चित्त कलुषित नहीं है' ॥ १८७ ॥

'आप के चरणारविंद में स्थिरीभूत मेरा चित्त काम से कलुषित नहीं है । सर्वजन्मों में केवल वैष्णवत्व को चाहता हूं'

'निरुपाधिक शेषी निरतिशय भोग्य आप के चरणारविंदों में व्यवस्थित मेरा मन श्रीवैकुंठादि और किसी को स्वयं पुरुषार्थतया समझ व्याकुल नहीं होता है । सर्वजन्मों में आपही का रसदायी दास्य को ही अपेक्षा करता हैं' । केवल पद से स्वप्रयत्न रूप स्वातंत्र्य को दूर करता है । तु शब्द ही का अर्थ में है । इस से मोक्षपर्यंत अपने संतोष के लिये आनेवाले सब अंहकारगर्भित होनेसे त्याज्य होते हैं ऐसा कहागया ।

न हि मे जीवितेनार्थः ॥ १८८ ॥

अनंतरं जानकीवचनमाह—'न हि मे' इत्यादि ।

'न हि मे जीवितेनार्थो नैवार्थैर्न च भूषणैः ।
वसंत्या राक्षसीमध्ये विना रामं महारथम् ॥'

अस्यार्थः—महारथं स्वामिनं विश्लिष्य राक्षसीनां मध्ये वसंत्या मम प्राणेन किंचित्प्रयोजनं नास्ति, अर्थैः किंचित्प्रयोजनं नास्ति, आभरणैः किंचित् प्रयोजनं नास्तीति । अनेन प्राणादिकं सर्वं तस्य विनियोगार्थं विना स्वस्य यदा भवति तदाऽहंकारस्पर्शित्वात्त्याज्यमित्यर्थ उक्तः ।

अनंतरं परमाचार्यस्य यामुनमुनेर्वचनमाह—'न देहं' इति ।

न कामकलुषं चित्तं नाथं मे जीवितेन हि ॥ १८८ ॥

अंनतर जानकी के वचन को कहते हैं—मुझे इत्यादि ।

मुझे जीनेसे प्रयोजन नहीं ॥ १८८ ॥

'महारथ श्रीरामजी के बिना राक्षसियों के बीच में वास करनेवाली
मुझ जीनेसे प्रयोजन नहीं, द्रव्यों से नहीं और भूषणों से नहीं ॥'

इसका अर्थ– महारथ स्वामी के विश्लेष पाकर राक्षसियों के बीच में वासकरनेवाली मुझ को प्राण से कुछ भी प्रयोजन नहीं है, धनों से भी कुछ प्रयोजन नहीं है, आभरणों से भी कुछ प्रयोजन नहीं है । इस से प्राणादि सब उन के विनियुक्त न हो अपनेलिये हो तो अहङ्कारगर्भित होनेसे त्याज्य होते हैं यह अर्थ कहा गया ।

अनंतर परमाचार्य श्रीयामुनमुनि के वचन को कहते हैं–देहको इत्यादि ।

'न देहम्' ॥१८९॥

'न देहं न प्राणान्न च सुखमशेषाभिलषितं
न चात्मानं नान्यत्किमपि तव शेषत्वविभवात् ।
बहिर्भूतं नाथ क्षणमपि सहे यातु शतधा
विनाशं तत्सत्यं मधुमथन ! विज्ञापनमिदम् ॥'

अस्यार्थः—'मम प्राप्तशेषिन्! तव शेषत्वरूपैश्वर्याद् बहिर्भूतं देहं क्षणमपि न सहे, अस्य देहस्य धारकान् प्राणांश्च न सहे, सर्वैरप्यभिलषितं सुखं च न सहे, पुत्रमित्रकलत्रादिकमन्यत्किंचिदपि न सहे, एतेषां सर्वेषां भोक्तारमात्मानं स्वयमपि न सहे, तत्सर्वं यथा स्वरूपमपि न दृश्येत तथा शतधा नश्यतु, इदं विज्ञापनं सत्यं,अन्यथा भवतोऽसत्यवादिना मधुना यत्प्राप्तं तत् प्राप्नुयामिति । अनेनास्मिन् शेषत्वाद्बहिर्भूतं

न देहं न च तन्मुक्तिप्रकारं वा वदाम्यहम् ॥१९०॥

'देह को नहीं चाहता हूं' ॥ १८९ ॥

'आप के शेषत्व से बहिर्भूत होनेपर देह, प्राण, सुख, संपूर्ण अभिलाषा, आत्मा और अन्य किसी को भी क्षणकालतक भी न सहूंगा, सौ तरह से नाश को प्राप्त हों, हे मधुसूदन ! यह विज्ञापन सत्य है" ॥

इस का अर्थ— हे मेरे प्राप्त शेषिन् ! आप के शेषत्वरूप ऐश्वर्य के बहिर्भूत देह को क्षणमात्र भी न सहूंगा । इस देह के धारक प्राणों को भी न सहूंगा, सर्वापेक्षित सुख को भी न सहूंगा, पुत्रमित्रकलत्रादिरूप अन्य किसी को भी न सहूंगा, इन सब के भोक्ता आत्मा को भी न सहूंगा, ये सब जैसा न दीखे तैसा सौ तरह से नष्ट हो जाय यह विज्ञापन सत्य है, सत्य न हो तो आप के विषय में असत्याचारण करनेवाला मधुनामक राक्षस से प्राप्त हुआ अनर्थ मुझ को भी प्राप्त होय ।

'सुमहापद्प्रकारमपि' ॥ १९० ॥
प्रतिकूलविषयस्पर्शो विषस्पर्शवत् ,अनुकू-

सर्वमहंकारदुष्टत्वात् त्याज्यमित्युक्तम् ।

अनंतरमज्ञाननिवृत्तिमत्यानंदं प्राप्तानामग्रेसरस्य वचनमाह–सुमहापदमित्यादिना ।

'सूरे मोक्षं स्वीकुरु' इत्युक्ते 'मम प्रीत्यर्थं दीयमानस्य मोक्षस्य सर्वप्रकारेण च विलक्षणत्वेऽपि तस्य प्रकारं च न प्रसंजयामः' इत्यर्थः । अनेन स्वप्रीत्यर्थं मोक्षश्चाहंकारगर्भत्वादैश्वर्यादिवत्त्याज्य इत्युक्तम् ।

एवमहंकारस्य क्रौर्यमुक्त्वाऽनंतरं विषयाणां क्रौर्यमाह–प्रतिकूलविषयस्पर्श इत्यादिना ।

निषिद्धाभिन्नभोगो हि विषभोगवदिष्यते ।

इस से भगवत् शेषत्व से बहिर्भूत सब ही अंहकारदूषित होनेसे त्याज्य है यह अर्थ कहा गया ।

अनंतर अज्ञाननिवृत्तिपूर्वक मत्यानंद को प्राप्त होनेवालों में अग्रेसर शठकोपसूरी के वचन को कहते हैं -- महापद के प्रकार को इति ।

'महापद के प्रकार को भी' ॥ १९० ॥

इस का अर्थ 'हे सूरि ! मोक्ष को लेवो ऐसा ईश्वर के कहनेपर मेरा संतोष के लिये दियेजानेवाले मोक्ष अत्यंत विलक्षणहोने पर भी उस की बात को भी प्रस्ताव करनेवाला नहीं हूं । इस से अपने संतोष के लिये होनेवाला मोक्ष भी अंहकारगर्भित होनेसे एश्वर्यादियों के तरह त्याज्य होता है–यह अर्थ कहा गया ।

तथाच अंहकार का क्रौर्य कहा गया, अब विषयों के क्रौर्य को कहते हैं– प्रतिकूलविषयस्पर्श इत्यादि ।

लविषयस्पर्शो विषमिश्रान्नभोजनवत् ॥ १९१ ॥

प्रतिकूलविषयो नाम--लोकविरुद्धो नरकहेतुश्च निषिद्ध-विषयः। तत्स्पर्शो विषस्पर्शवदित्युक्तं- प्राणबाधकत्वेन प्रसिद्धत्वात्, प्रातिकूल्ये भासमानेसति प्राणं नाशयद्विषस्पर्शवत्, शास्त्रनिषिद्धतया प्रसिद्धत्वेन प्रतिकूल इति भासमानत्वे सति स्वरूपनाशकत्वात्। अनुकूलविषयो नाम--लोकाविरुद्धो नरक-हेतुत्वरहितो विशिष्टवेषानुकूलश्च विहितविषयः । तत्स्पर्शो विषमिश्रान्नभोजनवदित्युक्तं-- विषमिश्रान्नभोजनं हि यथाऽजानतोऽनुकूलत्वेन भासमानं सत् तत्प्राणं नाशयति, तथा शास्त्रविहिततया प्रसिद्धत्वेनानुकूलवद्भासमानत्वे सति आत्मनोऽनन्यभोगस्वरूपस्वरूपनाशकत्वात् ।

विहिताभिन्नभोगश्च विषमिश्रान्नभोगवत् ॥ १९१ ॥

प्रतिकूलविषयों के स्पर्श विषस्पर्श के सदृश है,
अनुकूल विषयों के स्पर्श विषमिश्र भोजन के सदृश है ॥ १९१ ॥

प्रतिकूल विषय माने---लोकविरुद्ध और नरक हेतु निषिद्ध विषय। उन के स्पर्श को विषस्पर्श सदृश कहना---प्राणों के बाधकत्वेन प्रसिद्ध होनेसे प्रातिकूल्य भासमान होते हुए प्राण को नाश करनेवाले विषस्पर्श के तरह शास्त्रनिषिद्धत्वेन प्रसिद्ध होनेसे प्रतिकूलतया भासमान हो स्वरूप को नाश करनेसे ।

अनुकूल विषय माने--लोकाविरुद्ध और नरकहेतु न हो विशिष्टवेष (शरीरगत वर्णाश्रमादि) के अनुकूल होनेवाले विहित विषय । उन का स्पर्श को विषमिश्रभोजनके तरह कहना--विषमिश्रान्नभोजन नहीं जाननेवालों को अनुकूलतया भासमान होते हुए पानेवालों के प्राण को जैसा नाश करता है वैसा शास्त्रविहिततया प्रसिद्ध होनेसे अनुकूलवत् भासमान हो आत्मा के अनन्यभोग्यत्वरूप स्वरूप को नाश करनेसे ।

अग्निज्वालां निगीर्य पिपासां शमयितुमिच्छे-
व, नृत्यतः सर्पस्य छायायां स्थातुमिच्छेव

'विषस्य विषयाणां च दूरमत्यंतमंतरम् ।
उपभुक्तं विषं हंति विषयाः स्मरणादपि ॥'

इति भोजनमपि नापेक्षितं स्मरणमात्रेण नाशयतीति विषा-दपि विषयोऽतिक्रूर इत्युक्तम् ।

एवं नाशकरविषयेषु प्रावण्येन सुखितुमिच्छा विपरीत-ज्ञानकार्यमित्यर्थं प्रमाणप्रसिद्धदृष्टांतमुखेनाह— अग्निज्वाले-त्यादिना ॥

पिपासया परिश्रांतो वह्निज्वलां निगीर्य हि ।
पिपासाशमनेच्छावद्विषयप्रवणे सुखम् ।
चलन्नागफणच्छायामवलंब्य यथा स्थितिः ।

'विष और विषयों के बीच में अत्यंत वैषम्य है,
विष खाया जाकर मनुष्य को नाश करता है,
विषय तो स्मरण से भी नाश करता है ।'

ऐसा, भोजन की अपेक्षा बिना स्मरणमात्र से नाश करनेसे विषकी अपेक्षा विषय अति क्रूर कहा गया ।

इस प्रकार विनाशकर विषयों में प्रवण हो सुख पाने की इच्छा करना विप-रीतज्ञान कार्य है ऐसा प्रमाणप्रसिद्ध दृष्टांत द्वारा कहते हैं—अग्निज्वाला को इत्यादि ।

अग्निज्वाला को निगलकर प्यास को शांत करने
की इच्छा के तरह, (और) नाचता हुआ सर्प की
छाया में बैठ ताप को दूर करनेकी इच्छा के तरह

च विषयप्रावण्येन सुखितुमिच्छा ॥ १९२ ॥

'आस्वाद्य दहनज्वालामुदन्याशमनं यथा ।
तथा विषयसंसर्गात् सुखचिंता शरीरिणः ॥' इति,
'विषयाणां तु संसर्गाद्यो बिभर्ति सुखं नरः ।
नृत्यतः फणिनश्छायां विश्रमायाश्रयेत सः ॥'

इति चोक्तप्रकारेण जलस्य पिपासितो विपरीतज्ञानेन तापहेतुमाग्निज्वालां निगीर्य स्वपिपासां निवर्तयितुं यथेच्छति, आदित्यकिरणैरतिमात्रतप्तस्ताद्दशतापं शमयितुं छायेति मात्रमवलंब्य आगाम्यानर्थमनिरूप्यात्यंतकुपितस्य फणां विस्तीर्य नृत्यतः सर्पस्य छायायां स्थातुं यथेच्छति तथा वर्तते, बाधकविषयाः सुखावहा इति भ्रांत्या तत्र प्रवणस्ताननुभूय सुखितुमिच्छतीतीदमित्यर्थः ।

तद्वद्विषयप्रावण्येच्छानिबंधनजं सुखम् ॥ १९२ ॥

भी—विषयप्रवण हो सुख पानेकी इच्छा करना ॥ १९२ ॥

'अग्निज्वाला को निगल जैसा प्यास को शमनकरलेना
वैसा विषयसंबंध से मनुष्य को सुख पानेकी इच्छा ।'

ऐसा,

'विषयों के संबंध से जो मनुष्य सुख पाता है, वह नाचनेवाले सर्प की छाया को विश्राम के लिये आश्रयण करता है ।'

ऐसा भी कहा हुआ प्रकार जल के लिये प्यासा विपरीतज्ञान से तापहेतु अग्निज्वाला को निगल अपनी प्यास को शांत करनेकी इच्छा करनेके तरह, और आदित्य किरणों से अत्यंत तप्त मनुष्य उस ताप को शमन करनेके लिये छायामात्र समझ होनेवाले अनर्थ को न जान अत्यंत कुपित फणा को फैलाकर खेलनेवाले सर्प की छाया में ठहरने की इच्छा करनेके तरह भी होता है, बाधक विषयों को सुखप्रद समझ उन में आसक्त हो उन को भोग सुख पानेकी इच्छा करना ।

अशुणामा (केकयपक्षी) यथा
नश्यति तथा भगवदनुभवपरो
मृदुप्रकृतिर्विषयदर्शनेन नश्यति ॥ १९३ ॥

विषयस्पर्शः स्वरूपनाशकः, विषयप्रवणः सुखितुमिच्छती तीदं विपरीतज्ञानकार्यमिति हि पूर्वमुक्तं ; एतद्विषयस्पर्शो नापेक्षितः, भगवद्गुणेऽवगाह्य स्थित एतस्मिन् दृष्टे नश्यतीत्याह– अशुणमा (केकयपक्षी) इत्यादि ।

अशुणमा (केकयपक्षी) इति कश्चित्पक्षी अतिमधुरगानश्रवणेन मनसो जलद्रव्यतापन्नस्य द्रवणदशायामतिकठिनवाद्येऽभिहते श्रुत्वा यथा नश्यति, तथा भगवदनुभव एकस्मिन्नेव तत्परस्तद्गुणरसे शिथिलीभूयेतरविषयाणां नामश्रवणेऽपि व्याकुलीभवन् मृदुप्रकृतिर्भगवदेकभोगस्वरूपस्वरूपना-

---

भगवद्भोगजुष्टस्य मृदुप्रकृतिकस्य च ।
केकयस्य यथा नाशो नाशो विषयदर्शने ॥१९३ ॥

विषयस्पर्श स्वरूप को नाश करता है, विषयप्रवण हो सुख पानेकी इच्छा करना विपरीतज्ञान कार्य है ऐसा पहिले कहा । विषयस्पर्श की अपेक्षा भी नहीं चाहिये, भगवद्गुणों में शिथिल होनेवाला इन (विषयों) को देखनेमात्र से नष्ट होता है ऐसा कहते हैं—अशुणमा (केकय) पक्षी इत्यादि ।

अशुणमा (केकय) पक्षी जैसा नष्ट होता है वैसा, भगवदनुभव
में ही आसक्त मृदुस्वभाववाला विषयदर्शन से नष्ट होता है ॥ १९३ ॥

अशुणमा (केकय) पक्षी अत्यंत मधुर गीत के श्रवण से मन के जलरूप से गलनेकी दशा में अति कठिन बाजा बजानेपर सुन जैसा नष्ट होता है वैसा, भगवदनुभव एक हीमें आसक्त हो उन के गुणों के रस में शिथिल हो इतरविषयों के नाम सुनने से भी नष्ट होनेके मृदुस्वभाववाला भगवदेकभोगस्वरूप स्वरूप को

'दर्शयित्वा नाशयसि किं' इत्युक्तं हि ॥१९४॥

शकानां विषयाणां दर्शनमात्रे दुःखितो नश्यतीत्यर्थः ।

अमुमर्थमाप्तवचनेन घटयति–दर्शयित्वेत्यादिना ।

अयमर्थः–अल्परसान् अनेकविधान् दुर्विषयान् दर्शयित्वा तैः सह सहवासमसहमानस्ये सति तदुचितस्थले स्थातुं निदानं पापं कृतवंतं मां नाशयितुं पश्यसि किमित्यर्थः ।

एवंभूतविषयदोषस्याज्ञानेनात्र प्रवणस्य तं ज्ञात्वैव प्रवणस्य च तारतम्यमाह–अज्ञ इत्यादिना ।

दर्शयित्वा विनाशो मे करोपीत्युक्तिरस्ति हि ॥१९४॥

नाश करनेवाले विषयों का दर्शनमात्रसे रो रो कर नष्ट होता है ।

इस अर्थ को आप्तवचन से स्थिर करते हैं—दिखाकर इत्यादि से ।

'दिखाकर नाश करोगे क्या ?' ऐसा कहे हैं ॥ १९४ ॥

अल्परस और अनेकप्रकार के दुर्विषयों को दिखाकर उन के साथ संबंध असह्य हो उन के रहनेके उचित संसार में पडे रहनेके कारण पाप किया हुआ मुझ को नाश करने के विचार करते हो क्या ? ऐसा शठकोपसूरि कहे हैं ।

एवंभूत विषयदोष को नहीं जान इन में आसक्त होनेवाला और इस दोष को जान इन में आसक्त होनेवाला इन दोनों के तारतम्य को कहते हैं—न जानकर इत्यादि ।

अज्ञो विषयप्रवणः-- केवलनास्तिकवत्, ज्ञानवान् विषयप्रवणः-- आस्तिकनास्तिकवत् ॥ १९५॥

अज्ञो विषयप्रवणः—विषयाणां दोषभूयस्त्वं स्वरूपविरुद्धतां चाज्ञात्वा तत्राशां कृत्वाताननुभोक्ता । केवलनास्तिकः—धर्माधर्मपरलोकचेतनेश्वरादीनां प्रतिपादकशास्त्रे प्रामाण्यबुद्धिं किंचिदपि बिना स्वैरसंचारपरशुद्धनास्तिकः । ज्ञानवान् विषयप्रवणः– विषयाणां दोषदुष्टतां स्वरूपविरुद्धतां च ज्ञात्वैव तत्रादरेणासक्तः । आस्तिकनास्तिकः-- धर्माधर्मादिसकलप्रतिपादकशास्त्रं प्रमाणमिति स्थितत्वादास्तिक इति वक्तुं योग्यः, तादृशशास्त्रमर्यादायामतिष्ठन् यथेच्छं कुर्वन् स्थित इति नास्तिकसमः ।

अज्ञो हि विषयासक्तः परं नास्तिकवद्भवेत् ।
ज्ञानवान् विषयासक्त आस्तिको नास्तिको यथा॥१९५॥

न जानकर विषयों में आसक्त केवल नास्तिक के तरह,
जानकर विषयों में आसक्त आस्तिक नास्तिक के तरह ॥ १९५ ॥

न जानकर विषयों में आसक्त—विषयों के दोषाधिक्य और स्वरूपविरुद्धता को न जान उन की इच्छा कर ऊपर गिरनेवाला । केवल नास्तिक है—धर्म अधर्म परलोक चेतन ईश्वर आदि को प्रतिपादन करनेवाले शास्त्र में प्रामाण्यज्ञान रहित यथेष्ट संचार करनेवाला शुद्धनास्तिक है । जानकर विषयों में आसक्त–विषय दोषों से दुष्ट और स्वरूपविरुद्ध हैं ऐसा जानकर भी उन की इच्छा कर ऊपर गिरनेवाला । आस्तिकनास्तिक है—धर्म अधर्म आदि सकल प्रतिपादक शास्त्र को प्रमाण माननेसे आस्तिक कहनेके योग्य, उस शास्त्र की मर्यादा में न रह यथेष्ट संचार करनेसे नास्तिक के सदृश होता है ।

केवलनास्तिको वशीकर्तुं शक्यः, आस्तिक
नास्तिकः कदापि वशीकर्तुं न शक्यते ॥ १९६ ॥

दृष्टांतभूतयोरनयोः को विशेष इत्यत आह– केवलेत्यादि। शास्त्रं नास्तीत्युक्त्वा यथेच्छं कुर्वन् संचरमाणः शास्त्रे आस्तिक्योत्पत्तये उपदेशान् कृत्वा यथा विधिनिषेधवश्यः स्यात्तथा कर्तुं शक्यते । शास्त्रास्तिक्यवतः तत्प्रतिपाद्यप्रमेयांश्च ज्ञात्वा पापभयं विना नास्तिकवत् स्वैरं संचरमाणस्य तस्योक्त्वा ज्ञापनीयस्याभावादुपदेशमुखेन कदापि वशीकर्तुं न शक्यत इत्यर्थः । अनेनाज्ञो विषयप्रवणो विषयदोषाद्युपदेशमुखेन यथा विरक्तः स्यात्तथा वशीकर्तुं शक्यते, ज्ञानवान् विषयप्र-

---

वशीकर्तुं स शक्यः स्यात्केवलं नास्तिको हि यः।
कदापि न तथा शक्य आस्तिको नास्तिको हि यः ॥१९६॥

दृष्टांतभूत इन दोनों में क्या विशेष है ? इस शंका में कहते हैं— केवल इत्यादि ।

केवलनास्तिक को वश कर सक्ते हैं, आस्तिक
नास्तिक को कदापि वश नहीं करसक्ते हैं ॥ १९६ ॥

शास्त्र नहीं है समझ यथेष्ट संचार करनेवाले को शास्त्र में आस्तिक्य बुद्धि उत्पन्नहोनेके लिये उपदेशकर जैसा विधिनिषेधशास्त्र के वश्य हो वैसा करसक्ते हैं। शास्त्र में आस्तिक्यबुद्धि से शास्त्रप्रतिपाद्य प्रमेयों को जानकर भी पापभयरहित हो नास्तिक के तरह यथेष्ट संचार करनेवाले को कह जनानेके योग्य किसीवचन के न होनेसे उपदेश द्वारा कदापि वश नहीं करसक्ते हैं।

इस से अज्ञानी विषयप्रवण को विषय दोष आदि के उपदेशद्वारा जैसा विरक्त हो वैसा शोधन करसक्ते हैं। ज्ञानवान् विषयप्रवण को विषयदोषादियों को स्पष्ट

इदं द्वयमपि स्वरूपेण नाशयतीत्येतावन्मात्रं विना भागवतविरोधं च वर्द्धयित्वा नाशयति ॥१९७॥

वणो विषयदोषादिकं ज्ञात्वैव प्रवर्तमानत्वात्तदुपदेशेन कदापि वशीकर्तुं न शक्यत इत्युक्तम् ।

'अज्ञः सुखमाराध्यः सुखतरमाराध्यते विशेषज्ञः ।
ज्ञानलवदुर्विदग्धं ब्रह्मापि नरं न रंजयति ॥'

इत्युक्तं किल । अतस्तस्मादप्ययं निकृष्टतम इति हृदयम् ।

'स्वस्य स्वेन' इति वाक्ये स्वरूपनाशकत्वेनोक्तानामहंकारस्य विषयाणां च क्रौर्यं पृथक् पृथगुक्तवान्, अथोभयोरपि वियमानं क्रौर्यविशेषं तंत्रेणाह--इदमित्यादिना ।

एतद् द्वयं स्वरूपेण नाशयतीति तद्विना ।
वर्धयित्वा विरोधं च महाभागवतैः सह ।
नाशयत्येव तस्मात्तद् द्वयं विद्वान् परित्यजेत् ॥१९७॥

जानकर भी प्रवृत्त होनेसे उन दोषों के उपदेश द्वारा कदापि शोधन नहीं करसक्ते हैं ऐसा तात्पर्य होता है ।

'अज्ञानी को सुख से समझा सक्ते हैं, विशेषज्ञ को
अत्यंतसुख से समझा सक्ते हैं, लवलेश ज्ञान से
पंडितमानी मनुष्य को ब्रह्मा भी नहीं समझा सक्ते हैं ।'

ऐसा कहा है । इस लिये उस की अपेक्षा यह अत्यंत नीच है समझना ।

'अपने को आप ही' इस वाक्य में स्वरूपनाशकतया कहे हुए अहंकार और विषयों के क्रौर्य को अलग अलग पहिले कहे हैं, दोनों के क्रौर्यविशेष को एकवाक्य से कहते हैं—ये इत्यादि ।

ये दोनों अपने स्वरूप से नाश करते हैं इतना ही नहीं,
भागवतापचार को उत्पादन कर भी नाश करते हैं ॥१९७॥

नामरूपविशिष्टाः संतो भागवता-
पचारं कुर्वंतो दग्धपटवत् ॥१९८॥

उक्तदोषयुक्ताहंकारविषयप्रावण्यरूपमेतद् द्वयमपि स्वासाधारणाकारेण स्थित्वा नाशयतीत्येतावदेव न, भागवतापचाररूपमहानर्थं च वर्धयित्वा स्वरूपनाशं करोतीत्यर्थः । स्वरूपेणेति—स्वेन रूपेणेत्यर्थः । अहंकारादौ प्रवणश्चेद्यावान् भवति तावान् न भवति भागवतापचारे कृते विद्यमानो भगवन्निग्रहः ।

तर्हि भागवतविरोधो यदा जायते तदैव स्वरूपनाशो जायते चेत् भागवतविरोधे कृतेपि स्वरूपानुरूपनामरूपविशिष्टाः कथं तिष्ठंतीत्यत आह– नामरूपेत्यादि ।

नामरूपविशिष्टा ये वैष्णवस्यापचारकाः ।
ते वै दग्धपटाकारा विज्ञेयाः सूक्ष्मदर्शिभिः ॥१९८॥

पूर्वोक्त दोषविशिष्ट ये अहंकार और विषयप्रावण्य दोनों अपने स्वरूप से नाश करते हैं इतना ही नहीं, भागवतापचाररूप महानर्थ को उत्पादन कर स्वरूप को नाश करते हैं समझना । अहंकारादियों में आसक्त होनेपर जितना दोष होता है उतना मात्र नहीं भागवतापचार से होनेवाला भगवान् का निग्रह—अर्थात् उस से अधिक समझना ।

इस प्रकार भागवतापचार होते ही स्वरूप नाश हो तो भागवतापचार करते हुए संचार करनेपर भी स्वरूपानुरूप नामरूपविशिष्ट हो कैसे रहते हैं ? इस शंका में कहते हैं—नामरूपविशिष्ट इत्यादि ।

नामरूपविशिष्ट हो भागवतविरोध
करनेवाले दग्धवस्त्र के तरह होते हैं ॥ १९८ ॥

पिंडीकृतपटो दग्धोऽपि आतानविताने
समे तिष्ठतः, वायौ संचरत्युत्पतेत् ॥ १९९॥

वैष्णवत्वचिह्नभूतदास्यनाम्ना तदनुगुणरूपेण च विशिष्टाः संतः अंतरार्द्रतां विनाऽहंकारादिवश्याः भागवतविषये विरोधं कृत्वा वर्तमानाः, स्वरूपनाशं दग्धत्वेपि आकारविशिष्ट इव भासमानेन दग्धपटेन सदृशा इत्यर्थः ।

दग्धपटस्य प्रकारं दर्शयति— पिंडीकृतेत्यादिना ।

सम्यक्पिंडीकृतपटः सर्वतो दग्धोपि आतानविताने पूर्ववत्तिष्ठतः । एकस्मिन् वायौ सम्यक् संचरति यथा स्वरूपमपि न दृश्येत तथा शिथिलो गच्छतीत्यर्थः । तथैवापचाराग्निदग्धा

पिंडीभूते पटे दग्धे आताने च वितानके ।
समेऽपि वायुसंचारे ह्युत्पतत्येव सर्वदा ॥१९९॥

वैष्णवत्व चिह्नभूत दास्यनाम और तदनुगुण रूप के रहते हुए भीतर किसी प्रकार के सुगुण से रहित अहंकारादि के वश हो भागवतविषय में विरोध करनेवाले संपूर्ण दग्ध होनेपर भी रूपविशिष्ट के तरह भान होनेवाले जला हुआ वस्त्र के सदृश होते हैं ।

जलाहुआ वस्त्र के प्रकार को दिखाते हैं—घडी कियाहुआ इत्यादि ।

घडी किया हुआ वस्त्र दग्ध होतो आतानवितान
पहिलेके तरह रह वायु बहने पर उड जाता है ॥ १९९ ॥

घडीकिया हुआ वस्त्र सर्वत्र दग्ध होनेपर भी आतानवितान पहिलेके तरह समान रहेगा, परंतु एक हवा ओरसे बहनेपर रूप भी जैसा नहीं रहे तैसा उड जायगा । इसी तरह अपचाररूप अग्नि से दग्ध होनेपर भी नामरूपों से रहनेवाले

'ईश्वरोऽवतीर्याऽकरोदतिमानुषचेष्टितानि
भागवतापचारासहिष्णुत्वाद्' इति यतिर्वदेत् ॥२००॥

नामरूपाभ्यां युक्ता भगवन्निग्रहविशेषेण सम्यक् ताडिताः स्वरूपभ्रष्टा भवंतीति हृदयम् ।

भागवतापचारे कृते ईश्वरोऽसहमान उचितदंडं करोतीत्यमुमर्थमाप्तवचनेनाह— ईश्वर इत्यादिना ।

'संकल्पमात्रेण सर्वमपि निर्वोढुं शक्तेन सर्वशक्तिना सर्वेश्वरेण स्वस्वरूपं विहायेतरसजातीयोऽवतीर्य कायिकव्यापारयुक्तेन कृतानि हिरण्यरावणादिनिरसनरूपातिमानुषचेष्टितानि सर्वाणि, प्रह्लादमहर्षिप्रभृतिषु तत्तद्भागवतेषु तैस्तैः कृतापचारस्यासहिष्णुत्वाद्' इत्याप्ततमो यतिर्वदेदित्यर्थः ।

अवतीर्याकरोदीशो दिव्यचेष्टाश्च या हि वै ।
विष्णुभक्तापचारस्यासहिष्णुत्वादिति स्मृतिः ॥२००॥

भगवन्निग्रहविशेष से अत्यंत पीडित हो भस्म हो जाते हैं ऐसा तात्पर्य जानना ।

भागवतापचार करनेपर ईश्वर न सह उचित दंड देते हैं इस अर्थ को आप्तवचन से कहते हैं—ईश्वर के इत्यादि ।

'ईश्वर के अवतार लेकर किये हुए अतिमानुष चेष्टित
सभी भागवतापचार को न सहनेसे' ऐसा वेदांती कहे हैं ॥२००॥

संकलपमात्र से सब को निर्वाह करनेवाले सर्वशक्ति सर्वेश्वर के अपने स्वरूप को बिगाड इतर सजातीय हो अवतार कर हाथ से स्पर्श कर किये हुए हिरण्यरावणादि निरसनरूप आदि अतिमानुषचेष्टित सभी प्रह्लाद, महर्षि प्रभृति उन उन भागवतविषयों में उन उन के कर्तृक अपचार को न सहनेसे, ऐसा आप्ततम वेदांती कहे हैं ।

'अवमानक्रिया' ॥ २०१ ॥
भागवतापचारोऽनेकविधः ॥ २०२ ॥

एतद्भागवतापचारस्य क्रौर्ये भगवदुक्तिं दर्शयति— अवमानेत्यादिना ।

'या प्रीतिर्मयि संवृत्ता मद्भक्तेषु सदास्तु ते ।
अवमानक्रिया तेषां संहरत्यखिलं जगत् ॥'

इत्युक्तम् ।

एतादृशभागवतापचारस्य वैविध्यमाह— भागवतापचार इत्यादिना ।

अनेकविध इति— जन्मनिरूपणं, ज्ञाननिरूपणं, वृत्तनिरूपणं, आकारनिरूपणं, बंधुनिरूपणं, वासनिरूपणमित्यादिभिरनेकप्रकरो भवतीत्यर्थः ।

अवमानक्रियेत्यादि प्रमाणं तत्र कीर्तितम् ॥२०१॥
विष्णुभक्तापचारश्चानेकधा परिकीर्तितः ॥२०२॥

इस भागवतापचार का क्रौर्य में भगवद्वचन को दिखाते हैं—'अवमान क्रिया' इति ।

'अवमान क्रिया' ॥ २०१ ॥

'तुम को जो प्रीति मुझ में है मेरे भक्तों में भी वही प्रीति हो; उन के अपमान करनेसे अखिलजगत का संहार होता है ॥'
ऐसा स्वयं भगवान्ने ही कहा है ।

इस प्रकार के भागवतापचार अनेक विध हैं ऐसा कहते हैं—भागवतापचार इत्यादि से ।

भागवतापचार अनेक विध हैं ॥ २०२ ॥

अनेकविध हैं—जन्मनिरूपण, ज्ञाननिरूपण, वृत्तनिरूपण, आकारनिरूपण बंधुनिरूपण, वासनिरूपण इत्यादि बहु प्रकारके हैं ।

तत्रैकं तेषु जन्मनिरूपणम् ॥ २०३ ॥
इदं चार्चावतारे उपादानस्मृतेरपि क्रूरम् ॥ २०४ ॥

तेषां मध्ये जन्मनिरूपणस्य क्रौर्यं वक्तुं तदुपादत्ते— तत्रेत्यादिना ।

जन्मनिरूपणं नाम— निकृष्टकुलेष्ववतीर्णानां भागवतानां भगवदीयत्वप्रयुक्तमाहात्म्यमदृष्ट्वा निकर्षबुध्या तज्जन्मनिरूपणम् ।

एतत्क्रौर्यमाह— इदं चेत्यादिना ।

इदं चेति— भागवतजन्मनिरूपणं परामृश्यते । अर्चावतारे उपादानस्मृतिर्नाम— आश्रिताभिमतं यत्किंचिद् द्रव्यं स्वस्य विग्रहत्वेनांगीकृत्य तत्राप्राकृतदिव्यविग्रहे क्रियमाणमादरं कृत्वा स्थितिरूपवैभवमज्ञात्वा निकर्षबुद्धिं कृत्वा विग्रहोपादा-

---

तत्रैकं जन्मनां तेषां निरूपणमुदाहृतम् ॥ २०३ ॥
अर्चामूर्तेरुपादानस्मृतेः क्रूरं बुधा जगुः ॥ २०४ ॥

उन में जन्मनिरूपण का क्रौर्य को कहनेके लिये उस को उपादान करते हैं— उन में इत्यादि ।

उन में एक— उनके विषय में जन्मनिरूपण ॥ २०३ ॥

जन्मनिरूपण माने— निकृष्टकुलों में अवतीर्ण भागवतों के भगवत्संबंधप्रयुक्त माहात्म्य को नहीं देख नीचता बुद्धि से उन उन जन्मोंको निरूपण करना ।
इस का क्रौर्य को कहते हैं— यह इत्यादि ।

यह अर्चावतार में उपादानस्मृति की अपेक्षा क्रूर है ॥ २०४ ॥

अर्चावतार में उपादानस्मृति माने— आश्रित के अभिमत किसी एक द्रव्य को अपने दिव्यविग्रहतया स्वीकार कर उस में अप्राकृत दिव्यविग्रह में क्रियमाण आदर करते हुए विराजनेके वैभव को न जान निकृष्टतया मान 'विग्रह के उपादान

तन्मातृयोनिपरीक्षया सममिति शास्त्रं वदति ॥२०५॥

नद्रव्यमेतत्खल्विति चिंतनम् । ततोप्यस्य क्रूरत्वं नाम— एतदपेक्षया सर्वेश्वरस्यात्यंतनिग्रहहेतुत्वम् ।

तस्य क्रौर्यं च कियदित्यत आह– तदित्यादिना ।

'अर्चावतारोपादानं वैष्णवोत्पत्तिचिंतनम् ।
मातृयोनिपरीक्षायास्तुल्यमाहुर्मनीषिणः ॥'

इत्युक्तम् । एवमुभयमपि मातृयोनिपरीक्षायाः सममिति शास्त्रेणोक्तावपि तदर्चावतारे उपदानस्मृतेर्निदर्शनं भवति, वैष्णवोत्पत्तिचिंतनं ततोऽपि क्रूरमित्यस्य हृदयम् । मातृयोनिपरीक्षा नाम– अन्यस्त्रीयोनिवैलक्षण्यावैलक्षण्यवासनयाऽस्यापि तथा निरूपणम् । तत्तुल्यमिति– एवं निरूपणे कृते

महाभागवतानां यदिदं जन्मनिरूमणम् ।
मातृयोनिपरीक्षायाः सममाहुर्मनीषिणः ॥२०५॥

द्रव्य अमुक है' ऐसा विचारना । उस की अपेक्षा क्रुर माने--वैसा विचारनेपर कितना सर्वेश्वर निग्रह करते हैं उस की अपेक्षा भागवतों के जन्मनिरूपण करनेपर अत्यधिक निग्रह करते हैं ।

उस का क्रौर्य कितना है इस प्रश्न में उत्तर देते हैं--उस को इत्यादि ।

उस को मातृयोनिपरीक्षा के तरह शास्त्र कहता है ॥ २०५ ॥

'अर्चावतार के उपादान द्रव्य और वैष्णवोत्पत्ति चिंतन इन दोनों को मातृयोनिपरीक्षा के तरह विद्वान् लोग कहते हैं ।' ऐसा कहा है ।

इस प्रकार दोनों को मातृयोनिपरीक्षा सदृशतया शास्त्र के कहनेपर भी वह अर्चावतार में उपादानद्रव्य चिंतन के लिये दृष्टांत होता है इतना ही, वैष्णवोत्पत्ति चिंतन उस की अपेक्षा क्रूर है ऐसा लोकाचार्य का अभिप्राय है । मातृयोनिपरीक्षा माने–अन्य स्त्री योनि वैलक्षण्य अवैलक्षण्य के निरूपणकरनेके वासना से इस को भी वैसा निरूपण करना । उस के तरह माने--ऐसा मातृयोनि को निरूपण कर-

त्रिशंकुवत्कर्मचंडालो भवेत्-- वक्षसि
यज्ञोपवीतमेव चर्मरज्जुर्भवेत् ॥ २०६ ॥

तस्य यावत्पापं स्यात्, अर्चावतारविग्रहोपादानचिंतने च तावत्पापं स्यादित्यर्थः ।

तदपचारस्य फलं दग्धपटवन्नष्टकल्पतया स्थित्वा देहावसाने स्वरूपनाशनं भवत्येतावदेव न, एतदपचारकरणसमय एव कर्मचंडालो भवेदित्याह– त्रिशंकुवदित्यादिना ।

इक्ष्वाकुवंश्यः त्रिशंकूराजा कुलगुरुं वाशिष्ठमहर्षिं 'सशरीरस्वर्गावाप्त्यर्थं मां याजय' इत्यपेक्षत, महर्षिश्च 'ममाशक्यं' इत्यवदत्, तत्स्थानात्तत्पुत्रतपोनुष्ठानस्थले गत्वा एतद्वृत्तांतमुक्त्वा तानत्यंतमनुवर्त्य 'यूयं मामेवं याजयत' इतिनिरब-

---

भवेत्त्रिशंकुवत्कर्मचाण्डालो हृदि यागजम् ।
सूत्रमेव भवेच्चर्मरज्जुवद्ध्यपराधतः ॥ २०६ ॥

नेसे कितना दोष होता है उतना दोष अर्चावतारोपादानद्रव्य के चिंतन में होता है ऐसा तात्पर्य जानना ।

इस अपचार का फल दग्धवस्त्र के सदृश नष्ट प्राय हो देहावसान काल में रूपरहित भस्म होना मात्र नहीं किंतु इस अपचार के करते ही कर्मचंडाल हो जाता है ऐसा कहते हैं-- त्रिशंकु के तरह इत्यादि ।

त्रिशंकु के तरह छाती में का यज्ञोपवीत ही चर्मरज्जु हो जाता है ॥ २०६ ॥

इक्ष्वाकुवंश्य त्रिशंकु नामक राजा के अपने कुलगुरु वसिष्ठ महर्षि से 'शरीर के साथ स्वर्गप्राप्ति के लिये मुझ से याग कराओ ऐसा प्रार्थना करनेपर उन के मैं नहीं करसक्ताहूं' ऐसा इनकारनेपर, वहां से तपस्या करनेवाले उन के पुत्रों के पास जा इस वृत्तांत को कह उन के अत्यंत अनुवर्तन कर 'आप मुझ से

भात्, 'त्वं दुर्बुद्धिर्महर्षिणाऽशक्यमित्युक्तमस्माभिः कथं कर्तुं शक्यं' इत्यवोचन् ।

'तेषां तद्वचनं श्रुत्वा क्रोधपर्याकुलाक्षरम् ।
स राजा पुनरेवैतानिदं वचनमब्रवीत् ॥
प्रत्याख्यातो भगवता गुरुपुत्रैस्तथैव च ।
अन्यां गतिं गमिष्यामि स्वस्ति वोऽस्तु तपोधनाः ! ॥'

इति क्रुद्धे तस्मिन् गुरुस्तत्पुत्रा यूयं च न कुर्म इति वदेयुश्चेत् अहमन्यत्र गमिष्यामि यूयं सुखं तिष्ठत इति वदति,–

'ऋषिपुत्रास्तु तच्छ्रुत्वा वाक्यं घोराभिसंहितम् ।
शेपुः परमसंक्रुद्धाश्चंडालत्वं गमिष्यसि ॥'

आचार्यं तत्पुत्रान् स्वांश्चानेनावमतिं कृत्वोक्तां वार्तां श्रुत्वा तेऽत्यंतं क्रुद्धा शेपुः ।

इस प्रकार के याग कराओ' ऐसा निबंध करनेपर 'तुम दुर्बुद्धि हो, महर्षि जिस में असमर्थ हैं वह हम से कैसे बनेगा' ऐसा उन के कहने पर--

'उन के कोपव्याकुल वचन को सुन वह राजा फिर भी इस बात को कहा— भगवान् वसिष्ठ इनकार किये तथा उन के पुत्र आपलोग, भी इनकार करते हो तो मैं औरकिसी के शरण में जाऊंगा, आप को मंगल होय ।

ऐसा वह क्रुद्ध हो 'गुरु वसिष्ठ और उन के पुत्र आपलोग भी इनकार करते हैं तो मैं किसी अन्य के शरण लूंगा, आपलोग सुखी हों' ऐसा कहा है। तब-

'ऋषि के पुत्र उसवचन को सुन अत्यंत क्रुद्ध हो घोररूप
से तुम चंडाल हो जाओ ऐसा शाप दिये हैं ।' ऐसा

स्वाचार्य वसिष्ठ उन के पुत्र आप इन दोनों को अपमानित कर कहा हुआ वचन को सुन वे अत्यंत क्रुद्ध हो 'तुम चंडाल हो जाओ' ऐसा शाप देनेपर—

अथ रात्र्यां व्यतीतायां राजा चंडालतां गतः ।
'नीलवस्त्रधरो नीलः परुषोध्वस्तमूर्धजः ।
चित्रमल्यांगरागश्च आयसाभरणोऽभवत् ॥'

इत्युक्तप्रकारेणानंतरं कर्मचांडालोऽभवत् । तथैव भागवतापचारकरणसमय एव ब्रह्मवर्चस्त्वोपयुक्ततया वक्षसि धृतं यज्ञोपवीतं चंडालवेषानुरूपं चर्मरज्जुर्भवेदित्यर्थः । तत्र शापसिद्धत्वात्प्रत्यक्षं जातं, अत्र शास्त्रसिद्धत्वाज्ज्ञानदृष्टिविषयं वर्तते ।

'अनाचारान् दुराचारानज्ञातॄन् हीनजन्मनः ।
मद्भक्तान् श्रोत्रियो निंदन् सद्यश्चंडालतां व्रजेत् ॥'

इत्युक्तं हि ।

चंडालवदयमपि कदाचित् पुरुषार्थयोग्यो भवेदिति चिंताया

'अनन्तर रात्रि के बीतनेपर चंडालता को प्राप्त हुआ राजा काला वस्त्र कालारूप, बिखरा हुआ केश, चित्रमाला और चंदन, लोहे के आभरण इन से युक्त हुआ ।

इस वचनानुसार वह कर्मचंडाल हुआ है । वैसा ही भागवतापचार करते ही कर्मचंडाल हो ब्रह्मवर्चस्त्व के लिये छाती में धारण कियाहुआ यज्ञोपवीत ही चंडालवेष के अनुगुण चर्मरज्जु हो जाता है । त्रिशंकुविषय में शापसिद्ध होने से प्रत्यक्ष गोचर हूआ है । भागवतापचारविषय में शास्त्रसिद्ध होनेसे ज्ञानदृष्टि के गोचर होता है ।

'अनाचार या दुराचार, अज्ञानी या ज्ञानहीनजन्म ऐसे मेरे भक्तों
को वेदवेदांत पारंगत भी निंदा करेगा तो उसी क्षण चंडाल होगा' ऐसा कहा है ।

चंडाल के तरह यह भी किसी न किसी काल में उज्जीवित होगा ऐसा चिंतन

**जातिचंडालस्य कालांतरे भाग-
वतो भवितुं योग्यतास्ति, सापि
नास्त्यस्य– आरूढपतितत्वात् ॥ २०७॥**

अपि यथावकाशो नास्ति तथा जातिचंडालात् कर्मचंडालस्य विद्यमानां हेयतामाह-- जातिचंडालस्येत्यादिना ।

जातिचंडालस्य तज्जन्मनि वा जन्मांतरे वा भगवत्कटाक्षे संति कस्मिंश्चित्कालविशेषे नामरूपविशिष्टो भगवत्संबंधनिरूपितो भवितुं योग्यतास्ति, तादृशयोग्यता च नास्ति भागवतापचाररूपकर्मचंडालस्यास्य पापिष्ठस्य ।

तद्धेतुर्भागवतस्वरूपोच्चस्थान आरुह्य--

जातिप्रयुक्तचाण्डालो महाभागवतो भवेत् ।
कालान्तरे न चायं स्यादारूढपतितत्वतः ॥ २०७॥

करनेको भी जैसा अवकाश न हो तैसा जातिचंडाल की अपेक्षा कर्मचंडाल की नीचता को कहते हैं—जातिचंडाल को इत्यादि ।

जातिचंडाल को कालांतर में भागवत होने की योग्यता
होती है, वह भी नहीं है इस को ऊपर चढ गिरनेसे ॥ २०७॥

जाति से चंडाल हुए को उस जन्म या जन्मांतर में भगवत्कटाक्षविशिष्ट किसी काल में नामरूपविशिष्ट हो भगवत्संबंध से कहेजानेकी योग्यता होती है, वह योग्यता भी नहीं है भागवतापचाररूप कर्म से चंडाल हुए इस पापिष्ठ को । उस का कारण कहते हैं—ऊपर चढ इत्यादि ।

भागवतत्वरूप ऊंचे शिखर पर चढ 'सैकडोंपद्मकोटिवर्षों के बीतनेपर भी

अस्याधिकारिनियमो नास्ति ॥ २०८ ॥

'तदीयश्रेष्ठाः जातिब्राह्मणा अपि' इत्युक्तत्वात् ॥ २०९ ॥

'पद्मकोटिशतेनापि न क्षमामि' इति प्रकारेणातिक्रूरभगवन्निग्रहस्य हेतुभूतभागवतापचारेणात्यंतं ताडितो भूत्वाऽधःपतितत्वादित्यर्थः ।

अयं च जन्मादिना ज्ञानादिना चापकृष्टैरुत्कृष्टविषये कृत एव वा, तैरुत्कृष्टैरपकृष्टविषये कृतोऽपि तुल्यो वेत्यत आह—अस्येत्यादिना ।

भागवतापचारस्य तादृशी काचनाधिकारिनियतिर्नास्तीत्यर्थः ।

अस्य प्रमाणमस्ति किमित्यत आह तदीयेत्यादि ।

नैवाधिकारिनियमो विद्यतेऽस्य महामते ! ॥ २०८ ॥

'तदीयेषु वरा जाता ब्राह्मणा अपि' वाक्यतः ॥ २०९ ॥

क्षमा नहीं करूंगा' इस वचनानुसार अतिक्रूर भगवन्निग्रह के हेतुभूत भागवतापचार से अत्यंत पीडित हो अधः पतित होनेसे ।

यह—जन्मादि और ज्ञानादियों से अपकृष्ट उत्कृष्टविषय में करनेसे ही होता है, जन्मादियों से उत्कृष्ट अपकृष्टविषय में करनेसे नहीं होता है ऐसा नियम है क्या ? इस शंका में कहते हैं—इस को इत्यादि ।

इस को अधिकारिनियम नहीं है ॥ २०८ ॥

भागवतापचार को तादृश अधिकारि नियम नहीं है ।

इस में प्रमाण है क्या इस शंका में कहते हैं—भागवतों में इत्यादि ।

'भागवतों में अग्रगण्य हो जाति से ब्राह्मण हो तो भी' ऐसा कहनेसे ॥ २०९ ॥

अत्र वैनतेयवृत्तांतः, पिळ्ळैपिळ्ळैयाऴ्वानित्य-
स्य कूरेशोक्ता वार्ता च स्मर्तव्या ॥ २१० ॥

सांगं सकलवेदानधीतवंतस्तदीयश्रेष्ठा उत्कृष्टजन्मानो भवंति चेदपि भगवच्चरणयोः संबंधैकनिरूपकान् श्रीवैष्णवान् जन्मादिना निंदंति चेत्—कालांतरे देशांतरे विना तदानीमेव तत्रैव चंडाला अपीषत्सदृशा इति वक्तुं योग्यास्तेभ्योप्यत्यंत-नीचा भवंतीति तत्त्वयाथात्म्यदर्शिभिर्भक्तांघ्रिरेणुभिरुक्तत्वादित्यर्थः ।

एतदर्थविषयौ द्वावितिहासौ स्मारयति अत्रेत्यादिना ।

वैनतेयवृत्तांतः— विश्वामित्रसमीपे सर्वा विद्या अधीत्य

विनतासुतवृत्तांतः पिळ्ळैआचार्यकं प्रति ।
कूरेशोक्ता तु वार्ता च स्मरणीया मनीषिभिः ॥ २१० ॥

'अंगसहित संपूर्ण वेदों को अध्ययन कर भागवत श्रेष्ठ और उत्कृष्टजन्मवाले हो तो भी आप के चरणों से संबंध के ही निरूपणकरनेयोग्य श्रीवैष्णवों को जन्मादियों को लेकर निंदा करेंगे तो कालांतर और देशांतर में विना उसी क्षण और उसी देश में वे जातिचंडाल भी इन के एक अंश का समान हो जैसा उन से भी अत्यंत नीच होते हैं—ऐसा तत्वयाथात्म्य को जाननेवाले श्रीभक्तांघ्रिरेणुस्वामी कहे हैं ।

इस अर्थ के विषय में दो ऐतिह्य को स्मरण कराते हैं—इस स्थल में इत्यादि ।

इस स्थल में वैनतेयवृत्तांत, और पिळ्ळैपिळ्ळैसूरी से
कूरेशस्वामी की कही हुई वार्ता को भी स्मरण करना ॥ २१० ॥

वैनतेयवृत्तांत माने—विश्वामित्र के पास संपूर्ण विद्याभ्ययन करनेवाले गाल-

गालव इति ब्राह्मणः 'गुरुदक्षिणामदत्वा ममेमा विद्या न स्थिरी-भवंति' इति विचार्य 'मया भवते दक्षिणात्वेन किं देयं' इत्यपृच्छत्, 'त्वया मह्यं किमपि न देयमहं तव शुश्रूषया भक्त्या चात्यंतं प्रीतोऽभवं, अथ तवेष्टस्थले गत्वा वस' इति बहुवारं तेनोक्तोऽपि स एवमकृत्वा 'सर्वथा मत्तो दक्षिणां गृहाण' इत्यतिनिर्बंधमकरोत् , तस्मात् —

'किंचिदागतसंरंभो विश्वामित्रोऽब्रवीदिदम् ।
एकतः श्यामकर्णानां शतान्यष्टौ तु देहि मे ।
हयानां चंद्रशुभ्राणां गच्छ गालव माचिरम् ॥'

इति संकुपितोऽमुं दृष्ट्वा 'सर्वशरीरेषु चंद्रमंडलवच्छ्वेतान् एकस्मिन् कर्णे हरितान् अष्टौ शतानि अश्वानानीय ददस्व' इत्यवदत्, तच्छ्रुत्वा व्याकुले तस्मिन् 'अथ किं कुर्यां' इति

वनामक ब्राह्मण गुरुदक्षिणा दिये विना हम को ये विद्या फलित न होयँगे ऐसा विचार 'हम से आप को देनेयोग्य दक्षिणा को बताईये' ऐसा पूंछनेपर 'तुम हम को कुछ भी मत दो, हम तुमारे शुश्रूषा और भक्ति से ही अत्यंत प्रसन्न हुए हैं, अब तुमारी इच्छा के अनुसार जाओ' ऐसा बहुत आवृत्ति कहने पर भी यह नहीं सुन 'सर्वप्रकार से मेरे हाथ से दक्षिणा को स्वीकार करना चाहिये' ऐसा निर्बंध करने पर—

'विश्वामित्रमहर्षि कुपित हो चंद्र के तरह सुफेद,
और एक कान श्यामवर्णवाले आठ सौ घोडों को
लाकर हमको दो, हे गालव जाओ और शीघ्र लावो।'

ऐसा वह विश्वामित्र कुपित हो गालव को देख 'सब शरीर चंद्रमंडल के तरह सुफेद हो एक कान श्याम हो रहनेवाले आठ सौ घोडों को ला हम को दो ऐसा कहनेपर सुन अत्यंत व्याकुल हो इस के लिये कर्तव्य क्या ? ऐसा बहुप्रकार

बहुमुखं विचार्य 'सर्वापेक्षितप्रदं सर्वेश्वरमुपासे' इत्युद्योगयति पूर्वमेवास्य सख्यौ वैनतेये आगत्य अस्याग्रतस्तिष्ठति सति तं स्तुत्वा 'अस्य किं कर्तव्यं' इत्यपृच्छत्, तस्मिन् 'त्वामादाय सर्वभूमौ संचरामि, उभावपि मार्गयाव' इत्युक्त्वैनमादाय संचरति सति, परिश्रमे सति 'अत्र विश्रम्य गच्छाव' इति पश्चिमसमुद्रे ऋषभनामकपर्वतोपरि वसंतीं ज्ञानाधिकां शांडिल्यां भागवतां दृष्ट्वा अभिवादनादिकं कृत्वा तस्यामत्यादरेण सत्कुर्वंत्यामनंतरं विश्रांतावशयातां; तदानीं 'एवं विलक्षणाया अस्या विलक्षणदेशे वासो न लब्ध' इति वैनतेयो विचार्य 'इमामस्माद्देशात्कस्मिंश्चिद् दिव्यदेशे नीत्वा स्थापयानि' इति विचारयन्नतिष्ठत्, तदानीं तादृशभागवतवासदेशस्य न्यूनत्वचिंतनरूपापचारेण पक्षयोर्भग्नयोर्निश्चेष्टोऽभवत्। एतेन सह गतो ब्राह्मणः—

विचार सर्वापेक्षितप्रद सर्वेश्वरकी उपासना करनेके उद्योग करनेपर, पहिले इन के सखा गरुडजीने आ सामने खडाहुआ, उन को स्तुति कर 'इस कार्य के लिये कर्तव्य क्या है' ऐसा पूछनेपर वह 'तुम को मैं इस भूलोक में सर्वत्र ले जाऊंगा हम दोनों मिल ढूंढेगे आओ' ऐसा कह इन को लेकर संचार करते हुए थकजाने पर 'यहां विश्रामकर जायंगे' ऐसा पश्चिमसमुद्र में ऋषभनामक पर्वत के ऊपर वास करनेवाली ज्ञानाधिका शांडिल्यानामक भागवता के पास पहुंच दर्शन और नमस्कार करनेपर वह अत्यादरपूर्वक अत्यंत सत्कार करती भई। अनंतर विश्रमित हो सोनेके समय 'इस प्रकार यह विलक्षण भागवता किसी एक दिव्यदेशों में वास करनेके भाग्यवती नहीं हुई' ऐसा श्रीगरुडजी विचार 'इन को यहांसे हम ले जा एक दिव्यदेशों में स्थापन करेंगे' ऐसा चिंतन करते भए। उस भागवता के वासस्थल को हीन माननेके अपचार से पाँखें गिरनेपर निश्चेष्टित हो गिरगये। इस को संग जानेवाले गालवमहर्षि देख—

'किंनु ते मनसा ध्यातमशुभं पततां वर
नह्ययं भवतः स्वल्पो व्यभिचारो भविष्यति ॥'

इति 'यत्किंचिद्भवतो मनसा अशुभं विचारितं किं, भवतोऽल्पस्यापि व्यभिचारस्याऽऽगमनयोग्यतापि नास्ति इत्यवदत्, 'ननु व्यभिचारो जात' इति स्वस्य तद्भागवतविषये चिंताप्रकारं तस्योक्त्वा 'अयं क्षंतव्य' इति तामनुवर्त्य तदनुग्रहेणैतदपचारे नष्टे पूर्ववदभवदिति। अयं च कृष्णस्य दौत्येन गमनसमये नारदादिमहर्षिषु बहुषु तिष्ठत्सु कृष्णहृदयाभिप्रायमनुसर्तुं धृतराष्ट्रं प्रति अनेककथाकथनप्रकरणे श्रीनारदेन भगवतानुगृहीत इत्युद्योगपर्वण्युक्तत्वाद्वेदोपबृंहणासिद्धः खलु।

पिळ्ळैपिळ्ळैयाल्वानित्यस्य कूरेशोक्तावार्ता- तस्यांगीकारकाले अस्याभिजात्यादिनोत्कृष्टत्वाद्भागवतविषयेष्वविनयं वर्तनप्रकारं

'हे पक्षिराज ! आप अपने मन में कौनसी पाप को
चिंतन किये हो, यह तो आपके स्वल्पपाप का फल नहीं है।'

अर्थात् किसी पाप को आप मन में लाये हो क्या, आप को स्वल्पपाप भी लग नहीं सक्ता है ऐसा पूंछनेपर 'पाप हुआ है' ऐसा उस भागवतके विषय में अपना चिंतनप्रकार को सुनाये, पश्चात् 'इस अपराध को क्षमा कीजिये' ऐसा उन के चरण में गिर अनुवर्तनकरनेसे उन के अनुग्रह से उस अपचार के दूरहोने पर पहिलेके तरह सुस्वस्थ हुए हैं। यह वृत्तांत श्रीकृष्ण के दूत हो जानेके समय नारदजी के महर्षिलोगों की संनिधि में श्रीकृष्ण के अभिप्राय को अनुवर्तन करनेके लिये धृतराष्ट्र से अनेककथाओं के कहनेके प्रकरण में कहा हुआ ऐसा उद्योगपर्व में उक्त होनेसे वेदांतों के उपबृंहण (भारत) से सिद्ध हुआ जानना।

पिळ्ळैप्पिळ्ळैसूरी से कूरेशस्वामी की कही हुई वार्ता माने—पिळ्ळैप्पिळ्ळैसूरी के अंगीकारानंतर इन के आभिजात्यादियों से उत्कृष्ट होनेसे भागवतविषयों में अवि-

दृष्ट्वा 'अस्यायं भागवतापचारो ज्ञानानुष्ठानादिकमधः कृत्वा स्वयमुपरि स्थित्वा विनाशपर्यंतं कुर्यादस्य वृतिः कल्पनीय इति विचार्यैकस्मिन्नयनदिने स्नात्वा कूलारोहणसमये अमुं दृष्ट्वा 'सर्वैरपि दानकरणसमये त्वमपि मह्यमेकं दानं न करोषि किं ?' इति पृच्छति 'दासः किं ददामि सर्वं भवदीयं खलु वर्तते' इति सोऽवदत् । अर्थस्थितिः खल्वेतादृशी तावन्नालं करणत्रयेणापि भागवतापचारमकृत्वा वर्तयमिति मद्धस्त उदकं दातव्यं' इत्यवदत् , तथैवायमप्युदकमदात् । अनंतरं कस्यचिद्भागवतस्य दोषं पूर्ववासनया स्मृत्वा 'अहं नष्ट' इति भयेन कपाटं मुद्रित्वा स्वगृहे अशेत, अस्य पूर्वमागमनकाले आगमनादर्शनात् कूरेशोऽस्य गृहं गत्वा 'किमर्थं शोचसि' इति पृच्छति, स्वयं मनसा चिंतितं विज्ञाप्य 'करणत्रयेणाप्यपचारो

नीत (धृष्ट) हो वर्तनकरनेके प्रकार को देख 'इन के यह भागवतापचार ज्ञानानुष्ठानादि सकलगुणों को दबाकर आप ही प्रबल हो विनाश पर्यंत कर देगा, उस को घेरा करना चाहिये' ऐसा कूरेशस्वामी विचार एक अयनरूप पुण्यकाल में स्नान कर किनारे में आते ही इन को देख सब लोगों के दान करनेके इस पुण्यकाल में आप भी हम को एक दान दीजिये' ऐसा पूंछनेपर 'दास किस को दान दें सब आप ही का है' ऐसा कहते भये। तब 'यह तो ठीक है उतनेमात्र से तृप्त नहीं हूं त्रिकरण से भी भागवतापचार नहीं करेंगे 'ऐसा हमारे हाथ में जल छोडो' ऐसा कहनेपर उसी प्रकार उन के हाथ में जल छोडते भये । अनंतर किसी एक भागवत के दोष को पूर्ववासना से स्मरण कर 'हम नष्ट हुए हैं ऐसा भीत हो कपाट बंदकर अपने घरमें पडे रहे । इन के प्रतिदिन आनेके समय व्यतीत होने पर श्रीकूरेशस्वामी इन के घर जा 'क्यों जी क्या विचारते हो' ऐसा पूंछनेपर अपनी मन की बात को विज्ञापन कर 'तीनों करणों से यथा अपचार न हो तथा

यथा न भवेत् तथाऽनेन देहेन वर्तनं दुर्लभं किं कुर्यां' इति चरणौ संग्राह्याधः पतित्वा क्लेशमकरोत् , 'एतावाननुतापोऽस्य संजात' इत्यत्यंतं प्रीतेन तेन 'मनसा चिंतितस्यानुतापे सतीश्वरः क्षमेत प्रत्यक्षदण्डभयेन कायिकेन कोऽपि न बाधनीयः अत एतदुभयमपि तुभ्यमदां, अथ वाचमेकामपि सम्यक् पश्यन् सन् वर्तस्व' इत्युक्तवार्ता ।

भगवल्लाभहेतुभ्यां ज्ञानानुष्ठानाभ्यामुभाभ्यामपि पूर्णस्य कस्यचिद्भागवतापचारे जातेपि भगवांस्तस्य लघुभूतमेकं दंडं कृत्वा न प्रापयेत्किं ? अनयोरुभयोरसत्समतया अपचारस्यैव प्रबलतया भगवतोऽप्राप्तिरेव स्यादिति कथमुच्यते ? इत्यत आह— ज्ञानानुष्ठानाभ्यामित्यादि ।

इस शरीर के साथ रहना दुष्कर है क्या कियाजाय ?' ऐसा श्रीचरणों को लपेट भूमि में गिर क्लेशित होनेपर 'इतना अनुताप इन को हुआ है यह हमारा भाग्य ही है' ऐसा संतुष्ट हो 'मन से कृत दोष को अनुताप होते ही ईश्वर क्षमा करेंगे, प्रत्यक्ष दंड भय से काया से किसी को हिंसा नहीं कर सक्ते इस लिये वे दोनों तुम को लौटा देता हूं, केवल वागिंद्रियमात्र को अच्छीतरह से रोक कर वर्तन करो गे' ऐसा कही हूई वार्ता को स्मरणकरना ।

भगवान के लाभ हेतु ज्ञान अनुष्ठान ये दोनों परिपूर्ण हैं जिस में उस में भागवतापचार के होनेपर भी भगवान् उस के लिये अल्पदंड दे अपने साथ नहीं मिला लेगा क्या ? वे ज्ञानानुष्ठान दोनों असत्के तरह हो अपचार ही प्रबल हो भगवान को प्राप्त नहीं होगा ऐसा कैसे कह सक्ते है ? इस शंका में कहते हैं— ज्ञानानुष्ठान इत्यादि ।

ज्ञानानुष्ठानाभ्यां, रहितत्वेपि फलस्य
यथा तत्संबंध एवालं, तथा तयोः
सत्त्वेप्यप्राप्तेस्तेष्वपचार एवालम् ॥२११॥

'उभाभ्यामेव पक्षाभ्यामाकाशे पक्षिणां गतिः ।
तथैव ज्ञानकर्मभ्यां प्राप्यते भगवान् हरिः ॥'

इति 'वीज्यमानपक्षाभ्यामुड्डीयमानानां युष्माकं परमपदं सुलभं' इति चोक्तप्रकारेण भगवल्लाभहेतुभूततत्त्वज्ञानतदनुरूपानुष्ठानाभ्यां रहितत्वेपि भगवल्लाभस्य—

'पशुर्मनुष्यः पक्षी वा ये च वैष्णवसंश्रयाः ।
तेनैव ते प्रयास्यंति तद्विष्णोः परमं पदम् ॥' इति ।

ज्ञानानुष्ठानराहित्ये तत्सम्बन्धः फलप्रदः ।
यथा तथा तयोः सत्त्वेऽपचारः प्राप्तिबाधकः ॥२११॥

ज्ञानानुष्ठान बिना भी फल के लिये जैसा उनके
साथ संबंध ही बस है वह होनेपर भी हानि के
लिये उन के विषय में अपचार ही बस है ॥२११॥

'दोनों पांखों से जैसा पक्षियां आकाश में उडते हैं
तैसा ज्ञान और कर्मों से भगवान् हरि प्राप्त होते हैं ।'

ऐसा, 'वीजनेवाले पांखों से उडते हो परमपद तुम को सुलभ है' ऐसा भी, उक्तप्रकार भगवल्लाभहेतु तत्वज्ञान और तदनुरूप अनुष्ठान न होनेपर भी, भगवल्लाभ के लिये ।

'पशु हो या मनुष्य हो या पक्षी हो वैष्णवों के आश्रयण करनेवाले, उस वैष्णव के संबंध से ही वे विष्णु के प्रसिद्ध परमपद को पाते हैं ।' ऐसा

अत्र जन्मवृत्तादिनियमो नास्ति ॥ २१२ ॥

'यं यं स्पृशति पाणिभ्यां यं यं पश्यति चक्षुषा ।
स्थावराण्यपि मुच्यंते किं पुनर्बांधवा जनाः ॥'

इति चोक्तप्रकारेण भागवतसंबंध एव यथा निरपेक्षसाधनं भवति, तथा तादृशज्ञानानुष्ठानाभ्यामुभाभ्यां परिपूर्णत्वेपि भगवद्विषयाप्राप्तेर्भगवदभिमतभागवतविषये क्रियमाणोऽपचार एव निरपेक्षसाधनं भवतीत्यर्थः ।

अत्र जन्मवृत्तादिनियमोऽस्ति किमित्यकांक्षायामाह– अत्रेत्यादिना ।

अत्रेति– ' फलस्य भागवतसबंध एवालं, अप्राप्तेस्तत्वपचार एवालं ' इत्युक्तोभयत्रेत्यर्थः । जन्मवृत्तादिनियमोनास्ति

जन्मवृत्तादिनैयत्यमत्र नैवोपलभ्यते ॥ २१२ ॥

'वैष्णव जिस जिस को हाथों से स्पर्श करता है और जिस जिस को नेत्रों से देखता है, स्थावर होनेपर भी मुक्त होते हैं, बांधवों को कहना ही क्या हैं ?

ऐसा भी उक्त प्रकार भागवतसंबंध ही जैसा निरपेक्षसाधन होता है, वे ज्ञानानुष्ठान दोनों पूर्णतया होनेपर भी भगवद्विषय की च्युति के लिये भगवदभिमत उन भागवतविषय में क्रियमाण अपचार ही निरपेक्षसाधन होता है समझना ।

इस में जन्मवृत्तादि नियम है क्या ? इस शंका में कहते हैं—इस में इत्यादि ।

इस में जन्मवृत्तादि नियम नहीं है ॥ २१२ ॥

इस में—'फल के लिये भागवतसंबंध ही अपेक्षित है, हानि के लिये उन के विषय में अपचार ही पूर्ण होता है' ऐसा कहेहुए इन दोनों में । जन्मवृत्तादि नियम नहीं है—जन्मवृत्तादियों से उत्कृष्ट भागवतों के साथ संबंध ही फल का

अयमर्थः कैशिकवृत्तांते,उपरि-
चरवसुवृत्तांते च द्रष्टव्यः ॥ २१३ ॥

जन्मवृत्तादिभिरुत्कृष्टैर्भागवतैर्विद्यमानसंबध एव फलस्य हेतुः तैरपकृष्टैस्तैः सबंधः फलस्य हेतुर्नभवतीति नियमः, जन्मवृत्तादिभिरुत्कृष्टविषये क्रियमाणोऽपचार एवाप्राप्तेर्हेतुः, तैरपकृष्टविषये क्रियमाणोऽपचारस्तथा न भवतीति नियमश्च नास्तीत्यर्थः ।

अयमर्थः कुत्र द्रष्टुं शक्यते ? इत्यत आह— अयमर्थ इत्यादि ।

चरककुलोद्भवे सोमशर्मानामैकस्मिन्ब्राह्मणे यष्टुमुपक्रम्य यथाक्रममननुष्ठाय तत्समाप्तेः पूर्वमेव मृत्वा ब्रह्मराक्षसरूपेण

दर्शनीयोयमर्थो हि कैशिकस्य तथा वसोः ।
उपरिचरराजस्य वार्तायां भाववेदिभिः ॥ २१३ ॥

सुग्रीवजी—वालिवध आदिओं से श्रीरामजी की शक्ति को देखनेपर भी सौकुमार्य ही को देख व्याकुल हो श्रीविभीषणसूरि चार राक्षसों के साथ जब प्रकट हुए तब 'यह राक्षस चार राक्षसों के साथ सर्वायुधसमेत निस्संशय

इति नः सर्वेषां प्राणभूतस्य स्वामिनो हिंसनेनास्मान् सर्वान् हंतुमागच्छत्ययमिति निश्चित्यामुं वानराणां दर्शयित्वा 'राघवं शरणंगतः' 'निवेदयत मां क्षिप्रं' इत्युक्तिं श्रुत्वापि—

'वध्यतामेष तीव्रेण दंडेन सचिवैः सह ।
रावणस्य नृशंसस्य भ्राता ह्येष विभीषणः ॥'

इति रावणसंबंधमेव पश्यन्नस्य चित्रवधः कर्तव्य इत्युक्त्वा

'रावणेन प्रणिहितं तमवेहि निशाचरम् ।
तस्याहं निग्रहं मन्ये क्षमं क्षमवतां वर ॥'

इति रावणेन प्रेषित आगत इत्येव जानीहि तस्य दंडनमेव प्राप्तमिति जानामीत्येवं प्रकारेणानेकानुक्त्वायं सर्वथा नांगीकार्य इत्येकरीत्या स्थितः सन् 'पिशाचान् दानवान् यक्षान्' इत्यादिना स्वबलं प्रदर्श्य कपोतोपाख्यानं कंडूपाख्यानं चोक्त्वा भयं दूरीकृत्य 'आनयैनं हरिश्रेष्ठ' इति प्रकारेण यथा वक्तव्यं स्यात्तथा स्वामिनं रक्ष्यतया विचिंत्य रक्षितवान् ।

हमलोगों को मारनेके लिये आता है देखो' ऐसा, 'राघव के शरण में आया हूं' 'मुझे जल्दी श्रीरामजी को निवेदन करो' इन वचनों के सुनने पर भी 'यह दुष्ट रावण का भ्राता विभीषण साथियों के साथ तीव्र दण्ड से माराजाय' ऐसा रावण का संबंध ही को देख इसका चित्रवध होना चाहिए और रावण से भेजा गया गुप्तचर समझो! हे क्षमानिधे, उस का निग्रह करना ही उचित समझता हूं इस तरह बहुत कह इस को कभी अंगीकार नहीं करना ऐसा स्थिर हो 'पिशाच और दानवों को उंगली के अग्रभाग से नाश कर सक्ता हूं' इत्यादि से अपने बल को दिखा कपोतोपाख्यान और कण्डूपाख्यान को कह भय के दूर कर जैसे 'हे वानरराज! विभिषण को लाओ ऐसा कहे तैसा श्रीरामजी को रक्ष्य समझ रक्षा करते रहे ।

महाराज इति श्रीजटायुमहाराज इत्यपि वदंति । जटायु-महाराजो जानक्यर्थं रावणेन युद्धं कृत्वाल्पप्राणतया स्थितं स्वं स्वामिन्नागत्य पश्यति जनस्थाने स्थित्वा चतुर्दशसहस्राण्यपि रक्षांस्येकवीरं कृत्वा संहरतो भुजबलं जानन्नपि—

'यामोषधिमिवायुष्मन्नन्वेषसि महावने ।
सा देवी मम च प्राणा रावणेनोभयं हृताः ॥'

इति दुर्लभौषधमन्वेषमाणाः प्रतिवनं यथान्वेषंति तथा यामस्मिन् महावने मार्गमाणः संचरसि, तत्र नित्यप्राणसदृशा सा मम प्राणाश्चोभयं च रावणेन दुर्जनेनापहृतमिति कथनसमये विरहक्लेशप्रयुक्तशैथिल्यं सौकुमार्यं राक्षसैः सहोत्पन्नं महावैरं च स्मृत्वा किं वा भविष्यतीति भीत आयुष्मन्नित्यायुः प्रार्थितवान् खलु ।

श्रीनंदगोपः पूतनानिरसनेन कृष्णस्य दिव्यशक्तिं दृष्ट्वापि शैशवप्रयुक्तसौकुमार्यमेव पश्यन् कलुषित उदरदाहेन

'रक्षतु त्वामशेषाणां भूतानां प्रभवो हरिः ।
यस्य नाभिसमुद्भूतपंकजाद्भवज्जगत् ॥'

श्रीजटायु —सीताजी के लिये रावण के साथ युद्ध कर प्राणावशिष्ट दशा में अपने को श्रीरामजी देखनेपर जनस्थान के चौदह सहस्र राक्षसों को अकेले ही संहार करने के भुजबल को जानते हुए भी

'हे आयुष्मन् जिस को औषधि के तरह माहावन में ढूंढते हो वह देवी और हमारा प्राण दोनों को रावण अपहार किया है' ऐसा कहने के समय विरह क्लेश से आयी हुई शिथिलता, सौकुमार्य और राक्षसों के साथ विरोध को भी विचार क्या होनेवाला है ऐसा भीत हो आयुष्मन् इस पद से आयु की प्रार्थना किया है ।

श्रीनन्दगोप—पूतना संहार से श्रीकृष्ण की दिव्य शक्ति को जानते हुए भी

इति सकलजगत्कारणभूतः सकलविरोधिनिरसनशीलः सर्वेश्वरस्त्वां रक्षत्विति रक्षामकरोत् ।

श्रीविदुरः कृष्णस्य सर्वज्ञत्वं सर्वशक्तित्वादिकं च ज्ञात्वापि दुर्योधनगोष्ठ्यां स्थितिसमये कपटासनकरणप्रकारं दृष्ट्वा भीतः प्रेमांधतया 'संस्पृशन्नासनं शौरेर्विदुरः स महामतिः' इति स्वगृहे स्वेन कृतमासनं चातिशंकां कृत्वा स्वहस्तेनापि सम्यक् स्पृष्ट्वाऽपश्यत् खलु ।

धनुर्धरदासः– तस्मिन् ज्ञानशक्त्यादिकं ज्ञात्वा सर्वेश्वर एवास्माकं रक्षकः इति स्थितोऽपि प्रेमपरवशत्वात् भगवतो यात्रासमये किंचिच्चलनं जायते चेत्प्राणं त्यजामीति छुरिकां दधानः सेवत इति प्रसिद्धं खलु ।

प्रभृतिष्वित्यनेन —

शिशुत्व प्रयुक्त सौकुमार्य ही को देख व्याकुल हो उदर दाह से 'जिस के नाभिकमल से संपूर्ण जगत् हुआ संपूर्ण प्राणियों के सृष्टि कर्ता वह हरि तुमारी रक्षा करें' ऐसी रक्षा करता भया ।

श्रीविदुर—श्रीकृष्ण के सर्वज्ञत्व सर्वशक्तित्वादिओं को जानते हुए भी दुर्योधन की गोष्ठी में जाने के समय असत्य आसन स्थापन को देख भयभीत हो प्रेमांधता से महामति विदुर श्रीकृष्ण के आसन को टटोलता भया ऐसा अपने घरमें आप से समर्पित आसन को भी अतिशंका से अपने हाथ से दबा कर देखा है ।

धनुर्धरदास—परमात्मा की ज्ञानशक्ति आदिओं को जानते हुए श्रीरङ्गनाथ हमारे रक्षक ऐसा समझने पर भी प्रेम परवश होने से श्रीरङ्गनाथ के बाहर पधारने के समय विमान किंचित् हलने पर मेरे प्राणों को छोड दूंगा ऐसी प्रतिज्ञा कर नंगी तलवार को ले आगे जाते भये ।

'स्त्रियो वृद्धास्तरुण्यश्च सायं प्रातः समाहिताः ।
सर्वान् देवान्नमस्यंति रामस्यार्थे यशस्विनः ॥'

इति अयोध्यावासिजनाः ।

'यन्मंगलं सुपर्णस्य विनताऽकल्पयत्पुरा ।
अमृतं प्रार्थयानस्य तत्ते भवतु मंगलम् ॥'

इति कौशल्या ।

'जातोऽसि देवदेवेश शंखचक्रगदाधर ।
दिव्यरूपमिदं देव प्रसादेनोपसंहर ॥'

इति श्रीवसुदेवः ।

'उपसंहर सर्वात्मन् रूपमेतच्चतुर्भुजम् ।
जानातु माऽवतारं ते कंसोऽयं दितिजन्मजः ॥'

इति देवकीप्रभृतयः स्मर्यंते ।

एतद्विषयवैलक्षण्यं सर्वानपि मंगलाशासने प्रेरयतीत्यत्र पुनरप्येकमुदाहरणं दर्शयति–बालस्वामिनीत्यादिना ।

आदि कहने से 'स्त्री, वृद्ध, तरुणी ये सब सायं प्रातः जागरूक हो यशस्वी श्रीरामजी के लिये संपूर्ण देवताओं के नमस्कार करती भयीं' ऐसे अयोध्यावासी मनुष्य । 'अमृत लानेवाले गरुडजी को विनता ने जिस मंगल को की है वही मंगल तुम्हें हो' ऐसा कौशल्या । 'शंखचक्रगदाधर हो अवतार लिये हो कृपया इस दिव्यरूप को छिपा लो' ऐसा श्रीवसुदेव जी । 'हे सर्वात्मान् इस चारभूजा के रूप को छिपा लो आप के अवतार को दैत्य कंस न जाने' ऐसा देवकी देवी आदिओं को समझना ।

परमात्मा का वैलक्षण्य सब को मंगलाशासन में लगावेगा इस विषय में और एक उदाहरण दिखाते हैं । लक्ष्मणजी को इत्यादि ।

बालस्वामिनि श्रीगुहोऽतिशंकामकरोत् । उभयो-
रतिशंकां कृत्वा गुहपरिकराः स्वामिनमरक्षन् ॥ २६२॥

श्रृंगिबेरपुरे गत्वा श्रीगुहस्य विषयीकारदिनेऽनुरूपतया बालस्वामिना रचितायां पर्णशय्यायां स्वामिनि जानक्यां च शयमानयोर्बाल्यात्प्रभृति सुस्निग्धत्वात् किं भविष्यतीति भीत्या पृष्ठबद्धाक्षयतूणिं बद्धतलांगुलित्रं ज्यामारोप्य मध्ये धृतधनुषं संचरत्प्राकारामिव संचरंतं बालस्वामिनं दृष्ट्वा श्रीगुहः एकोऽनुजो मातरं प्रेर्य राज्यं गृहीत्वा बद्धप्रतिसरेण वनं प्रेषितवान् , तद्वदयं चानुजः खलु, एकांतस्थले किंकर्तुं विचार्यै-

---

एवमन्यत्र द्रष्टव्यो दिङ्निदर्शनमत्र वै ।
प्रकरोन्महतीं शंकां बालस्वामिनि श्रीगुहः ।
उभयत्रप्रतिशंकां च कृत्वा गुहप्रजादयः ।
प्ररक्षन् स्वामिनं श्रीमद्राघवं भक्तवत्सलम् ॥ २६२॥

लक्ष्मणजी को श्रीगुहदेव जी अतिशंका किये
हैं, इन दोनों को श्रीगुहदेवजी के भृत्यवर्ग
अतिशंका कर श्रीरामजी की रक्षा किये हैं ॥ २६२ ॥

श्रृंगिबेर पुर में श्रीरामजी पधार श्रीगुहदेवजी को अंगीकार करने के अनंतर उचित स्थान देख श्रीलक्ष्मणजी से बिछाई हुई पर्णशय्या में स्वामी और स्वामिनी सोनेपर बाल्यप्रभृति से स्नेह करनेवाले लक्ष्मण क्या होगा ऐसा भीत हो पीठ में तूणीर को बांध अंगुलित्राण को बांध धनुष चढा बाणप्रयोग कर आप चलंत प्राकार के तरह पहरा देते हुए देख श्रीगुहदेव एक भ्राता मातृ द्वारा राज्य को छीन व्रतबंधन के साथ अरण्य में ढकेल दिया यह भी उसी के सदृश भ्राता ही है एकांत स्थल में क्या करने को सन्नद्ध होरहा है यह ज्ञात नहीं ऐसी अतिशंका

वं वर्त्तते न जानीम इत्यतिशंकां कृत्वा तथावधं विचारयति चेदमुं सम्यक् पश्याम इति धनुर्बाणं च गृहीत्वा तत्पादवि- न्यासस्थले पदं निक्षिप्यायत्तोऽतिष्ठत् । श्रीगुहस्यानुचरवृत्तिं कृत्वा संचरंतः परिकराश्च—स ज्ञातिरयं कुटिलवृत्तिको ग्रामणी एवं च सत्युभावप्यमुं विषयं किं करिष्यत इत्युभयोरप्यतिशंकां कृत्वा तथा कुरुतश्चेदुभावपि नाशयित्वा वयममुं रक्षाम इति प्रत्येकं धनुष्पाणयः संतो भगवंतं रक्षितवंत इत्यर्थः। श्रीभरतं प्रत्येतद्विशेषकथनसमये श्रीगुहः—

'नियम्य पृष्ठे तु तलांगुलित्रवान्
शरैः सुपूर्णामिषुधिं परंतपः ।
महद्धनुः सज्यमुपोह्य लक्ष्मणो
निशामतिष्ठत्परितोऽस्य केवलम् ॥
ततस्त्वहं चोत्तमचापबाणधृक्
स्थितोऽभवं तत्र स यत्र लक्ष्मणः ।
अतंद्रिभिर्ज्ञातिभिरात्तकार्मुकै-
र्महेंद्रकल्पं परिपालयंस्तदा ॥'

इति तद्वात्त्रिवृत्तांतमवदत् ।

कर किसी बुराई का चिंतवन करने पर इस को संहार करूंगा ऐसा विचार धनुष और लाठी को ले इन के कदम में कदम रखता हुआ पहरा देता भया । श्रीगुहदेव जी के भृत्यगण लक्ष्मण तो ज्ञाति हैं यह तो कुटिल जंगली है ये दोनों इस वखत इस विषय में क्या करने को देखते हैं ऐसा दोनों पर अतिशंका कर कुछ बुराई करें गे तो इन दोनों को मार कर सीता और राम की रक्षा करें गे ऐसा प्रत्येक व्यक्ति हाथ में धनुष ले श्रीरामजी की रक्षा किये हैं । श्रीभरत सूरि से गुहदेवजी के वार्तालाप करते समय—

एकस्मिन् दिने मुखं पश्यतां
सौंदर्येण क्रियमाणप्रकारः सः ॥ २६३॥

श्रीगुहस्य परिकरस्य च तद्दिने दर्शनमात्रं विना स्वामिना सह पूर्वं वासनापि नास्ति, एवं सत्यपि तेषामयमाकारः कथं जात इत्यत आह एकस्मिन् दिन इत्यादि ।

- बहुकालत्वासनां विना एकस्मिन् दिने मुखदर्शनं कृतवतामपि तद्विग्रहवैलक्षण्येन क्रियमाणो व्याकुलप्रकारो भवत्ययमित्यर्थः । सदा पश्यंतिकृत इव सकृद्दर्शनकृतोऽपि प्रेमांधा अस्थाने भयशंकयाऽनुकूलान् प्रत्यप्यतिशंकां कृत्वा प्रीत्या

एकस्मिन् दिवसे राममुखं दृष्टवतां सताम् ।
सौंदर्यं हि प्रकारः सः क्रियमाणो निगद्यते ॥ २६३॥

अंगुलित्राण को बांध परंतप लक्ष्मण बाणों से भरा तर्कस को पीठ पर बांध धनुष को चढ़ा रातभर पहरा देते रहे मैं भी उत्तम बाण युक्त धनुष को ले जहां लक्ष्मण थे तहां रहता रहा, हमारे भृत्यगण भी महेन्द्र समान श्रीरामचन्द्र को पालन करते हुए धनुर्हस्त जागरूक रहते रहे, ऐसा उस रात्रि के वृत्तांत को सुनाया है ।

श्रीगुहदेवजी और उन के भृत्यगण को उस दिन के दर्शन विना पहिले दर्शन नहीं हुआ था तो यह प्रेम कैसा हुआ इस शंका में कहते हैं—एक दिन इत्यादि ।

एक दिन मुख के सामने आनेवालों
को भी सौंदर्य विद्ध कर देता है ॥ २६३ ॥

बहुत दिन वासना न कर एकही दिन दर्शन करनेवालों को भी उन का विग्रह वैलक्षण्य विद्ध कर देता है और सदा देखनेवालों के तरह एक वार देखनेवलों को भी प्रेमांध वना अस्थान में भयशंका से अनुकूलपर भी अतिशंका कर प्रेम से

एतेऽस्मत्कोटाविति वक्तुं
योग्या दिव्यसूरीणां स्थितिः ॥ २६४ ॥

यथा रक्षेयुस्तथा वर्तते खलु भगवद्विग्रहसौंदर्यम् ।

अथ चास्यार्थस्योदाहरणतया पूर्वोक्तेभ्यो व्यावृत्तानां दिव्यसूरीणां मंगलाशासननिष्ठामाह— एत इत्यादिना ।

एत इति चक्रवर्तिप्रभृतयः पूर्वोक्ताधिकारिणः सर्वे परामृश्यंते । तर्हि जानक्यपि कथं तत्सदृशतयोच्यते इति चेत्— दिव्यसूरिष्वग्रेसरात् परांकुशाद्विष्णुचित्तस्याधिक्यमुक्तं, तथा भोगपरवशायास्तस्या मंगलाशासनादेरेतद्दिव्यसूरीणामाधिक्योक्तेर्न विरोधः । तर्हि अस्मत्कोटाविति कथमुच्यते इति चेदेतदर्थनिष्ठायां तेषामाधिक्यप्रदर्शनार्थमुक्तत्वान्न विरोधः ।

एतेस्मत्कोटिनिक्षिप्ता इत्थं कथनयोग्यताम् ।
दधाति दिव्यसूरीणां परिस्थितिरशंसयम् ॥२६४ ॥

रक्षा करनेवाला बना देता है ।

और भी इस अर्थ को उदाहरण रूप से पूर्वोक्त से भिन्न सूरियों की मंगलाशासन निष्ठा को कहते हैं— ये इत्यादि ।

ये सब हमारी कोटि में गिने जायंगे सूरियों की दशा देखने पर ॥ २६४ ॥

ये सब माने चक्रवर्ती प्रभृति पूर्वोक्त सब अधिकारी । तब लक्ष्मीजी को भी उनके साथ गिन सक्ते हैं क्या? इस शंका में कहते हैं—सूरियों में श्रेष्ठ शठकोप सूरि की अपेक्षा भट्टनाथसूरि को जैसे श्रेष्ठ कहते हैं तैसे भोगपरवश लक्ष्मीजी की अपेक्षा मंगलाशासन की दृढता में सूरियों को श्रेष्ठ कहना विरोध नहीं । तथापि हमारी कोटि में ऐसा कह सक्ते हैं क्या? ऐसी शंकापर मंगलाशासन निष्ठा में सूरियों के आधिक्य को दिखाने के लिये कहने से विरोध नहीं । इसलिये प्रेम से

दिव्यसूरयः सर्व इव न भवति महान् सूरिः ॥२६५॥

तस्मादेतद्विषयवैलक्षण्यकलुषितचित्ता अस्य किंवा भविष्यतीत्युदरज्वलनेनारक्षन्निति पूर्वोक्ताः सर्व इत्यर्थः । अस्मत्कोटाविति वक्तुं योग्येति–अस्मिन् विषयेऽन्वये सत्यपि प्रेमाभावेन मंगलाशासने आदररहितास्मत्सदृशमात्रा इति वक्तुं योग्येत्यर्थः । दिव्यसूरीणां स्थितिरिति– अज्ञाननिवृत्तिपूर्वकानंदरूपापन्नज्ञानं प्राप्तत्वान्निरतिशयप्रेमवतां दिव्यसूरीणां मंगलाशासननिष्ठेत्यर्थः ।

एते दिव्यसूरयो मंगलाशासने मिथः सदृशाः किमित्यत आह– दिव्यसूरय इत्यादि ।

मंगलाशासनेऽन्येषां सूरीणां विष्णुचित्तस्य च महती व्यावृत्तिरस्तीत्यर्थः ।

तदपेक्षयाऽस्यात्राधिक्यं कीदृशमित्यत आह — तेषां तत्कादाचित्कमित्यादि ।

ते सर्व इव नैवास्ति विष्णुचित्तो महामुनिः ॥ २६५ ॥

मंगलाशासन करनेवाले पूर्वोक्त चक्रवर्ती आदि हमारी कोटि में गिने जायंगे माने भगवद्विषय में संबंध रखते हुए भी प्रेम के अभाव से मंगलाशासन में दाढ्याभाववाले हामारी तरह कहने योग्य हैं। सूरियों की दशा माने अज्ञान निवृत्तिमयानंद प्राप्त होने से अधिक प्रेम युक्त सूरियों की मंगलाशासन निष्ठा।

ये सूरिलोग मंगलाशासन के विषय में परस्पर तुल्य हैं क्या इस शंका में कहते हैं सूरिगण इत्यादि।

सूरिगण के बराबर भट्टनाथसूरि नहीं हैं ॥ २६५ ॥

मंगलाशासन में अन्य सूरियों की अपेक्षा भट्टनाथ सूरि का बहुत अन्तर है।

तेषां तत्कादाचित्कमस्य नित्यम् ॥ २६६ ॥
तेषां निमज्जनमेवास्योत्थानं भवति ॥ २६७ ॥

अज्ञाननिवृत्तिपूर्वकानंदरूपापन्नज्ञानप्राप्तेस्तुल्यत्वेपि वज्रलेपं पुरुषानपि स्त्रीवस्त्रं धारयद्भगवद्विषयवैलक्षण्यमनुसंदधाति चेदुत्तरोत्तरानुभवकामानामन्यसूरीणां परसमृद्ध्येकप्रयोजनमंगलाशासनं सदाऽभावात् कस्यांचिद्दशायां मृग्यमित्यर्थः । तद्वैलक्षण्यदर्शनानंतरं तदनुभवपरत्वं विना अस्थाने भयशंकां कृत्वा बहुशरदो गायतः प्रेमस्वाभावस्यास्यैतन्मंगलाशासनं सर्वकालवर्ति भवतीत्यर्थः ।

तत्र हेतुः क इत्यत आह– तेषामित्यादि

कादाचित्कं च तेषां तन्नित्यं चास्य महामुनेः ॥ २६६ ॥
तेषान्निमज्जनस्थानमस्योच्चस्थानमस्ति हि ॥ २६७ ॥

उन की अपेक्षा इन में आधिक्य क्या इस शंका में कहते हैं उन को इत्यादि ।

उन को यह कादाचित्क है इनको यह नित्य है ॥ २६६ ॥

अज्ञाननिवृत्तिमयानंद प्राप्ति बराबर होने पर भी वज्र को भी गलानेवाले पुरुष को स्त्री बनानेवाले भगवद्विग्रह सौंदर्य का अनुसंधान करनेपर उत्तरोत्तर अनुभव कामनावाले अन्य सूरियों को पर समृद्धि ही प्रयोजन है जिस को ऐसा यह मंगलाशासन सदा एक प्रकार न हो किसी एक दशा में ढूंढने योग्य है । उस के सौंदर्य को देखने के बाद तदनुभव को छोड अस्थाने भयशंका को श्रीबहु शरद गान करने के प्रेम स्वभाव वाले भट्टनाथसूरि को यह मंगलाशासन सर्वकाल वर्ती है ।

उसका हेतु क्या इस शंका में कहते हैं उनका इत्यादि ।

उनका अथाह ही इनको थाह है ॥ २६७ ॥

तेषामुभयशेषत्वं विनाश्य स्वरूपं निमज्जयत्त-
दस्योभयवृद्धिहेतुः सत्स्वरूपमुत्तारयति ॥ २६८॥

अनुभवपराणां तेषां दृष्टिचित्तापहारं कृत्वा निमज्जनस्थानं तत्सौंदर्यमेवास्य किं वा भविष्यतीति भीत्योत्तरोत्तरं रक्षां कृत्वा मंगलाशासनपरस्यास्य धृतिं प्राप्य स्थित्वा मंगलाशासनं कर्तुमुपयुक्तस्थलं भवतीत्यर्थः ।

तत् क दृष्टमित्यत आह– तेषामुभयशेषत्वमित्यादिना ।

भगवदनुभवैकपराणां तदलाभेनोत्कूलार्तिमतामन्येषां सूरीणां 'कृष्णपुरस्वामिनो दासोऽन्यस्यार्हः किं' 'प्राप्तं त्वद्दासानां दासत्वं' इत्यनुसंधीयमानं प्रथममध्यमपदासिद्धं भगवच्छेषत्वं तत्काष्ठाभूतं भागवतशेषत्वं चेत्युभयशेषत्वं च अस्माकमेवानं-

---

तेषामुभयशेषत्वं नश्य स्वं यन्निमज्जयत् ।
तदस्योभयशेषत्वहेतुः स्वं चोद्धाति हि ॥ २६८॥

अनुभवपर उन सूरियों के दृष्टि और चित्त को अपहार कर मग्न करनेवाले उन का सौंदर्य ही उस को क्या होगा ऐसा भीत हो ऊपर ऊपर मंगलाशासन पर इस भट्टनाथसूरि को स्थिर रहने योग्य बनाता है । वह कैसा इस शंका में कहते हैं उन के इत्यादि ।

उन के उभय शेषत्व को नाश कर स्वरूप को डुबा-
नेवाला यह सौंदर्य भट्टनाथसूरि के उभय शेषत्व
को बढा कर स्वरूप को स्थिर करता है ॥ २६८ ॥

भगवदनुभवैकपर अनुभवालाभ में अतिक्लेश पानेवाले अन्य सूरियों को 'कृष्णपुरनायक का दास मैं अन्य के उपयुक्त नहीं ।' 'प्राप्त हुआ तुम्हारे दासों का कैंकर्य' ऐसे प्रथम मध्यम पद सिद्ध भगवत शेषत्व और उस का सीमाभूत भागवत शेषत्वरूप उभय शेषत्व को 'हम हीं को अच्छा होगा' इस वचनानुसार

दश्चेद्'इति वक्तुं योग्यान् कृत्वा स्वप्रवृत्तिरयुक्तेत्युक्तौ 'युष्माभिः सहास्माकं संबंधो नास्ति'इति यथा विधुन्वंति तथा कृत्वा 'क्रूरपक्षगरुड'इत्यादिना क्रोधवचसः कृत्वा विनाश्य परातिशयकरत्वैकवेषरूपं स्वरूपं मंगलाशासनानभिज्ञं कृत्वा स्वविषये मग्नं कुर्वद्भगवत्सौंदर्यं, तादृशसौंदर्यदर्शनेऽनुभवे मनसोऽगमनेन तस्य किं भाविष्यतीत्युदरज्वलनेन रक्षतोऽस्य 'त्वद्रक्तचरणकांतेः श्रीरक्षा' 'लक्ष्म्याबहुशरदः' 'तेजोविशिष्टस्य चक्रस्य बहुशरदः' 'तत्पांचजन्यस्य च बहुशरदः'इति तद्विषयस्य तदीयविषयस्य च मंगलाशासनं कारयित्वोभयशेषत्ववृद्धिहेतुः सत्स्वरूपं स्वविषये यथा मग्नं न भवेत् तथा वर्तयतीत्यर्थः । एवं तेषां तथा स्वरूपं निमज्जयत्तस्य सौंदर्यमस्यैवं करणात् तेषां निमज्जनस्थानस्यैवास्योत्थानतया स्थितत्वात्तेषामिव कादाचित्कत्वं विना मंगलाशासनमस्य नित्यं भवतीत्युक्तम् ।

स्वप्रयोजन में लगा विलंब रोष से 'जाओ पूर्ण' 'फिर गोष्ठी में मत आओ' ऐसा वना स्वप्रवृत्ति अनुचित होने पर भी 'तुम से हमारा कोई सबंध नहीं' ऐसा त्याग कराकर 'क्रूर पांखवाला पक्षी' इत्यादि से निन्दा कर नाश करनेवाला परातिशयकरत्व ही स्वरूप है जिस का ऐसे स्वरूप को मंगलाशासन को न जाने जैसा अपने में मग्न करनेवाला भगवत्सौंदर्य उस सौंदर्यानुभव में मन न लगा उस को क्या होगा ऐसा उदरदाह से रक्षा करनेवाले इस भट्टनाथसूरि को 'आप के रक्तचरण की कान्ती सुरक्षित रहे' 'लक्ष्मीजी सुरक्षित रहें' 'पांचजन्य सुरक्षित रहें' ऐसा तद्विषय और तदीय विषय को मंगलाशासन करानेवाले होनेसे उभय शेषत्व वृद्धि का हेतु हो स्वरूप को अपने में नहीं डुबावेगा । तथा च अन्य सूरियों के स्वरूप को डुबानेवाला उन का सौंदर्य भट्टनाथसूरि को किनारे रखने से अन्य सूरिगण कदाचित् मंगलाशासन करते हैं यह नित्य मंगलाशासन करते हैं ।

भयनिवर्तकानां भयोत्पत्तिः, प्रतिकूलानां
चानुकूलकरणं, अतीतकालापदानानामु-
त्तरकाले उदरज्वलनं, प्राप्तिफलमिदमेवे-
त्युक्तिः, अनिमिषान्प्रत्यपि 'मास्वपत मा-
स्वपत, इत्युक्तिरेवंप्रकारेणेदमेव
यात्रा भवति ॥ २६९ ॥

अन्येषां सूरीणां मंगलाशासनस्य कादाचित्कत्वेपि, अस्य नित्यं भवतीत्यत्र निदानमेतदिति तद्दर्शयामास पूर्वं, इदं तस्य नित्यतया वर्तत इत्यमुमर्थं व्यक्तमाह–भयनिवर्तकेत्यादिना।

स्वसौकुमार्यं दृष्ट्वा कलुषितस्यास्य विषयस्य किंभविष्यतीति बिभ्यतोऽस्य भयं परिहर्तुं मल्लवर्गमनायासेन नाशयद्भुजबले

भीःनिवर्तकचक्रादि भयोत्पत्तिविपक्षणम् ।
सपक्षीकरणं चातः कालापत्तेस्तदुत्तरे ।
काले हृज्ज्वलनं प्राप्तमिदमेवेति वाक्यतः ।
मास्वपि हीति देवांश्च भूयोभूयः प्रकीर्तनात् ॥ २६९ ॥

इन का नित्य होने का कारण क्या इस शंका में कहते हैं भय निवर्तकों को इत्यादि।

भय निवर्तकों को भय करना प्रतिकूलों को भी अनु-
कूल बना लेना अतीत कालीन चेष्टितों को उत्तर काल
में क्लेश पाना प्राप्ति का फल यही कहना देवताओं
को जागरूक कहना इत्यादि से यही यात्रा होना ॥ २६९ ॥

अपने परमात्मा के सौकुमार्य को देख व्याकुल हो इस में क्या होगा ऐसा उदरदाहवाले इन के भय को दूर करने के लिये मल्लों को अनायास से संहार कर-

प्रदर्शिते, एतद्भुजबलमेव स्मृत्वाऽगणयित्वाऽसुरराक्षसयुद्धे प्रविशति चेत् किं भविष्यतीति तस्य भयेन मंगलाशासमकरणं, 'विद्यमानामंगलानां निवृत्त्यर्थमविद्यमानमंगलोत्पत्त्यर्थं च यस्या कटाक्ष एवालं सा 'विश्लेष्टुं न शक्तास्मि क्षणमपि' इत्यस्मद्विश्लेषमसहमाना तिष्ठति, अस्माकममंगलानि कथं स्युः ? किमर्थं बिभेषि इति लक्ष्मीसंबंधं प्रदर्शयति, अस्य मिथुनस्यावद्यं भवति चेत् किं कर्तव्यमिति भीत्या 'लक्ष्म्या अपि बहुशरदः'-इति मंगलाशासनकरणं, एतद्भयं निवर्तयितुं 'अस्य मिथुनस्य किंचिदप्यवद्यं यथा न स्यात्तथा प्राकारवत्तिष्ठताविमौ पश्य' इत्युभयपार्श्वेऽपि धृतौ सुदर्शनपांचजन्यौ प्रदर्शयति, तयोरवद्यं भवति चेत्किं कर्तव्यमिति भयेन तयोर्मङ्गलाशासनकरणं; अनन्यप्रयोजनतयानुकूलान् भगवच्चरणार्थिनो मंगलाशासनसहायतया मेलयित्वा तावता पर्याप्त्यभावात्प्रयोजनांतरपरतया

नेवाले भुजा के बल को दिखानेपर इस भुजबल को आश्रय ले गर्वित हो असुर राक्षस युद्ध में प्रवेश करें गे तो क्या होगा ऐसा उस भुजबल के लिये मंगलाशासन करना । अमंगल दूर हो मंगलहोने के लिये जिस का कटाक्ष ही कारण है ऐसी लक्ष्मी क्षणकाल भी विश्लेष न कर हमारे पास रहने पर हमारा अमंगल होगा क्या क्यों क्लेश पाते हो ऐसा कह लक्ष्मी के संबंध को दिखाने पर इस मिथुन को कोई बुराई हो तो क्या होगा ऐसा डर लक्ष्मीजी सुरक्षित रहें ऐसा मंगलाशासन करना । इस भय को दूर करने के लिये इस मिथुन के कोई बुराई न होने के लिये प्राकार के तरह रहनेवाले शंखचक्र को दिखाने पर उन को कोई आपद होगी तो क्या करना ऐसा डर सुदर्शन सुरक्षित हो पांचजन्य सुरक्षित हो ऐसा मंगलाशासन करना । अनन्य प्रयोजन अनुकूल भगवत्शरणागतों को मंगलाशासन की सहायकतया मिलालेने मात्र से तृप्त न हो प्रयोजनांतरपर प्रतिकूल-

प्रतिकूलान् केवलांश्चैश्वर्यार्थिनश्चाहूय मंगलाशासनयोग्यतया तेषामनुकूलकरणं; 'लंका निर्जना यथास्यात्तथा युद्धं कृतवतो मंगलाशासनं कुरुत' इत्यादिनाऽतीतकालापदानानां पश्चात्काले समकाल इवोदरज्वलनेन मंगलाशासनकरणं; 'परितः स्थित्वा स्तुवंति बहुशरदः' इति भगवत्प्राप्तेः फलमेतन्मंगलाशासनमेवेत्युक्तिः; 'स्नेहादस्थानरक्षाव्यसनिभिरभयं शार्ङ्गचक्रासिमुख्यैः' इत्युक्तप्रकारेणास्थाने रक्षाव्यसनित्वात् अनिमिषतया स्थितान् दिव्यायुधादिदिव्यसूरीन् दृष्ट्वा गुणविद्धा विषपायिन इव स्वस्वानभिज्ञत्वमनुभवेऽवगाहनं कैंकर्यपरत्वं वा माकुरुत जाग्रतो रक्षतेति बहुकालं च कथनात् मंगलाशासनमेव वृत्तिरित्यर्थः ।

एवं मंगलाशासनस्याधिकारिमार्गणेन प्रतिकूलानामनुकूलत्वापादने हेतुरुपदेशः (तिरुप्पल्लांडु) श्रीबहुशरदः इत्येकस्मिन्नेव

भूत केवल और ऐश्वर्यार्थियों को भी शोधन कर मंगलाशासन करने योग्य अनुकूल बना लेना। 'लंका को जनशून्य करनेवाले श्रीरामजी का मंगल कहें गे' इत्यादि से अतीत काल चेष्टितों को अनन्तरकाल में समकाल के तरह उदरदाह से मंगलाशासन करना। 'घेर कर मंगलाशासन करें गे' ऐसा भगवत्प्राप्ति का फल मंगलाशासन ही कहना 'स्नेह से अस्थान में रक्षाकरने में आसक्त धनुष, चक्र, खड्ग आदिओं से भय रहित' इस वचनानुसार अस्थान रक्षा व्यसनी पलक न मारनेवाले दिव्यायुध सूरियों को देख गुणविद्ध हो विष भक्षण करनेवाले के तरह तुह्मारे स्वरूप को भूलना अनुभव में लग कैंकर्यपर होना छोड सावधान से रक्षा करो ऐसा बहुवार कहना। इस प्रकार यह मंगलाशासन ही इन की वृत्ति समझना ।

इस प्रकार मंगलाशासन के लिये सहायान्वेषण कर प्रतिकूलों को अनुकूल करने के लिये क्रियमाण उपदेश श्रीबहुशरदप्रबंध एकही में है। अनन्तर

इतरवच्छ्रृण्वतामुपदिशतां चासहायतानिवृत्त्यर्थं न भवति 'दासाश्च न संति' इति तस्यासहायता-निवृत्त्यर्थं भाष्यकारोऽयं चोपदिशतः ॥ २७० ॥

खलु वर्तते, उपर्येतदुपदेशस्थलेष्वन्येषामुपदेशाद्व्यावृत्तिः केति शंकायामाह— इतरवदित्यादिना ।

परोपदेशसमयेऽन्ये सूरय इवाचार्या इव चोपदेश्यार्थस्य संसारिणामनाद्यज्ञानेन सत्सहायभूतभगवद्विषयाप्राप्त्यागता-मसहायतां वक्तॄणां स्वेषां भगवद्गुणानुसंधानदशायां बोधयंतः

ऐवं सर्वप्रकारेण मंगलाशासनं परम् ।
यात्रास्य सूरिवर्यस्य विष्णुचित्तस्य विद्यते ।
श्रोतॄणां वक्तृणां चैवासहायत्वनिवृत्तये ।
इतराचार्यवन्नास्ति दासः केचाधिकारिणः ।
इति तस्यासहायत्वनिवृत्त्यै भाष्यकारकः ।
उपादिशत्तथा चायं विष्णुचित्तो महामुनिः ॥ २७० ॥

के इन के उपदिष्ट प्रबंध में अन्य उपदिष्ट प्रबंधों से विशेष क्या इस शंका में कहते हैं अन्य इत्यादि ।

अन्य सूरियों के तरह सुननेवाले और कहनेवाले के असहायता को दूर करना छोड 'रक्षक नहीं है' इस बचनानुसार स्वामी की असहायता को दूर करने के लिये भाष्यकार और भट्टनाथसूरि का उपदेश है ॥ २७० ॥

परोपदेश के विषय में अन्यसूरि और आचार्यों के तरह उपदिश्यमान अर्थ को सुननेवाले संसारिओं का अनादि अज्ञान से सहायभूत भगवद्विषय को छोड

परस्परं कर्तुं कीर्तनसहायाभावादागतामसहायतां च निवर्तयितुमुपदेशं न कुरुतः, अपितु सौकुमार्यानुसंधानेनोदरदाहेन दिव्यसूरिणाऽन्वेषणेकृते सर्वेषामन्यपरत्वदर्शनात् उभयविभूतावप्यधिकारी नास्ति स्ववैलक्षण्यं ज्ञात्वा स्नेहेन रक्षितुं कोऽपि नास्तीति वक्तुं योग्यतया स्थितां निरतिशयसौकुमार्ययुक्तस्य सर्वेश्वरस्यासहायतां निवर्तयितुं मंगलाशासनस्यैतेऽधिकारिणः स्युरित्येतत्प्रयोजनार्थं हि प्रामाणिकेष्वाचार्येषु भाष्यकारोऽज्ञाननिवृत्तिपूर्वकमानंदरूपापन्नज्ञानं प्राप्तेष्वयं चोपदिशत इत्यर्थः। तस्मादयं सूरिर्यत्र प्रतिकूलानामप्यनुकूलार्थमुपदिशति तत्र सर्वत्र मंगलाशासनार्थमिति न विरोध इति भावः। अस्मन्नाथ इत्यनुक्त्वा भाष्यकार इत्युक्तिः श्रीभाष्य मुखेन वेदांततात्पर्यनिर्णयं कृतवानिति वैभवभानार्था।

संचार करने से आई हुई असहायता और वक्ता अपनों के भगवद्गुणानुसंधान दशा में परस्पर बोधन करने के लिये सहाय रहित होने से आई हुई असहायता इन दोनों को दूर करना ही प्रयोजन है। ऐसा न हो सौकुमार्य के अनुसंधान से क्लिष्ट हुए भट्टनाथसूरि सर्वत्र ढूंढने पर सब लोगों को अन्यपर देख उभय विभूति में भी रक्षा करने के लिये मनुष्य नहीं है अपना वैलक्षण्य जान रक्षा करने के लिये एक भृत्य को भी स्वीकार नहीं किया ऐसा कहने योग्य अधिक सौकुमार्ययुक्त सर्वेश्वर की असहायता दूर होने के लिये मंगलाशासन करने को ये सब लोग उद्युक्त हो ऐसा। यही प्रयोजन समझ प्रामाणिक पूर्वाचार्यों में श्रीभाष्यकार अज्ञाननिवृत्तिमत्यानन्द प्राप्त हुए में यह भट्टनाथसूरि ये दोनों उपदेश करते हैं। इस लिये यह सूरि प्रतिकूलों को अनुकूल होने के लिये उपदेश करने के समस्त स्थल भी मंगलाशासन के लिये हैं ऐसा कहने में विरोध नहीं। रामानुज नहीं कह भाष्यकार कहने का तात्पर्य—श्रीभाष्य द्वारा वेदान्त तात्पर्य का निर्णय कर कहने वाले ऐसा भान होने के लिये।

अन्येषां सत्तासमृद्धी दर्शनानुभवकैंकर्यैः
अस्य मंगलाशासनेन ॥ २७१ ॥

अज्ञाननिवृत्तिपूर्वकं ज्ञानानंदं प्राप्तानां सत्तासमृद्धी भगवद्दर्शनानुभवकैंकर्यैः खलु भासेते, स आकारोऽस्यापि समानो न भवति किं ? तदानीं मंगलाशासनमेव यात्रेति कथं संगच्छते इति शंकायामाह— अन्येषामित्यादि ।

अत्र सत्ता नाम— स्वसद्भावः । इयं भगवद्दर्शनानुभवकैंकर्यकामानामन्येषां सूरीणां तद्दर्शनाभावे धारणासामर्थ्येन दर्शनायागच्छेत्याह्वानकरणात् तद्दर्शनेन भवति । तदात्मनाशात्पूर्वं तद्वीथ्यामेकस्मिन् दिने कृपासमुद्रं गरुडं संचारयत्यस्मत्सत्तास्थित्यर्थं जालकरंध्रेण वा यथैकवारं पश्यामस्तथाऽस्म-

---

अन्येषां सत्ववृद्धिः स्याद्दर्शनानुभवादिना ।
अस्य तु योगिवर्यस्य मंगलाशासनेन हि ॥ २७१ ॥

अन्यसूरियों की सत्ता और समृद्धि भगवत्दर्शनानुभव कैंकर्यों से ही है तो इन को भी वही आकार होना चाहिये तव मंगलाशासन ही यात्रा है ऐसा कहना उचित है क्या इस शंका में कहते हैं अन्यसूरियों की इत्यादि ।

अन्यसूरियों की सत्ता और समृद्धि दर्शनानुभव
कैंकर्यों से है इन को मंगलाशासन से है ॥ २७१ ॥

भगवत्दर्शनानुभव कैंकर्येच्छुक अन्यसूरियों को स्वामी के देखने पर धारण अशक्य हो ' देखने को आओ ऐसा पुकारने से उन के दर्शन से सत्ता होती है ' उन के प्राण निकलने के पहले उन की वीथी में एकदिन कृपापूर्ण गरुडजी को चलाओ ' ऐसा हमारी सत्ता रहनेके लिये खिडकी के रंध्र से तो भी एकवार देखने के लिये हमारी वीथी में एकदिन पधारना उचित है ऐसा कहने से दर्शन

द्वीध्यामेकस्मिन् दिने गमनमलभिति वदेत्युक्तत्वाद्दर्शनं सत्ताहेतुरिति सिद्धं खलु । समृद्धिर्नाम–सद्भावमात्रं विनोपर्युपरि जायमाना ऋद्धिः । सा तेषां सुंदरधामप्रीतिः, किरीटज्योतिप्रभृतिष्विव जायमानानुभवेन विच्छेदशून्यकालप्रकारेण क्रियमाणकैंकर्येण च भवति । अथवा दर्शनानुभवाभ्यामुभाभ्यां सत्ता, कैंकर्येण समृद्धिः ।

यद्वा तादृशसत्ता प्रावण्यकार्यानुभवाभावे नश्यतीत्यनेन स्वयमेवोक्तत्वात् श्वोविनियोगं कुर्यामित्युक्तौ रोदितुमपि सत्ता नास्तीति कैंकर्यं सत्ताहेतुरित्यनुसंधाने उक्तत्वात् दृष्ट्वा तृप्तो भवितुमिति दर्शनं समृद्धिहेतुरित्युक्तत्वात् सत्तायाः समृद्धेश्च त्रयमपि कारणं स्यात् । अज्ञाननिवृत्तिपूर्वकं ज्ञानानंदस्य प्राप्तिदिनमारभ्य भगवत्सौकुमार्यादिकं दृष्ट्वाऽस्य किं भविष्यतीति उदरदाहेन मंगलाशासनाभिनिविष्टस्यास्य मंगलाशासनविच्छेदे सद्भावासंभवात् तथाविच्छिन्नतया क्रियमा-

---

ही सत्ताहेतु है ऐसा सिद्ध हुआ है। समृद्धि माने—ऊपर ऊपर आनन्द वृद्धि। यह उन को 'सुन्दर धाम में प्रीति' 'किरीटज्योति प्रभृति दशकों में हुए अनुभव से और 'विच्छेद रहित काल' दशक में क्रियमाण कैंकर्य से भी समृद्धि होती है।

ऐसा न हो वह सत्ता प्रावण्य कार्य अनुभव न होने पर नष्ट होगी ऐसा यही पहिले कहे हैं। कल्ह विनियोग कर लेऊं गा ऐसा कहने पर रोने को भी सत्ता नहीं रहेगी इसलिये कैंकर्य सत्ताहेतुतया अनुसंधान नामक ग्रंथ में कहने से; 'देखकर सन्तुष्ट होने को' ऐसा दर्शन ही समृद्धिहेतुतया भान होनेसे भी सत्ता और समृद्धि के ये तीनों कारण होते हैं । जबसे अज्ञाननिवृत्तिमेलानन्द को प्राप्त हुए तबसे भगवत्सौकुमार्यादियों को देख इन को क्या होगा ऐसी उदरपीडा से मंगलाशासन में प्रवृत्त होनेवाले इन की मंगलाशासन का विच्छेद होनेपर नष्ट होती है तैसा अविच्छिन्न चलने से समृद्धि होती है इसलिये सत्ता और

अभिमतस्थलान्यनुसंहितानि चेदस्य
यात्रैवास्माकं सर्वेषां यात्रा स्यात् ॥२७२॥

णस्य तस्यैव समृद्धिहेतुत्वात् सत्तासमृद्धी उभे अपि मंगलाशासनेन भवतः । तस्मादस्य मंगलाशासनस्य नित्यत्वे न विरोध इति भावः ।

एवमेतन्मंगलाशासने विष्णुचित्तस्य विद्यमानामनवरतनिष्ठां प्रादर्शयत्, अथास्य यात्रैवास्माकं सर्वेषां यात्रा स्यादिति अभिमतस्थलेष्वादरातिशयो मंगलाशासनं चेति पूर्वं दिनचर्यायामुक्तस्य मंगलाशासनस्यावश्यकर्तव्यतामाह—अभिमत स्थलानीत्यादिना ।

अत्यंतसुकुमारस्य सर्वेश्वरस्याश्रितसुलभत्वार्थं स्वमादाय 'स्वाभिमतग्राम' इत्युक्तप्रकारेणात्यादरेण वर्तमानस्थानभूताः

अभिमतस्थले ध्याते ह्यस्य यात्रैव सर्वथा ।
अस्माकं सर्वजंतूनां यात्रा भवति शाश्वती ॥२७२॥

समृद्धि दोनों मंगलाशासन से ही होती हैं ।

तथा च मंगलाशासन में भट्टनाथसूरि की नित्य निष्ठा को दिखाये हैं, अंनतर उन की यात्रा ही हम सब को होनी चाहिये ऐसा 'दिव्यदेशों में अधिक आदर और मंगलाशासन' इति पूर्वदिनचर्या में कहा हुआ मंगलाशासन की अवश्यकर्तव्यता को कहते हैं दिव्यदेशों को इत्यादि ।

दिव्यदेशों को अनुसंधान करने पर भोजन और
निद्रा को छोड इन की यात्रा ही हम सब को चाहिये ॥२७२॥

अत्यंत सुकुमार सर्वेश्वर आश्रितों को सुलभ होनेके लिये अपने को सजा-

तस्मान्मंगलाशासनं स्वपारूनुरूपम् ॥२७३॥

श्रीरंगवेंकटप्रभृतिदिव्यदेशा अनुसंहिताश्चेदपायबहुलदेशत्वा-
दत्र स्थितेः किंचिदवद्यं भवति चेत् किं स्यादित्युदरदाहेनाहा-
रनिद्रादिकं विना निरतिशयप्रेमयुक्तस्यैतत्सूरेर्निरंतरमंगलाशा-
सनयात्रैव शेषभूतानामस्माकं सर्वेषां यात्रा स्यादित्यर्थः ।

उक्तार्थं निगमयति—तस्मादित्यादिना ।

एवं शेषभूतानां सर्वेषामवश्यकर्तव्यत्वान्मंगलाशासनं स्व-
रूपस्यानुरूपमित्यर्थः । शेषवस्तु चेच्छेषिणोऽतिशयवर्द्धनं स्व-
रूपसिद्धिरिति, तस्माच्छेष्यातिशयाशासनं शेषभूतस्यास्य स्वरू-
पानुगुणं खलु ।

एवं दिनचर्यायामुक्तस्य मंगलाशासनस्य स्वरूपविरुद्धत्व-

तस्माद्भगवतः सम्यङ् मंगलाशासनं कृतम् ।
स्वस्वरूपानुरूपं हि जायते नात्र शंसयः ॥ २७३ ॥

कर अत्यादरपूर्वक विराजने के श्रीरङ्ग वेंकटगिरि प्रभृति दिव्यदेशों को अनुसंधान किये तो अपायबहुल इस देश में विराजने की स्थिति को कोई बुराई होय तो क्या किया जाय ऐसा उदरदाह से आहार निद्राओं में संबंध छोड अधिक प्रेम युक्त भट्टनाथसूरि की मंगलाशासन यात्रा ही शेषभूत हम सब को यात्रा होनी चाहिये ।

उक्तार्थ को समाप्त करते हैं इस लिये इत्यादि ।

इसलिये मंगलाशासन स्वरूप के अनुरूप है ॥ २७३ ॥

इस प्रकार शेषभूत सब को अवश्य कर्तव्य होने से मंगलाशासन स्वरूप के अनुरूप है । शेष वस्तु का स्वरूप शेषी का अतिशय करने से ही प्रकाशता है इसलिये शेषी का मंगलाशासन करना स्वरूपानुरूप ही है ।

अनुकूला ज्ञानभक्तिवैराग्याणि प्रवेश्य निः-
ष्कासिता इवाकारे ज्ञातुं योग्याः परमार्ताः ॥२७४॥

शंकापरिहारानंतरमनुकूलसहवास इत्युक्तत्वादनुकूलानां लक्षणमाह—अनुकूला इत्यादिना ।

अनुकूला इति ज्ञानादिवर्द्धकत्वात् सहवासयोग्यत्वेन पूर्वोक्ता अनुकूलाः । ज्ञानभक्तिवैराग्याणि नाम—तत्त्वयाथात्म्यज्ञानं तदेकविषयाभक्तिस्तदुभयकार्यभगवद्व्यतिरिक्तविषयविरक्तिः । एतानि वैष्णवालंकाराः खलु । एतैरेव हि वैष्णवानामाधिक्यमुच्यते । अत एव नाथमुनिदिव्यवैभवं वदन्यामुनाचार्यः —'अचिंत्याद्भुताक्लिष्टज्ञानवैराग्यराशये, अगाधभगवद्भक्तिसिंधवे' इत्यवोचत् । प्रवेश्य निष्कासिता इवेति—एकपदा-

---

ज्ञानभक्तिविरक्तीनां क्षिप्त्वा निष्कासनं यथा ।
तथाकारेण ज्ञेया हि परमार्तानुकूलकाः ॥ २७४ ॥

इसप्रकार दिनचर्या में उक्त मंगलाशासन का स्वरूपविरुद्धत्व शंका को 'अनुकूल सहवास' इस स्थल में कहा हुआ अनुकूलों के लक्षण को कहते हैं—अनुकूल इत्यादि ।

अनुकूल माने—ज्ञान भक्ति वैराग्य
आकार से जानने योग्य परमार्त ॥ २७४ ॥

तत्वयाथात्म्यज्ञान भगवदेकविषयभक्ति और इन दोनों से होनेवाली भगवदन्यविषयविरक्ति ये तीनों वैष्णव के अलंकार हैं । इन से ही वैष्णवों को श्रेष्ठ मानते हैं । इस से ही नाथमुनि के दिव्यवैभव को कहते हुए यामुनाचार्य 'अचिंत्य अद्भुत अक्लिष्ट ज्ञानवैराग्यों के राशि अथाह भगवद्भक्ति के समुद्र' ऐसा कहे हैं । आकार से जाननेयोग्य माने—इन के आकार को देखते ही ज्ञान भक्ति और

र्थाश्रये पात्रे पदार्थांतरं प्रवेश्य पूर्वं स्थितस्य निष्कासने कृते तत्र वर्तमानतया भासते । तथैतज्ज्ञानादित्रयस्यैकाश्रयत्वेप्ये-तेष्वेकैकमेव दृष्टं चेत् प्रवेश्यान्यस्य निष्कासनवदिदमेवास्मिन्नाश्रये वर्तत इति भासमानत्वम् । आकारे ज्ञातुं योग्यत्वं नाम–एतेषामाकारदर्शन एवैतैरेतेषां विद्यमानसंबंधस्य ग्रहणयोग्यत्वम् । त्याज्योपादेयविवेकपूर्वकपरिपाकेन ज्ञानमाकारे ज्ञातुं योग्यम् । 'आह्लादशीतनेत्रांबुः' इत्यादिप्रकारेण स्थितत्वाद्भक्तिश्चाकारे ज्ञातुं योग्या। इतरविषयानुपेक्ष्य वर्तमानत्वाद्वैराग्यमाकारे ज्ञातुं योग्यम् । अथवा ज्ञानभक्तिवैराग्याणां त्रयाणामपि नवनवोन्मेषशालित्वादपूर्वज्ञानादिकं प्रवेश्य पूर्वेषां निष्कासनवत्स्वाकारे तानि ज्ञातुं योग्यानि यथा तथा परमार्त्ता इत्यर्थः । परमार्त्ता इति— संसारे स्थितत्वाद्भगवद्विषयाप्राप्तेश्चाथैतदुपरिनास्तीति वक्तुं योग्याऽऽर्तिविशिष्टा इत्यर्थः।

एतेषां सहवासेन किं सिद्ध्यतीत्यत आह— एकस्मिन् केदार इत्यादि ।

वैराग्य इन में वास करते हैं ऐसा जानसक्ते हैं। त्याज्योपादेय विवेकपूर्वक चलने से ज्ञान जाना जाता है। 'आह्लाद से शीत नेत्र के जल' 'पावं स्तब्ध होता है, नेत्र का जल ठहरता नहीं' इत्यादि से भक्ति आकार से जानी जाती है इतर विषयों की उपेक्षा करने से वैराग्य आकार से जाना जाता है परमार्त माने–संसार में असह्यता भगवद्विषय की अप्राप्ति इन दोनों से अत्यधिक आर्तिवाले ।

इन के साथ सहवास से क्या फल मिलैगा इस शंका में कहते हैं—

एक खेत जल से पूर्ण हो तो पास का खेत जैसे गीला
दीखता है तैसा ज्ञान भक्ति और वैराग्यवाले न होने

एकस्मिन् केदारे जलपूर्णे स्थिते समीपके-
दारो यथा आर्द्रो भवति तथैतद्रहिताना-
मप्येतेषां संबंधेन म्लानिनिवृत्तिर्जायेत॥ २७५॥

एकस्मिन् केदारे जलपूर्णे स्थिते सति जलाभावेन म्लानः आसन्नकेदारस्तदासत्त्यागतस्रवणेन निवृत्तम्लानिर्जायते तथा ज्ञानभक्तिवैराग्याभावाद्येषां स्वरूपं म्लानं वर्तते तेषामेतैः परिपूर्णानामेतेषां सहवासरूपसंबंधेनैतेषु किंचिदन्वयेन साक्षादेतद-न्वयाभावप्रयुक्तम्लानिर्निवर्तेतेत्यर्थः।

एतत्सहवासेनैवं म्लानिनिवृत्तिमात्रं किमित्यत एतदेव न किं त्वेते स्वभावविशेषाः प्राप्तेः पूर्वं पूर्णतया वर्द्धंत इत्याह— नदीजल इत्यादि।

एकस्मिन् पूर्णकेदारे स्थिते तत्पार्श्वगो यथा।
आर्द्रो भवति केदारस्तथा तद्रहिता अपि।
एतत्पूर्णसंबंधान्मलमुक्ता भवंति हि ॥२७५॥

पर भी इन के संबंध से दुःख निवृत्ति होती है॥ २७५॥

एक खेत में जल पूर्ण होने से जल रहित शुष्क पास का खेत उस के संबंध से जैसे आर्द्र हो प्रफुल्ल होता है तैसा ज्ञान भक्ति वैराग्याभाव से शुष्कस्वरूपवाले इन से परिपूर्णों के सहवासरूप संबंध से किंचित् ज्ञान भक्तिवैराग्यवाले हो आर्द्र होते हैं।

इन के सहवास से आर्द्र होनेमात्र बिना ये स्वभावविशेष प्राप्ति के पहिले पूर्णतया उत्पन्न होयंगे ऐसा कहते हैं—

नदीजल आसन्ने यथा तदनुरूपलिंगानि
जायंते तथा प्राप्त्यासन्नायामेते स्वभाव-
विशेषाः स्वत एव वर्द्धेरन् ॥२७६ ॥
एतान्यादाय चरमशरीरमिति
स्वेनैव निश्चेतुं शक्यम् ॥२७७ ॥

जलशून्यायां नद्यां जलागमनप्रारंभे तत्सूचकानि वालुका-र्द्रताप्रभृतिलिंगानि यथा तथा भगवत्प्राप्त्यासन्नायां तत्सूच-का एते ज्ञानादिस्वभावविशेषाः स्वत एव वर्द्धेरन्नित्यर्थः ।

एतेष्वेवं वर्द्धमानेषु प्राप्तिरासन्नेति ज्ञायते किमित्यत आह-एतान्यादायेत्यादि ।

यथासन्ने जले नद्यां शर्करार्द्रादि दृश्यते ।
प्राप्तौ सन्निकटे तद्वद्वर्द्धेरन् स्वत एव ते ॥२७६॥
एतल्लक्षणजातानि गृहीत्वा चरमं वपुः ।
इति स्वेनैव निश्चेतुं शक्यते नात्र संशयः ॥२७७॥

नदी में प्रवाह आनेवाला हो तो उस का चिन्ह
जैसे दीखता है तैसे प्राप्ति होने पर ये
स्वभावविशेष स्वयमेव उत्पन्न होयंगे ॥२७६॥

शुष्क नदी में प्रवाह आने के समय उस का सूचक चिह्न रेती गीला होना प्रभृति जैसे होता है तैसे भगवत्प्राप्ति समीप होने पर उस का सूचक ये ज्ञानादि स्वभाव स्वयमेव होते हैं।

ये होने पर थोडे ही काल में प्राप्ति होगी ऐसा जान सक्ते हैं क्या इस शंका में कहते हैं—

प्रतिकूला भवंति देहात्माभिमानिनः स्वतंत्रा अन्य-शेषभूता उपायांतरनिष्ठाः स्वप्रयोजनपराः ॥ २७८ ॥

एवमुपर्युपरि नवनवोन्मेषतया वर्द्धमानानि ज्ञानभक्तिवैराग्याण्यादायास्माकमितःपरमेकशरीरपरिग्रहो नास्तीदं चरमशरीरमिति स्वमनसैव निश्चेतुं शक्यते इत्यर्थः ।

एवं सहवासविषयतया दिनचर्यायामुक्तानामनुकूलानां लक्षणं तत्सहवासफलं चोक्त्वा तदनंतरं सहवासनिवृत्तिविषयतयोक्ताः प्रतिकूला एते इत्याह— प्रतिकूला भवंति इत्यादिना ।

प्रतिकूलाभवंतीति– ज्ञानादिनाशकत्वेन सहवासयोग्या न भवंतीति पूर्वोक्ताः प्रतिकूला इत्यर्थः । देहात्माभिमानिन

प्रतिकूला भवंत्येते वपुरात्माभिमानिनः ।
स्वतंत्रा अन्यशेषाश्च साधनांतरतत्पराः ।

इन को देख चरम शरीर करके आप निश्चय कर सक्ता है ॥ २७७ ॥

इस प्रकार ऊपर ऊपर नवनवोन्मेषरूप से उत्पन्न होनेवाले ज्ञान, भक्ति, वैराग्यों को देख इतः परं हम को एक शरीर परिग्रह न होगा यही चरम शरीर है ऐसा अपने मन में निश्चय कर सक्ता है ।

तथा च सहवास विषयतया दिनचर्या में कहा हुआ अनुकूलों के लक्षण और उन के सहवास फल को भी कह तदनंतर सहवास निवृत्ति विषयतया कहे हुए प्रतिकूलों को कहते हैं—प्रतिकूल इत्यादि ।

प्रतिकूल माने—देहात्माभिमानी, स्वतंत्र अन्य-
शेषभूत, उपायांतरनिष्ठ और स्वप्रयोजनपर हैं ॥ २७८ ॥

देहात्माभिमानी माने—दीखनेवाले देह से अन्य एक आत्मा है ऐसा न जान देह में अहं बुद्धि कर देह ही को आत्मा जाननेवाले ।

इत्यादि– देहात्माभिमानिनः दृश्यमानदेहातिरिक्त आत्मास्तीति ज्ञानाभावाद् देहेहंबुद्धिं कृत्वाऽयमेवात्मेत्यभिमानवंतः । स्वतंत्रा नाम–देहातिरिक्तात्मवस्तु जानतोऽपि तत्स्वशेषमिति स्मृत्वा कुत्रापि विषये शेषत्वानभ्युपगंतारः । अन्यशेषभूता नाम— शेषत्वांगीकारेप्यप्राप्तविषयेषु विनियोक्तारः । उपायांतरनिष्ठाः– प्राप्तशेषिविषयशेषत्वविशिष्टा अपि तत्प्राप्त्युपायस्तच्चरणारविंदशरणागतिरिति स्थितिमंतरा कर्माद्युपायमवलंब्य वर्तमानाः । स्वप्रयोजनपराः–प्राप्तशेषिचरणकमलावुपायत्वेनाध्यवस्य स्थिता अपि स्वकृताश्रयणमेवोपायत्वेन निश्चित्योपेयं कैंकर्यं स्वभोग्यत्वेन च निश्चित्य वर्तमानाः । एवं वर्तमानाः प्रणवे तृतीयाक्षरेणात्मवस्तुनो देहातिरिक्ततां, प्रथमाक्षरे चतुर्थ्या भगवच्छेषत्वं, मध्यमाक्षरेण तदनन्यार्हत्वं मध्यमपदेनानन्यशरणत्वं, चरमपदेनानन्यभोग्यत्वं च दृष्टवतामधिका-

---

स्वतंत्र माने—देहातिरिक्त आत्मवस्तु को जान कर भी उस आत्मा को स्वतंत्र जान किसी का शेष नहीं माननेवाले।

अन्यशेषभूत माने—शेषत्व को मान कर भी उसे अप्राप्त विषय में विनियोग करनेवाले ।

उपायांतरनिष्ठ माने—प्राप्तशेषी सर्वेश्वर के शेषभूत होनेपर भी उस की प्राप्ति का उपाय उस के चरणारविंद की शरणागति न समझ कर्मादि उपायों का आश्रयण करनेवाले ।

स्व प्रयोजनपर माने—प्राप्तशेषी के चरणारविंद को उपायतया स्वीकार करनेपर भी शरणागति को उपाय मान उपेयभूत कैंकर्य को अपना भोग्य माननेवाले इस प्रकार रहनेवाले प्रणव में तृतीयाक्षर से आत्मा की देहभिन्नता, प्रथमाक्षर में चतुर्थी से भगवत्शेषत्व, मध्यमाक्षर से अनन्यार्हत्व, मध्यम पद से अनन्य शरणत्व, चरमपद से अनन्यभोग्यत्व—इन सब को अनुष्ठानपर्यन्त जान कर

एतेषामुद्देश्या उपायोपेयाश्च भिन्नभिन्नाः ॥ २७९ ॥

रिणां प्रतिकूलाः खलु ।

एतत्प्रातिकूल्यमुपपादयितुमेतेषां विप्रतिपत्तिनिबंधनामुद्देश्यादिभेदानाह– एतेषामित्यादिना ।

उद्देश्या— आदरणीयाः । ते चात्र स्वाभिमतप्रदाः । उपायाः— स्वाभिमतपुरुषार्थसाधनानि । उपेयानि— स्वाभिमतपुरुषार्थाः । भिन्नभिन्ना इति— तत्तद्विप्रतिपत्त्यनुगुणं पृथक्पृथगित्यर्थः ।

अमुमर्थं क्रमेणोपपादयति– देहात्माभिमानिनामित्यादिना ।

देहमेवात्मत्वेनाभिमत्य स्थितानामुद्देश्या धारकपोषकभोग्यपदार्थान् दत्वा देहस्य सम्यग्वर्द्धका मनुष्याः । अभिमतसिद्धे-

---

स्वप्रयोजननिष्ठाश्च पंचैते भुवि मानवाः ॥२७८॥
उद्देश्योपायसाध्यानि सन्त्येतेषां पृथक्पृथक् ॥२७९॥

रहनेवाले अधिकारी को प्रतिकूल ही हैं ।

इस प्रातिकूल्य को उपपादन करने के लिये इन के विरुद्ध अभिप्राय के कारण उद्देश्यादि भेदों को कहते हैं इन को इत्यादि ।

इन का उद्देश्य, उपाय और उपेय भिन्न भिन्न हैं ॥ २७९॥

उद्देश्य – आदरणीय । वे स्वाभिमत को देनेवाले हैं । उपाय– अपने अभिमत पुरुषार्थ का साधन । उपेय— स्वाभिमत पुरुषार्थ । ये भिन्न भिन्न हैं माने– अपनी अपनी रुचि के अनुगुण भिन्न भिन्न हैं ।

उस को क्रम से विवरण करते हैं, देहात्माभिमानियों को इत्यादि ।

देहात्माभिमानियों का उद्देश्य देहवर्धक मनुष्य । उपाय– अर्थ । उपेय– ऐहिक भोग । स्वतंत्रों का उद्देश्य—स्वर्गादिभोग को देनेवाले । उपाय—

देहात्माभिमानिनामुद्देश्या देहवर्धका
मनुष्याः । उपायोऽर्थः । उपेयमैहिकभोगः ।
स्वतंत्राणामुद्देश्याः स्वर्गादिभोगप्रदाः ।
उपायः कर्मानुष्ठानम् । उपेयं स्वर्गादिभोगः ।

रुपायः सुवर्णादिधनम् । अभिमतमुपेयमिहलोके विद्यमान-स्त्र्यन्नपानादिविषयानुभवः ।

देहातिरिक्त आत्मास्ति स च ज्ञातृत्वकर्तृत्वभोक्तृत्वयुक्त इत्येतावन्मात्रं शास्त्रमुखेन ज्ञात्वा स्वात्मनः स्वतंत्रान्मत्वा वर्त-मानानामुद्देश्या अनुष्ठितस्य साधनस्यानुगुणं स्वर्गाद्यामुष्मिक-भोगप्रदा अग्नींद्रादिदेवताः । उपायो 'ज्योतिष्टोमेन स्वर्गकामो

उपेयमैहिको भोगोद्देश्या देहस्य वर्धकाः ।
उपायोऽर्थश्च विज्ञेयो वपुरात्माभिमानिनः ॥
स्वतन्त्राणामुपायस्तु कर्मानुष्ठानमुच्यते ।

कर्मानुष्ठान । उपेय– स्वर्गादिभोग । अन्यशेषभूतों का उद्देश्य— ब्रह्मरुद्रादि । उपाय– उन के आश्रयण । उपेय– उन का सायुज्य । उपायांतरनिष्टों का उद्देश्य— देवतांतर्यामी सर्वेश्वर । उपाय– कर्म, ज्ञान, भक्ति । उपेय—भगवदनुभव । स्वप्र-योजनपरों का उद्देश्य — अर्चावतार । उपाय — स्वगतस्वीकार । उपेय — स्वार्थ-कैंकर्य ॥ २८० ॥

देह ही को आत्मा समझनेवालों का उद्देश्य धारक पोषक भोग्य पदार्थों से देह को सम्यक् बढानेवाले । अभिमत सिद्धि का उपाय सुवर्णादि धन । अभि-मत उपेय — इह लोक का स्त्री अन्न पानादि विषयानुभव ।

देहातिरिक्त आत्मा है वह ज्ञातृत्व, कर्तृत्व, भोक्तृत्व विशिष्ट है ऐसा शास्त्र द्वारा जान अपने को स्वतंत्र माननेवालों का उद्देश्य—अनुष्ठितसाधनानुरूप स्वर्गादि-भोगों को देनेवाले इन्द्रादि देवता हैं । उपाय—'स्वर्गकामनावाले ज्योतिष्टोम याग

अन्यशेषभूतानामुद्देश्याः ब्रह्मरुद्रादयः । उपाय-स्तत्समाश्रयणम् । उपेयं तत्सायुज्यम् ।

यजेत' इत्यादिभिरुक्तफलाभिसंधिसहितयागादिकर्मानुष्ठानम् । उपेयमैहिकभोगाद्विलक्षणस्वर्गाद्यनुभवः ।

जगद्दैवाधीनमिति शास्त्रेषु श्रुतत्वात् शेषत्वमंगीकृत्यापि परदेवतापर्यंततत्वज्ञानाभावादापातप्रतीतेषु प्रसिद्धेष्वेकमवलंब्य वर्तमानानामन्यशेषभूतानामुद्देश्या जगत्सर्गादिकर्तृतया परत्वबुद्ध्यर्हा ब्रह्मरुद्रादयः । उपायो दुराराधनानां तेषां विषये क्रियमाणं दुष्करं समाश्रयणम् । उपेयं तैः समानभोग्यत्वरूपं सायुज्यम् ।

'सायुज्यमुभयोरत्र भोक्तव्यस्याविशिष्टता ।
सार्ष्टिता तत्र भोगस्य तारतम्यविहीनता ॥' इत्युक्तम् ।

स्वर्भोगादिरुपेयं चोद्देश्याः स्वर्गादिभोगदाः ॥
अन्यस्य शेषभूतानामुद्देश्या रुद्रकादयः ।
तत्प्रपत्तिरुपायस्तत्सायुज्यं साध्यमुच्यते ॥

करें ।' इत्यादि से कहे जानेवाले फलकामना सहित यागादि कर्मानुष्ठान । उपेय—ऐहिक भोग से विलक्षण स्वर्गादि अनुभव ।

जगत् दैव के अधीन है ऐसा शास्त्रों में सुनने से शेषत्व को मान कर भी उस को परदेवता पर्यंत न जानेसे आपातप्रतीति सिद्ध देवताओं में एक को आश्रयण कर रहनेवाले अन्यशेषभूतों का उद्देश्य जगत् सृष्टि संहार करने से अपने को पर समझनेवाले ब्रह्मरुद्रादि । उपाय—दुःख से आराधना करने योग्य उन के विषय में क्रियमाण आश्रयण । उपेय—उन के समान भोगरूप सायुज्य ।

'सायुज्य माने—दोनों का भोक्तव्य की समानता । सार्ष्टिता—भोग्य की समानता' ऐसा कहा है ।

आत्मस्वरूपं भगवदनन्यार्हशेषमिति वेदांतमुखेन निश्चि-त्यापि अभिमतलाभस्य तस्यैवोपायत्वेन स्वीकरणानभिज्ञत-योपायांतरनिष्ठानामुद्देश्योऽग्नींद्रादिदेवतानामंतर्यामीश्वरः। इदं कर्मयोगस्य स्वरसं, ज्ञानयोगभक्तियोगयोरसाधारणविग्रहविष-यत्वसत्वेपि कर्मानुष्ठानस्थलत्वेन जातत्वात् कर्माराध्य एव स्वासाधारणविग्रहाविशिष्टवेषमस्माकं प्रकाशितवानित्यध्यवसा-यस्य सत्वात् देवतांतर्याम्युद्देश्य इत्युच्यत इत्यंगीकर्तव्यम् । उपायांतराणि प्रत्येकं मोक्षसाधनतया शास्त्रसिद्धाः कर्मज्ञान-भक्तियोगाः । एतेषां प्रत्येकमुपायत्वे एकस्यान्यौ द्वावंगे भवतः ।

‘ज्ञानभक्त्यन्वितं कर्म जनकादिषु दृश्यते ।
कर्मभक्त्यन्वितं ज्ञानं प्रायेण भरतादिषु ।
कर्मज्ञानान्विता भक्तिः प्रह्लादप्रमुखाश्रया ॥’

इत्युक्तं हि ।

अथवा कर्मज्ञानभक्तय इत्यत्र वेदान्तमर्यादया कर्मज्ञाना-नुगृहीतभक्तिरेवोपायः, तदंगतया कर्मज्ञाने उपायाः इत्युपचा-

---

आत्मस्वरूप भगवदनन्यार्ह शेषभूत है ऐसा वेदांत द्वारा जान अभिमत लाभ के लिये ईश्वर को ही उपायतया स्वीकार न कर उपायांतरों को करनेवालों का उद्देश्य-- अग्नि इन्द्रादिदेवताओं का अंतर्यामि सर्वेश्वर । उपाय---अलग अलग मोक्ष साधनतया शास्त्र सिद्ध कर्म ज्ञान भक्ति योग इन में प्रत्येक उपाय होनेपर बाकी दोनों उस का अंग होते हैं ।

‘ज्ञान भक्ति सहित कर्मयोग जनकादियों में । कर्म भक्ति सहित ज्ञानयोग जड भरतादियों में । कर्मज्ञान सहित भक्तियोग प्रह्लादादियों में दीखता है ।’

यद्वा कर्म ज्ञान भक्ति---वेदांत रीति से कर्मज्ञान सहित भक्ति ही उपाय है बाकी दोनों अंग होने से गौणतया उपाय कहे जाते हैं ।

उपायांतरनिष्ठानामुद्देश्यो देवतांतर्यामीश्वरः।
उपायः कर्मज्ञानभक्तयः। उपेयं भगवदनुभवः।
स्वप्रयोजनपराणामुद्देश्योऽर्चावतार ईश्वरः। उपायः
स्वकृतमाश्रयणम्। उपेयं स्वार्थकैंकर्यम् ॥ २८० ॥

रेण वा योजनीयम्। उपेयं 'सोऽश्नुते सर्वान् कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चिता' इत्यादिश्रुतिभिः ।

'निरस्तातिशयाह्लादसुखभावैकलक्षणा ।
भेषजं भगवत्प्राप्तिरेकांतात्यंतिकी मता ॥'

इत्यादिश्रुत्युपबृंहणैश्चोक्तो निरतिशयानंदरूपो भगवदनुभवः । अस्मिन् श्लोके भगवत्प्राप्तिरित्ययं भगवदनुभव इति ह्यस्मदाचार्यैः स्वप्रबंधेषूक्तः ।

कर्माद्युपायेषु दुष्करत्वबुद्ध्या तांस्त्यक्त्वा सुकरत्वबुद्ध्या

अन्योपायस्य चोद्देश्यो देवांतर्यामिमाधवः ।
हरेरनुभवः साध्यं कर्मज्ञानादि साधनम् ।
उपेयं स्वार्थकैंकर्यमुपायो वरणं स्वतः ।
स्वप्रयोजननिष्ठानामर्चोद्देश्यो हरिः स्मृतः ॥ २८० ॥

उपेय – 'सर्वज्ञ ब्रह्म के साथ वह मुक्त पुरुष सब गुणों का अनुभव करता है' इति श्रुति, 'इस के ऊपर और कोई आह्लाद नहीं ऐसी एकांत भगवत्प्राप्ति संसार का औषध है' इति श्रुत्युपबृंहण से भी कहेजानेवाले अत्यानन्द भगवदनुभव ।

कर्मादि उपायों में दुष्करत्व बुद्धि से उन को छोड सुलभ समझ प्रपत्ति में

पूर्वोक्तास्त्रयो निग्रहस्य विषयाः,
अन्यौ द्वावनुगृहस्य विषयौ ॥ २८१ ॥

प्रपत्तिं कुर्वतां स्वप्रयोजनपराणामुद्देश्यो हृदयेनेत्यादिप्रकारेण आश्रिताः स्वहृदयेन यादृशं द्रव्यं स्वस्य विग्रहत्वेनाद्रियंते तदेव स्वस्य विग्रहत्वेनादृत्य तत्राप्राकृतविग्रहे क्रियमाणमादरं कुर्वन्नत्यंतसुलभतया स्थितोऽर्चावतारः सर्वेश्वरः। उपायोऽनिष्टनिवृत्तेरिष्टप्राप्तेश्च तमुपायत्वेनाध्यवस्य स्वकृतमाश्रयणम्। उपेयं स्वप्रीत्यर्थं क्रियमाणकैंकर्यम्।
एवमुद्देश्यादिभेदेन तेषां विद्यमानमन्योन्यविशेषं प्रदर्शितवान्, एतेषु भगवद्विषयेण सह संबंधं विना स्थितानां त्रयाणां भगवद्विषयमवलंब्य स्थितयोर्द्वयोश्च विशेषं दर्शयति — पूर्वोक्तास्त्रय इत्यादिना।

पश्चानां च त्रयः पूर्वे विषया निग्रहस्य हि।
चरमौ द्वावनुग्राह्यविषयौ परमात्मनः ॥ २८१ ॥

निष्ठावाले स्वप्रयोजनपरों का उद्देश्य— आश्रित लोग जिस द्रव्य से ईश्वर की अर्चा बनाते हैं उस ही अर्चाविग्रह में अत्यादर पूर्वक सन्निधि करते हुए अत्यंत सुलभ अर्चावतार हैं। उपाय—अनिष्टनिवृत्ति और इष्ट प्राप्ति के लिये उस ही को उपायतया आश्रयणरूप स्वगत स्वीकार। उपेय — स्वमुखोल्लासार्थ क्रियमाण कैंकर्य।

तथा च उद्देश्यादिभेद से उन में विद्यमान भेद को कहा अब इन में भगवत्संबंध रहित तीन और भगवत्संबंध सहित दो इन का भेद कहते हैं। पहिले कहे हुए तीनों इत्यादि।

पहिले कहे हुए तीनों निग्रह के विषय
हैं अवशिष्ट दोनों अनुग्रह के विषय हैं॥ २८१॥

त्रयाणामपि कर्मानुभवविनाश्यं, चतुर्थाधिकारिणः प्रायश्चित्तविनाश्यं, पञ्चमाधिकारिणः पुरुषकारविनाश्यम् ॥ २८२ ॥

देहात्माभिमानिनः स्वातंत्र्यमन्यशेषत्वमित्येतदुपरि कस्यचिदपि ज्ञानाभावात् भगवदन्वयरहितास्त्रयः क्षिपामीति भगवन्निग्रहस्य विषयाः । प्रकृतेः परं भगवदनन्यार्हशेषं स्वरूपं ज्ञात्वा भगवदनुभवकैंकर्ययोः पुरुषार्थत्वेन स्वीकृतत्वादनन्यप्रयोजनौ कर्मज्ञानाद्युपायांतरेषु प्रपदने च निष्ठावुभावपि ददामि मोक्षयिष्यामीति भगवदनुग्रहस्य विषयावित्यर्थः ।

एतेषां कर्मविनाशहेतुभेदप्रयुक्तविशेषान् प्रदर्शयति — त्रयाणामपीत्यादिना ।

कर्मानुभवनाश्यं तत् त्रयाणामपि कीर्तितम् ।
प्रायश्चित्तविनाश्यं स्यात् तुर्यस्य चाधिकारिणः॥ २८२ ॥

देहात्माभिमानी स्वतंत्र अन्यशेष ये तीनों भगवत्संबंध रहित होने से क्षिपामि इत्युक्त भगवन्निग्रह के विषय हैं । प्रकृति से भिन्न भगवदनन्यार्ह शेषभूत आत्मस्वरूप को जान भगवदनुभव कैंकर्य को पुरुषार्थ समझने से अनन्यप्रयोजन हो कर्मज्ञानादि उपायांतर और प्रपत्ति में निष्ठावाले ये दोनों ददामि मोक्षयिष्यामि इत्युक्त भगवदनुग्रह के विषय हैं ।

इन के कर्मनाश के हेतु भिन्न होने से होनेवाले तारतम्य को दिखाते हैं तीनों का इत्यादि ।

तीनों का कर्म अनुभव से नष्ट होता है चौथे
अधिकारी का कर्म प्रायश्चित से नष्ट होता है
पांचवें का कर्म पुरुषकार से नष्ट होता है॥ २८२॥

निग्रहस्य विषयाणां त्रयाणामप्यनादिकालार्जितं सद्-सत्कर्म—

'अवश्यमनुभोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम् ।
नाभुक्तं क्षीयते कर्म कल्पकोटिशतैरपि ॥'

इत्युक्तप्रकारेणावश्यं तत्फलानुभवं विना विनाशाभावात् अनुभवविनाश्यमिति वदति, अनुग्रहस्य विषयतयोक्तयोरुभयोर्मध्ये उपायांतरनिष्ठस्य चतुर्थाधिकारिणः कर्म ज्ञानभक्तिरूपोपायांतरेष्वेकमनुष्ठितं चेत्तत्प्रायश्चित्तस्थानीयं कृत्वेश्वरेण सर्वकर्मणां निवर्तनात् कर्म प्रायश्चित्तविनाश्यमिति वदति । प्रपदनानिष्ठस्य पञ्चमाधिकारिणः आश्रयणवेलायामनादिकालकृतापराधभीतेन तान् सर्वानीश्वरं क्षमापयितुं लक्ष्मीं पुरुषकारत्वेन पुरस्कृत्याश्रयणस्य कृतत्वात्तन्निमित्तमस्यापराधान् सर्वान् क्षमित्वांगीकृत्यास्याखिलकर्मणामपि दूरीकरणात् पुरुषकारविनाश्यमिति वदति ।

एवं पुरुषकारसापेक्ष इत्युक्तावुपायस्य निरपेक्षताहानिप्रसंग

निग्रहविषयभूत तीनों का अनादि कालार्जित सत् और असत्कर्म 'किया हुआ सत् और असत् कर्म अवश्य ही भोगा जाता है करोडों कल्पों से भी भोगे विना नष्ट नहीं होता है' इस वचनानुसार भोगने से नष्ट होता है ऐसा कहे हैं । अनुग्रहविषयभूत उपायांतरनिष्ठ चतुर्थ अधिकारी का कर्म ज्ञान भक्तियों में किसी एक का अनुष्ठानरूप प्रायश्चित्त से नष्ट होने से प्रायश्चित्त से नष्ट होता है कहे हैं । प्रपत्तिनिष्ठ पंचम अधिकारी का आश्रयण के समय में अनादिकाल कृत अपराध से भीत हो उन को क्षमा कराने के लिये लक्ष्मी को पुरुषकार कर आश्रयण करनेसे उन के लिये चेतन के सब अपराध को क्षमा कर सब कर्मों को नाश करने से पुरुषकार से नष्ट होता है कहे हैं ।

एवं पुरुषकार की अपेक्षा करने से उपाय की निरपेक्षता का भंग न होगा

उपायः स्वीकारे पुरुषसापेक्षः पुरुष-
कारसापेक्षश्च भवेत्, कार्यकाल उभ-
यनिरपेक्षश्च भवेत् ॥ २८३ ॥

इति शंकायामाह– उपाय इत्यादिना।

सहायांतरसंसर्गासहासिद्धोपायः शरणवरणस्वीकारकाले स्वीकर्तारं पुरुषं स्वीकारायितृपुरुषकारं चापेक्षते। स्वीकृतेन स्वेनास्यानिष्टनिवृत्तीष्टप्राप्तिकरणकार्यकाले पुरुषपुरुषकाररूपोभयापेक्षां विना स्वयमेव करोतीत्यर्थः। कार्यकाले सहकारिसापेक्षत्वे सति ह्युपायनैरपेक्ष्यस्य हानिः स्यादिति भावः।

स्वीकारसमये स्याद्य सापेक्षः पुरुषेण वै ।
घटकेन च सापेक्ष उपायः परपावनः ।
कार्यकाले च द्वाभ्यां स्यादुपायो निरपेक्षकः ॥ २८३

क्या इस शंका में कहते हैं उपाय इत्यादि ।

उपाय स्वीकार काल में चेतन और पुरुष-
कार की अपेक्षा करता है कार्य करने के
समय उभय निरपेक्ष होता है ॥ २८३ ॥

सहायांतर संबंध को न सहनेवाला सिद्धोपाय शरणागति को स्वीकार करने के समय स्वीकर्ता चेतन स्वीकार करानेवाला पुरुषकार इन दोनों की अपेक्षा करता है। स्वीकार किये जानेपर ईश्वर अनिष्ट निवृत्तिपूर्वक इष्ट प्राप्ति करने के समय चेतन और पुरुषकार इन दोनों की अपेक्षा न कर स्वयमेव कर्ता है। कार्य काल में सहकारी की अपेक्षा होनेपर ही उपाय की निरपेक्षता का भंग होगा।

स्वप्रयोजनपराः सर्वे प्रतिकूला
इति कथमुच्यंत इति चेत् ॥ २८४ ॥

स्वप्रयोजनपरा प्रतिकूला इति विशेषेणोक्तं हि । एतादृशस्व-प्रयोजनपरताया अनुकूलाग्रेसरेषु दिव्यसूरिष्वपि दर्शनात्तन्निबंधनप्रातिकूल्यस्य तेषु परिहारः कर्तव्य इति विचार्य तद्विषयशंकामनुवदति–स्वप्रयोजनपरा इत्यादिना

'अस्माकमेवानंदश्चेत्,अहं दृष्ट्वा प्रीतो नर्तितुं पृथिव्यां संचरेत्' 'दृष्ट्वा हं त्वां प्रीतो भवितुं'इत्यादिवचनैर्मंडलग्रहणप्रभृतिप्रवृत्तिभिश्च दिव्यसूरीणामप्येतादृशप्रयोजनं भासते खलु, एवं च सति स्वप्रयोजनपराः सर्वे प्रतिकूला इत्युक्तौ दिव्य-सूरीणामपि तथात्वापत्तिरिति शंकाभिप्रायः । तां परिहरति–

स्वार्थनिष्ठा विपक्षास्त उच्यंते कथमत्र चेत् ॥ २८४ ॥

स्वप्रयोजनपरों को प्रतिकूल कहे हैं यह स्व प्रयोजनपरता अनुकूलाग्रेसर सूरियों में दीखने से उन में प्रातिकूल्य बुद्धि को परिहार करने के लिये विचार तद्विषयशंका का अनुवाद करते हैं स्वप्रयोजनपर इत्यादि ।

स्वप्रयोजनपर सब को प्रतिकूल समझ सक्ते हैं क्या ॥ २८४ ॥

'हम को अच्छा होगा इस लिये' 'हम देख संतुष्ट हो जैसे नाचें तैसा पृथिवी पर संचार करो' आप को देख संतुष्ट होनेके लिये' इन वचनों से और मण्डल ग्रहण प्रभृतियों से सूरियों में भी यह स्वप्रयोजनपरता दीखती है, एवं सति स्वप्रयोजनपर सब को प्रतिकूल कहनेपर सूरियों को भी ऐसा न समझना पडैगा क्या ? ऐसी शंका का अभिप्राय है ।

अत्र स्वप्रयोजनमित्याश्रय-
दोषजन्यमुच्यते ॥२८५॥
अतो न दोषः ॥ २८६ ॥

अत्रेत्यादिना ।

प्रतिकूलकथनसमयेत्र स्वप्रयोजनमित्युच्यतेऽनुभवकैंकर्य योराश्रयभूतस्य चेतनस्याविद्यादिदोषप्रयुक्तस्वप्रयोजनमित्यर्थः । इदमाश्रयदोषजन्यमित्युक्तत्वाद् दिव्यसूराणां विषयदोषजन्य-मिति भावः । अमुमर्थं विषयदोषप्रयुक्तमित्यादिवाक्ये व्यक्तं वदति ।

अमुमर्थं निगमयति—अत इत्यादिना ।

स्वाश्रयदोषजन्यं वै स्वप्रयोजनमुच्यते ॥ २८५ ॥
अत्रातो न भवेद्दोषस्तथा कथनकारणात् ॥ २८६ ॥

उस को परिहार करते हैं यहां इत्यादि ।

यहां स्वप्रयोजन कहते हैं आश्रयदोष से होनेवाले दोष को ॥ २८५॥

प्रतिकूलतया कहने के इस स्थल में स्वप्रयोजन माने—अनुभवकैंकर्य का आश्रयभूत चेतन का अविद्यादिदोष से होनेवाला स्वप्रयोजन । इस को 'आश्रय-दोष से होनेवाला' ऐसा अलग करने से सूरियों का स्वप्रयोजन विषयदोष से होनेवाला ऐसा अभिप्राय है । इस अर्थ को 'विषयदोष से होनेवाले' इस वाक्य से स्पष्ट कहेंगे ।

इस अर्थ को समाप्त करते हैं इसलिये इत्यादि ।

इस लिये दोष नहीं ॥ २८६ ।

विषयदोषप्रयुक्तानि सर्वाणि दुस्त्यजं खलु ॥२८७॥

प्रातिकूल्यहेतुत्वेनोक्तं स्वप्रयोजनमाश्रयदोषजन्यं, दिव्यसूरिषु स्वप्रयोजनं विषयदोषजन्यं,अतस्तादृशप्रातिकूल्यमेतेष्वपि स्यादिति दोषो नास्तीत्यर्थः । अथवा स्वप्रयोजनपराः सामान्येन प्रतिकूला इत्युच्यंते चेदनुकूलेषु दिव्यसूरिष्वेतादृशस्वप्रयोजनपरतादर्शनेन तेषामपि प्रातिकूल्यप्रसंगात् स्वप्रयोजनपरा प्रतिकूला इत्युक्तिर्दोषः खल्विति विचार्य क्रियमाणां शंकामनुवदति– स्वप्रयोजनपराः सर्व इत्यादिना तां परिहरति अत्रेत्यादिना । अर्थः पूर्ववत् ।

निगमयति--अत इत्यादिना । अत इत्यस्यार्थः पूर्ववत् । न दोष इति स्वप्रयोजनपराः प्रतिकूला इत्युक्तौ न दोष इत्यर्थ इति योजना ।

एवमाश्रयदोषेण विना विषयदोषजन्यमपि स्वरूपविरुद्धं चेत्त्याज्यं खल्वित्यत आह—विषयदोषेत्यादि ।

दुस्त्यजानि च सर्वाणि विषयागःकृतानि वै ।
मूकैश्च बधिराणां च वार्तान्यत्कथामिच्छति ॥ २८७ ॥

प्रातिकूल्यहेतुतया कहा हुआ स्वप्रयोजन आश्रयदोषजन्य, सूरियों का स्वप्रयोजन विषयदोषजन्य होने से वह प्रातिकूल्य इन में होगा ऐसी शंका का अवकाश नहीं है ।

इस प्रकार आश्रयदोषजन्य न हो विषयदोषजन्य होने से भी स्वरूपविरुद्ध त्याज्य नहीं है क्या ? इस शंका में कहते हैं विषयदोष से इत्यादि ।

विषयदोष से होनेवाले सब दुस्त्यज हैं ॥ २८७ ॥

मूकैर्बधिराणां वार्ता 'कथमन्यदिच्छति' ॥ २८८॥

